



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 307 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ अमावस्या 2079 शनिवार, 21 जनवरी 2023

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये






# आईओए भंग कर सकता है फेडरेशन

## > 200 पहलवानों ने नेशनल चैंपियनशिप का बायकॉट किया



नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। डब्ल्यूएफआई और पहलवानों के बीच जारी विवाद का असर यूपी के गोंडा में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप पर पड़ा है। चैंपियनशिप में हिस्सा लेने गए दिल्ली, हरियाणा और पंजाब के कई खिलाड़ी लौट रहे हैं। दिल्ली के रेसलर प्रदीप मीणा भी लौटने वालों में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 200 से ज्यादा रेसलर लौट चुके हैं। इन लोगों ने चैंपियनशिप में खेलने से इनकार कर दिया है।

करीब 15 साल से रेसलिंग कर रहे प्रदीप के मुताबिक, अब गोंडा में ज्यादा पहलवान नहीं है। हम लोग दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे रेसलर्स के साथ हैं। वहां पहुंचते ही जंतर-मंतर जाएंगे। प्रदीप ने आरोप लगाया, हमें अपने पैसों से आने-जाने की टिकट करानी पड़ती है। रुकने का इंतजाम भी अच्छा नहीं होता। कॉलेज के कमरों में रुकवा देते हैं। यहां पतले-पतले गद्दे होते हैं। हमें खाने को भी कुछ नहीं मिला। सुबह भी अपने पैसों से खाना खाया। यौन शोषण के आरोपों में घिरे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने शुक्रवार को इस्तीफा देने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, मैं मुंह खोल दूंगा तो सुनामी आ जाएगी। मेरे समर्थन में भी कई खिलाड़ी हैं। सूत्रों की माने तो खेल मंत्रालय डब्ल्यूएफआई पर डायरेक्ट एक्शन नहीं ले सकता है, लेकिन इंडियन ओलिंपिक संघ फेडरेशन को भंग कर सकता है। ऐसे में अगर बृजभूषण नहीं माने तो आईओए कार्रवाई कर सकता है। पहलवानों ने आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा को शिकायती पत्र भेजा है। इंडियन ओलिंपिक संघ (आईओए) को लिखे लेटर में पहलवानों ने अपना पूरा दर्द बयान किया। पहलवानों ने आरोप लगाया, जब टोक्यो ओलिंपिक में विनेश फोगाट मेडल से चूक गई थीं, तब कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने उन्हें मानसिक तौर पर इतना परेशान किया कि विनेश ने सुसाइड का मन बना लिया था। पहलवानों ने पीटी ऊषा को पत्र भेजा है, जिसमें विनेश की बात पीले रंग के बैक ग्राउंड में है।

**हमें सुना तो गया, लेकिन संतुष्ट जवाब नहीं मिला :**

विनेश ने धरना स्थल पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन जारी रहेगा। हम यहीं (जंतर-मंतर पर) मेट लगाकर अपनी प्रैक्टिस जारी रख सकते हैं। हमने अपने ईश्यू खेल मंत्री के सामने रखे थे। कुछ मुद्दे ऐसे थे जिन पर हम असंतुष्ट थे। उन्होंने हमें फिर बुलाया है। हमारे साथ 5 से 6 लडकियां हैं, जिनके साथ शोषण हुआ है। हमने जो इल्जाम लगाए हैं, वे सच हैं। हम झूठ नहीं बोल रहे हैं।

अगर सुनवाई नहीं हुई तो हम केस करके आगे बढ़ेंगे। हमें अब तक सुना गया है, लेकिन संतुष्ट जवाब नहीं मिला है। धरने के तीसरे दिन विनेश फोगाट ने जंतर-मंतर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

विनेश ने कहा, हम आत्मसम्मान की रक्षा के लिए यहां आए हैं। ये कुश्ती का दुर्भाग्य होगा की लड़कियों के साथ इतना शोषण हुआ है। फेडरेशन में उन्हीं (बृजभूषण) के लोग भरे पड़े हैं। हमें देश के पीएम पर भरोसा है। मैं पीएम सर से रिक्वेस्ट कर रही हूं की आप हमारे साथ न्याय करें।

### इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता : बृजभूषण



नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। यौन शोषण के आरोपों में घिरे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने शुक्रवार को इस्तीफा देने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, मैं मुंह खोल दूंगा तो सुनामी आ जाएगी। मेरे समर्थन में भी कई खिलाड़ी हैं।

3 दिन से बृजभूषण शरण के इस्तीफे की मांग कर रहे महिला और पुरुष पहलवानों ने भारतीय ओलिंपिक संघ में यौन शोषण की शिकायत की है। खेल मंत्रालय ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी इन पहलवानों से बातचीत की है। गुरुवार को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर की पहलवानों के साथ 4 घंटे बैठक चली थी। अनुराग ठाकुर अभी बृजभूषण के जवाब का इंतजार कर रहे हैं। जंतर-मंतर पर चल रहे पहलवानों के धरने में हरियाणा की खाप पंचायतें भी पहुंच सकती हैं। गुरुवार को फोगाट खाप के बुलावे पर सर्वजातीय सर्व खाप पंचायत हुई। इसमें तय किया गया कि अगर पहलवानों की मांगे न मानी गईं तो दो दिन में खाप पंचायतें धरने में शामिल होंगी। इससे पहले गुरुवार को खेल मंत्रालय ने पीड़ित खिलाड़ियों को बुलाकर करीब एक घंटे तक बातचीत की थी। बातचीत से पहलवान संतुष्ट नहीं हुए। उनकी मांग पहले डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष को हटाने की थी, अब वे कुश्ती संघ को भंग कराना चाहते हैं।

# पीएम ने 71 हजार बेरोजगारों को अपॉइंटमेंट लेटर दिया

## > कहा नए साल की शुरूआत उज्जवल भविष्य की उम्मीदों के साथ, अभी लाखों को मिलेगा लाभ



नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार सुबह 10.30 बजे देश के 71 हजार युवाओं को रोजगार मेले के तहत जॉब अपॉइंटमेंट लेटर बांटे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हो रहे इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने लाभार्थियों से बात की। पीएम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ये 2023 का पहला रोजगार मेला है। नए साल की शुरूआत उज्जवल भविष्य की नई उम्मीदों के साथ हुई है।

जिन युवाओं को रोजगार मेले से नौकरी मिली है, उन्हें और उनके परिवार को बधाई देता हूं। आने वाले दिनों में लाखों और परिवारों को सरकारी नौकरी में नियुक्ति मिलने वाली है। बता दें कि पिछले साल दो रोजगार मेलों में पीएम 1 लाख 47 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दे चुके हैं।

**पीएम के संबोधन की 5 बड़ी बातें...**

पीएम ने कहा कि रोजगार मेले हमारी सरकार की पहचान बन गए हैं। यह दिखाता है कि हमारी सरकार जो संकल्प लेती है उसे साबित करके दिखाती है।

हमारी सरकार पारदर्शी तरीके से भर्ती और पदोन्नति करा रही है, जिस पर युवाओं को भरोसा है। ये पारदर्शिता युवाओं को बेहतर तैयारी के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करती है। बिजनेस की दुनिया में कहा जाता है कि कंज्यूमर इज ऑलवेज राइट। ठीक वैसे ही शासल व्यवस्था में हमारा मंत्र होना चाहिए सिटिजन इज ऑलवेज राइट।

आज की पीढ़ी को तकनीक के जरिए सेल्फ लर्निंग का अवसर मिला है, इसे जाने मत देना। जीवन में लगातार सीखते रहने की ललक ही हम सब को आगे बढ़ाती है।

आज भारत के छोटे-छोटे शहरों में लोग जिस तरह स्टार्टअप शुरू कर रहे हैं, वह नई पीढ़ी के लिए आकर्षण और आत्मविश्वास का केंद्र बना है। स्टार्टअप की सफलता ने दुनिया भर में युवा शक्ति के सामर्थ्य की नई पहचान बनाई है।

पीएमओ की ओर से एक बयान जारी कर इस रोजगार मेले के बारे में जानकारी दी गई है। पीएमओ ने बताया कि युवाओं को रोजगार देने की दिशा में यह रोजगार मेला काफी अहम है। इससे युवा सशक्त होंगे और वे देश के विकास में भागीदार बनेंगे।

पीएम मोदी ने अक्टूबर 2022 में रोजगार मेला अभियान की शुरूआत की थी। जिसके तहत 10 लाख नौकरियां देने की घोषणा की गई थी। इसके तहत देशभर के तमाम विभागों में खाली पड़े पदों पर युवाओं की भर्ती की जा रही है। पिछले साल केंद्र सरकार ने दो रोजगार मेलों का आयोजन किया था, इनमें 1 लाख 47 हजार युवाओं को जॉब अपॉइंटमेंट लेटर दिए जा चुके हैं।

## > एलजी कौन बयान पर विनय सक्सेना बोले

# जवाब की जरूरत नहीं : ये निचले स्तर का बयान

### केजरीवाल का हेडमास्टर नहीं, मैं लोगों की ईमानदार आवाज हूं



नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा में सीएम केजरीवाल के 'एलजी कौन होते हैं' बयान पर विनय सक्सेना का कहना है कि इस पर जवाब की जरूरत नहीं है। एलजी ने केजरीवाल को चिट्ठी लिखी है। इसमें उन्होंने कहा, मैं आपका हेडमास्टर नहीं हूं। मैं लोगों की ईमानदार आवाज हूं।

चार पन्नों के लेटर में सक्सेना ने विधानसभा से एलजी दफ्तर तक विधायकों और मंत्रियों के मार्च, टीचर्स को फिनलैंड भेजने, दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों, क्वालिटी एजुकेशन का जिक्र किया है। उन्होंने सीएम के बयान कि उपराज्यपाल मिलना नहीं चाहते हैं के जवाब में कहा कि ये बात गलत है। सीएम केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री को मिलने के लिए समय दिया गया था, वो आते तो हम खाना भी खिलाते, लेकिन उनकी मांग थी कि मैं सभी विधायकों के साथ उनसे मुलाकात करूं, इतने कम समय में यह संभव नहीं था।

**एलजी के लेटर की मुख्य बातें..**

2013-14 में सरकारी स्कूलों में नामांकन 16.1 लाख था, जो 2019-20 में 15 लाख पहुंच गया। हालांकि, इस दौरान शहर की जनसंख्या बढ़ी है और एनरोलमेंट भी बढ़ना चाहिए था।

नेशनल अचीवमेंट सर्वे के मुताबिक, सरकारी स्कूलों में कक्षा 8 तक के 30 प्रतिशत छात्रों का प्रदर्शन बेसिक लेवल से नीचे है। कक्षा 10 के 33 प्रतिशत छात्रों का प्रदर्शन बेसिक लेवल से नीचे है।

बच्चों में गणित और साइंस को लेकर फोबिया है। इस वजह से 12वीं क्लास में 2,31,448 में से सिर्फ 21,340 बच्चों ने साइंस स्ट्रीम को चुना है। दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों में जाने वाले बच्चों की संख्या बढ़ी है। 2013-14 में ये संख्या 35 प्रतिशत थी, जो 2019-20 में 43 प्रतिशत हो गई। कोरोना के दौरान भारी संख्या में बच्चे प्राइवेट से सरकारी स्कूलों में माइग्रेट हुए, इसके बावजूद इनकी संख्या 40 प्रतिशत है।

हाल के दिनों में भी, ट्रेनिंग के लिए सरकारी स्कूल के 55 प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल को 10 दिनों के लिए कैम्ब्रिज में भेजने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

**एलजी बोले, मैं आपका हेडमास्टर नहीं हूं :**

एलजी ने कहा, मैं आपका हेडमास्टर नहीं हूं। मैं पिछले 7-8 साल से दिल्ली में ही रह रहा हूं और मुझे भी राजधानी की फिक्र है। मैं लोगों की ईमानदार आवाज हूं। दिल्ली गंभीर समस्याओं में घिरी है और आप प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके अलावा एलजी ने केजरीवाल को शिक्षा के मुद्दे पर भी घेरा। उन्होंने सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों के गिरते प्रतिशत का जिक्र भी किया।

# डीजीसीए ने एयर इंडिया पर लगाया 30 लाख का जुर्माना

### नियमों के उल्लंघन को लेकर कार्रवाई की

नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। 26 नवंबर 2022 को एयर इंडिया (एआई) के यात्री द्वारा महिला से बदसलूकी मामले में डीजीसीए ने एयरलाइन पर जुर्माना लगाया है। डीसीसीए ने नियमों के उल्लंघन के लिए एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उड़ान के पायलट-इन-कमांड के लाइसेंस को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में विफल रहने के लिए तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही एआई की निदेशक-इन-फ्लाइट सेवाओं पर तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

दरअसल, 26 नवंबर 2022 को न्यूयार्क से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान में यात्री शंकर मिश्रा ने एक बुजुर्ग महिला पर पेशाब कर दिया था।

इसके बाद शख्स के खिलाफ दिल्ली पुलिस के कहने पर आव्रजन ब्यूरो ने लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया था। इसके अलावा आरोपी के बारे में जानकारी लेने के सिलसिले में दिल्ली पुलिस की एक टीम आरोपी एस मिश्रा के एक रिश्तेदार से मिलने मुंबई पहुंची थी और पूछताछ भी की थी। इससे पहले एयर इंडिया ने अपने स्तर पर कार्रवाई करते हुए आरोपी पर 30 दिन की यात्रा पाबंदी लगा दी थी। आरोपी को छह जनवरी को दिल्ली पुलिस ने बेंगलुरू से गिरफ्तार किया था।

**आरोपी को चार महीने के लिए किया गया प्रतिबंधित :**

इससे पहले आरोपी यात्री शंकर मिश्रा पर चार महीने का प्रतिबंध लगा दिया गया था। एयर इंडिया के प्रवक्ता के मुताबिक, पूर्व जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय आंतरिक समिति ने इस मामले में जांच की और शंकर मिश्रा को बुरे व्यवहार वाला यात्री पाया। जांच के बाद नागरिक उड्डयन के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार शंकर मिश्रा पर चार महीने के लिए उड़ान भरने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# वीडियोकॉन ग्रुप के फाउंडर वेणुगोपाल धूत को बेल

## > सीबीआई ने 26 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था, बैंक फ्रॉड का आरोप



मुंबई, 20 जनवरी (एजेंसियां)। बॉम्बे हाईकोर्ट ने वीडियोकॉन ग्रुप के फाउंडर वेणुगोपाल धूत को अंतरिम जमानत दे दी है। अंतरिम आदेश जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस पृथ्वीराज चव्हाण ने पारित किया।

धूत ने उनकी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। धूत को आईसीआईसीआई बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में सीबीआई ने 26 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था।

अपनी याचिका में धूत ने संविधान के अनुच्छेद 226 और 227 के तहत स्पेशल सीबीआई कोर्ट के 26, 28 और 29 दिसंबर, 2022 के रिमांड आदेशों को रद्द करने की मांग की थी। इसके साथ ही उन्होंने गिरफ्तारी को कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर, 1973 के सेक्शन 41 और 41ए का उल्लंघन बताया था।

इसी बेंच ने 9 जनवरी को पूर्व-आईसीआईसीआई बैंक की एमडी चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को अंतरिम जमानत दी थी।

### नियमों को ताक पर रखकर लोन दिया

आरोप है कि जब चंदा कोचर ने देश के बड़े प्राइवेट बैंकों में से एक आईसीआईसीआई बैंक की कमान संभाली तो वीडियोकॉन की विभिन्न कंपनियों के नियमों को ताक पर रखकर कुछ लोन मंजूर किए। 2012 में वीडियोकॉन ग्रुप की कंपनियों के 6 अकाउंट के मौजूदा बकाया को डोमेस्टिक डेट रिफाइनेंसिंग के तहत स्वीकृत 1,730 करोड़ रुपये के लोन में एडजस्ट किया था। सीबीआई ने ये भी बताया था कि 2012 में दिए गए 3,250 करोड़ के लोन में से 2,810 करोड़ रुपये (लगभग 86 प्रतिशत) नहीं चुकाए गए। वीडियोकॉन और उसकी ग्रुप कंपनियों के अकाउंट को जून 2017 में एनपीए घोषित कर दिया गया था। एनपीए घोषित होने से बैंक को घाटा हुआ।

# टीएमसी नेता बोले : नेताजी को आरएसएस कभी पसंद नहीं थी

### > भाजपा नेता बंगाल आते हैं और केवल दिखावा करते हैं




कोलकाता, 20 जनवरी (एजेंसियां)। आरएसएस चीफ मोहन भागवत बंगाल में पांच दिन के दौरे पर हैं। इस दौरान वह कोलकाता में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाएंगे। ये कार्यक्रम शहीद मीनार मैदान में होगा, जहां वह स्वयंसेवकों को भी संबोधित करेंगे। अब आरएसएस चीफ के जयंती मनाने पर विवाद खड़े हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शुक्रवार को टीएमसी नेता जयप्रकाश मजूमदार ने भी इस पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि नेताजी ने आरएसएस को कभी पसंद नहीं किया और यहां तक कि आरएसएस ने भी नेताजी को पसंद नहीं किया।

भाजपा नेता बंगाल आते हैं और नेताजी के बारे में केवल दिखावा करते हैं। टीएमसी नेता ने कहा कि भाजपा सेक्युलर पार्टी नहीं है, यह एक उग्रवादी धार्मिक पार्टी है। बंगाल अब न तो भाजपा के साथ है और न ही आरएसएस के साथ। 2024 के चुनाव में बंगाल का नतीजा तय करेगा कि नरेंद्र मोदी पीएम बनेंगे या नहीं। नेताजी की बेटी अनीता बोस फाफ ने भी आरएसएस के कार्यक्रम का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि नेताजी आरएसएस की विचारधारा के आलोचक थे। उनके पिता एक ऐसे व्यक्ति थे, जो हिंदू थे लेकिन सभी धर्मों का सम्मान करते थे। उनका मानना था कि हर कोई एक साथ रह सकता है। मुझे नहीं लगता कि आरएसएस इसमें भरोसा करता है। अनीता बोस ने कहा कि अगर आरएसएस ने नेताजी की विचारधारा को अपना लिया तो यह भारत के लिए अच्छा होगा। नेताजी धर्मनिरपेक्षता पर भरोसा करते थे। लेकिन मुझे विश्वास नहीं है कि आरएसएस उस पर कायम है।

### राहुल ने थोड़ी देर रेनकोट पहना

कठुआ, 20 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहली बार भारत जोड़ो यात्रा के दौरान रेनकोट पहने नजर आए। दरअसल जब यात्रा शुक्रवार सुबह अंतिम पड़ाव जम्मू-कश्मीर के कठुआ पहुंची, तब वहां बारिश हो रही थी। कुछ घंटे बाद जब बारिश बंद हो गई तो उन्होंने रेनकोट उतार दिया। राहुल के भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ठंड में टी-शर्ट पहनने पर काफी चर्चा हुई। भाजपा नेताओं ने शोध तक कराने की बात कही थी। लेकिन राहुल टी-शर्ट में ही नजर आए।

जम्मू-कश्मीर में दाखिल होने से पहले गुरुवार शाम राहुल ने पठानकोट बॉर्डर पर कहा, मैं जानता हूं कि यहां के लोग पीड़ा में हैं, मैं समझता हूं कि हर कोई आहत है। हर इंसान परेशान है। मैं आपका दर्द बांटने आया हूं। इस दौरान राहुल के साथ बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

# गे वकील को हाईकोर्ट जज बनाने पर अड़ा सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम

## > केंद्र ने जताई थी आपत्ति, दूसरे नाम पर विचार करने के लिए कहा था

नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने एक बार फिर समलैंगिंग वकील सौरभ कृपाल को दिल्ली हाईकोर्ट का जज बनाए जाने का समर्थन किया है। कॉलेजियम ने कहा कि जज के रूप में कृपाल की नियुक्ति का प्रस्ताव पांच साल से अधिक समय से लंबित है। अब इस प्रोसेस को जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए।

**केंद्र ने समलैंगिंग वकील की नियुक्ति पर आपत्ति जताई थी :**

सुप्रीम कोर्ट ने 11 नवंबर 2021 को कॉलेजियम ने कृपाल की नियुक्ति की सिफारिश की थी। केंद्र ने कृपाल को दिल्ली हाईकोर्ट के जज के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश पर आपत्ति जताई थी। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम से उनके नाम पर फिर विचार करने के लिए कहा था। सौरभ समलैंगिक हैं और एलजीबीटीक्यू के अधिकारों के लिए मुखर रहे हैं। उन्होंने 'सेक्स एंड द सुप्रीम कोर्ट' किताब को एडिट भी किया है। वह भारत के पूर्व सीजेआई बी एन कृपाल के बेटे हैं। पिछले साल, भारत के तत्कालीन सीजेआई एनवी रमण की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने सौरभ की पदोन्नति की सिफारिश की थी। कॉलेजियम के एक बयान में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 11 नवंबर, 2021 को हुई बैठक में दिल्ली हाईकोर्ट में जज के रूप में सौरभ की पदोन्नति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।




**2017 में भी भेजा गया था नाम :**

कृपाल का नाम बार-बार सरकार को भेजा गया है। 2017 में, दिल्ली हाईकोर्ट कॉलेजियम ने सर्वसम्मति से सौरभ कृपाल को दिल्ली हाईकोर्ट के स्थायी जज के रूप में नियुक्ति की सिफारिश की थी। तब मेरिट का हवाला देते हुए सौरभ का नाम आगे नहीं बढ़ पाया था। इसके बाद सितंबर 2018, जनवरी और अप्रैल 2019 में भी सौरभ के नाम पर सहमति नहीं बन पाई। कहा जाता है कि इंटेलीजेंस ब्यूरो की एक रिपोर्ट सौरभ के पक्ष में नहीं थी। दरअसल, सौरभ के पार्टनर यूरोप से हैं और स्विस दूतावास के साथ काम करते हैं। उनके विदेशी पार्टनर की वजह से सुरक्षा के लिहाज से उनका नाम रिजेक्ट कर दिया गया था।

हालांकि, एक इंटरव्यू में सौरभ ने कहा है कि अभी तक जज नहीं बनने की वजह कहीं न कहीं मेरा सैक्सुअल ओरिएंटेशन भी है, क्योंकि अगर मंजूरी मिल जाती है तो कृपाल भारत के पहले गे (समलैंगिक) जज बन जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर 2018 में समलैंगिकता को अवैध बताने वाली आईपीसी की धारा 377 पर अहम फैसला दिया था। कोर्ट ने कहा था कि समलैंगिक संबंध अपराध नहीं हैं। इसके साथ ही अदालत ने सहमति से समलैंगिक यौन संबंध बनाने को अपराध के दायरे से बाहर कर धारा 377 को रद्द कर दिया था।

# चुनावी राज्य कर्नाटक में भाजपा की

## 'विजय संकल्प यात्रा' को हरी झंडी दिखाएंगे नड्डा



बेंगलुरु, 20 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा शनिवार को चुनावी राज्य कर्नाटक में पार्टी की नौ दिवसीय 'विजय संकल्प यात्रा' को हरी झंडी दिखाएंगे। यह यात्रा विजयपुरा से शुरू होगी और पूरे राज्य से होकर गुजरेगी। राज्य विधानसभा के चुनाव में अब चूंकि लगभग चार महीने ही बचे हैं, लिहाजा भाजपा ने अपने प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक दी है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यादगिर और कलबुर्गी की यात्रा के दो दिन बाद शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री ने उत्तर कर्नाटक के इन जिलों में करोड़ों रुपये की सिंचाई, पेयजल और राजमार्ग परियोजनाओं की शुरुआत की और घुमंतू जनजाति लंबानी को हक्कू पत्र (भूमि के स्वामित्व का हक) का वितरण किया। प्रदेश भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ के प्रभारी करुणाकर खासले ने एक बयान में कहा कि नड्डा शनिवार सुबह एक विशेष विमान से कलबुर्गी पहुंचेंगे। इसके बाद, वह विजयपुरा में ज्ञान योगाश्रम जाएंगे और श्री सिद्धेश्वर महास्वामीजी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, जिनका हाल ही में निधन हो गया था। इसके बाद, भाजपा अध्यक्ष विजय संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए नागाथाना विधानसभा क्षेत्र जाएंगे, जो 29 जनवरी तक जारी रहेगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, यात्रा के दौरान घर-घर दस्तक और भाजपा सदस्यता अभियान चलाए जाने के साथ ही बूथ स्तर पर पार्टी का आधार मजबूत करने पर जोर रहेगा। अगले नौ दिनों के लिए आयोजित इस राज्यव्यापी यात्रा के दौरान भाजपा ने एक करोड़ से अधिक नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य तय किया है। भाजपा के प्रदेश महासचिव और विधानपरिषद के पूर्व सदस्य सिद्दराजू ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हमारी पार्टी के 224 निर्वाचन क्षेत्रों के 312 मंडलों में 39 संगठनात्मक चुनावी जिले हैं। कर्नाटक में 58,186 बूथ हैं। यह विजय संकल्प यात्रा पूरे राज्य में एक समय में शुरू की जाएगी।''उन्होंने कहा कि भाजपा के अभियान में केंद्र में पांच कार्यक्रम हैं, जिनमें घर-घर दस्तक अभियान के तहत दो करोड़ लोगों तक पहुंचना, घर-मालिकों की अनुमति से दीवारों पर चित्र उकेरना, डिजिटल वॉल पेंटिंग बनाना, सदस्यता अभियान और लाभार्थियों के साथ बातचीत करना शामिल है। सिद्दराजू ने बताया कि परिवार के सदस्यों को पार्टी के समर्पित फोन नंबर पर मिस्ड कॉल देकर भाजपा का सदस्य बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकांश स्थानों पर, पार्टी विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद का आयोजन भी करेगी।

# सांसद थरूर ने कहा

## अंबेडकर ने लगातार महिला सशक्तिकरण के बारे में सोचा



तिरुवनंतपुरम, 20 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा कि जन्म नियंत्रण और महिला मजदूरों के लिए समान वेतन पर जोर देने के साथ डॉ बी आर आंबेडकर लगातार महिला सशक्तीकरण के बारे में सोचते थे। आंबेडकर को भारत का ''पहला पुरुष नारीवादी'' बताते हुए थरूर ने कहा कि 1930 और 40 के दशक में महिला दर्शकों के लिए उनके भाषणों को अब भी देश के कुछ हिस्सों में ''असाधारण रूप से प्रगतिशील'' माना जाएगा। कार्यक्रम में 'बीआर आंबेडकरः लाइफ एंड टाइम्स' नामक सत्र में आंबेडकरवादी विद्वान सुमित समोस थरूर के साथ शामिल हुए।

थरूर ने 16वें जयपुर साहित्य महोत्सव (जेएलएफ) के उद्घाटन के मौके पर कहा कि ऋषि सुनक का ब्रिटेन में भारतीय मूल का पहला प्रधानमंत्री चुना जाना ब्रिटेन में बदलाव की बयार का संकेत देता है। तिरुवनंतपुरम के सांसद थरूर पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित कैरोलिन एल्किन्स के साथ उनकी हालिया पुस्तक ''लिगेसी ऑफ वायलेंसः ए हिस्ट्री ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर'' के बारे में एक बातचीत सत्र का संचालन कर रहे थे। एल्किन्स ने सुनक के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने के संबंध में पूछा, तो थरूर ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह प्रदर्शित करता है कि ब्रिटेन घरेलू स्तर पर बदल गया है। यह साम्राज्य के कारण भी बदल गया है। उन सभी शताब्दियों के साम्राज्य के साथ, उन्होंने एक ऐसी स्थिति का निर्माण किया, जिसमें उपनिवेश के पास इसे महानगरीय देश बनाने के अलावा और कोई आकांक्षा नहीं थी।''

# बिहार सरकार को बड़ी राहत

## जातिगत सर्वेक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर एससी का सुनवाई से इनकार



नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को बड़ी राहत देते हुए राज्य में जारी जातिगत सर्वेक्षण के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया. शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं को पटना हाईकोर्ट जाने का दिया सुझाव दिया और कहा कि यह पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन नहीं बल्कि पब्लिसिटी इंटरेस्ट पिटिशन है. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दायर सभी याचिकाओं को वापस लेने की मंजूरी दी. 'हिंदू सेना' के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने 17 जनवरी को उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने बिहार में जातिगत सर्वेक्षण कराने के राज्य सरकार के फैसले को संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन बताया था. विष्णु गुप्ता ने अपनी याचिका में आरोप लगाया गया था कि बिहार में जातिगत सर्वेक्षण के लिए जारी राज्य सरकार की अधिसूचना 'भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक' है. इसी तरह की कई अन्य याचिकाएं भी शीर्ष अदालत में दाखिल की गई थीं, जिनमें बिहार सरकार के उपसचिव द्वारा राज्य में जातिगत सर्वेक्षण कराने के संबंध में जारी की गई अधिसूचना को रद्द करने और संबंधित अधिकारियों को कवायद से रोकने का आग्रह किया गया था.

# खड़गे ने पीएम मोदी पर साधा निशाना, बोले

## 30 लाख रिक्त पदों के लिए 71 हजार नियुक्ति पत्र काफी कम

नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। शुक्रवार को कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर रोजगार मेले को लेकर निशाना साधा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा युवाओं को बांटे गए 71,000 नियुक्ति पत्र बहुत कम हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वे जानना चाहते हैं कि 16 करोड़ नौकरियां कहां हैं, जिन्हें आठ साल में देने का वादा किया गया था। साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री को हर साल दो करोड़ नौकरियां देने के वादे की याद दिलाते हुए कहा कि सरकारी विभागों में 30 लाख पद अभी भी खाली पड़े हैं।



**कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने किया ट्वीट**

खड़गे ने एक ट्वीट में कहा, नरेंद्र मोदी जी, सरकारी विभागों में 30 लाख पद खाली पड़े हैं। आज आप जो 71,000 भर्ती पत्र वितरित कर रहे हैं, वे बहुत कम हैं। रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। आपने हर साल 2 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था। युवाओं को बताएं - पिछले आठ वर्षों में 16 करोड़ नौकरियां कहां हैं।

**'रोजगार मेला' हमारी सरकार की पहचान बना**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 लाख कर्मियों के लिए भर्ती अभियान 'रोजगार मेला' के तहत आज करीब 71,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम की शुरुआत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सरकारी विभागों और संगठनों में नए भर्ती किए गए लोगों से बातचीत की। उन्होंने कहा, निरंतर 'रोजगार मेला' अभ्यास हमारी सरकार की पहचान बन गया है और यह साबित करता है कि हम जो वादा करते हैं उसे पूरा भी करते हैं।

**अक्टूबर 2022 में हुई थी शुरुआत**

आपको बता दें, 'रोजगार मेले' की शुरुआत पिछले साल अक्टूबर में की गई थी। इस दौरान 10 लाख लोगों की भर्ती की गई थी। पहले रोजगार मेले में कुल 45 मंत्रियों ने हिस्सा लिया था जिसमें धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, हरदीप पुरी, अनुराग ठाकुर और अन्य वरिष्ठ मंत्री शामिल थे। जानकारी के मुताबिक रक्षा मंत्रालय, रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, डाक विभाग, सीबीआई, सीमा शुल्क, बैंकिंग और अलग-अलग सुरक्षा बलों में भर्तियां की जाएंगी। भारत सरकार के तहत जूनियर इंजीनियर, नर्स, शिक्षक, डॉक्टर, पीए, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जैसे अलग-अलग पदों पर तैनाती दी जाएगी।

# त्रिपुरा में 'लोकतंत्र बहाल' करने के लिए आज रैली करेंगी माकपा, कांग्रेस

अगरतला, 20 जनवरी (एजेंसियां)। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर त्रिपुरा में ''संविधान को बचाने'' तथा ''लोकतंत्र बहाल'' करने की कवायद के तौर पर शनिवार को अगरतला में एक रैली करेंगी। माकपा के प्रदेश सचिव जितेंद्र चौधरी और कांग्रेस विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने बृहस्पतिवार को एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रैली में शामिल होने वाले लोग किसी राजनीतिक दल का झंडा लेकर नहीं चलेंगे।

रॉय बर्मन ने कहा, ''त्रिपुरा में संविधान बचाने और लोकतंत्र की रक्षा करने के इच्छुक लोग रबींद्र भवन के सामने इस विशाल रैली में हिस्सा लेंगे और किसी राजनीतिक दल का झंडा लेकर नहीं चलेंगे। वे राष्ट्रीय ध्वज थामे नजर आएंगे।'' वहीं, चौधरी ने राज्य में ''बढ़ती'' चुनाव पूर्व हिंसा पर चिंता जताई और दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्य में 2018 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के सत्ता में आने के बाद लोग वोट नहीं दे पाए।'' टिपरा मोथा के ''लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष ताकतों'' के साथ हाथ मिलाने के बारे में पूछे जाने पर चौधरी ने कहा कि इस क्षेत्रीय दल के प्रमुख प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने भाजपा को हराने के लिए ''माकपा-कांग्रेस गठबंधन का समर्थन'' किया है।

इस बीच, सूत्रों ने बताया कि माकपा और कांग्रेस नेताओं ने दोनों दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर अपनी पहली बैठक की, लेकिन कोई ''अंतिम फैसला नहीं लिया गया।''

# गुवाहाटी में ट्रक से दो करोड़ रुपये से अधिक का गांजा जब्त, एक व्यक्ति गिरफ्तार

गुवाहाटी, 20 जनवरी (एजेंसियां)। असम के गुवाहाटी के खानापारा में गुरुवार रात को एक ट्रक से दो करोड़ रुपये से अधिक का प्रतिबंधित गांजा बरामद किया गया और इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। गुवाहाटी के संयुक्त पुलिस आयुक्त पार्थ सारथी महंत ने कहा कि करीब 320 किलोग्राम वजन का गांजा ड्राइवर के केबिन के साथ बनाए गए कक्ष में छिपाया गया था। हमें गांजा बरामद करने के लिए ट्रक की बॉडी को काटना पड़ा। महंत ने कहा कि मादक पदार्थ मणिपुर से मंगाए जा रहे थे और अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत दो करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है।

# हलाला, एक से ज्यादा निकाह और शरिया कोर्ट पर एससी करेगा सुनवाई

## 5 जजों की बेंच बनाई



नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। मुसलमानों में हलाला, एक से ज्यादा शादी और शरिया कोर्ट को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 5 जजों की बेंच बना दी है। बता दें कि पिछले साल 30 अगस्त को 5 जजों ने इस मामले की सुनवाई की थी लेकिन इस बीच जस्टिस इंदिरा बनर्जी और हेमंत गुप्ता रिटायर हो गए। पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह मुसलमानों में बहुविवाह और निकाह हलाला की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पांच जजों की नयी संविधान पीठ का गठन करेगा।

**पिछली संविधान पीठ के दो जज हुए रिटायर**

इस मुद्दे पर एक जनहित याचिका दायर करने वाले वकील अश्विनी उपाध्याय ने प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति जे.बी. पर्दीवाला की पीठ से अनुरोध किया था कि इस मामले में संविधान पीठ को नये सिरे से गठित करने की आवश्यकता है, क्योंकि पिछली संविधान पीठ के दो न्यायाधीश-न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता- सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

**30 अगस्त को हुई थी मामले पर सुनवाई**

पिछली संविधान पीठ ने 30 अगस्त को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) को जनहित याचिकाओं में पक्षकार बनाया था और उनसे जवाब मांगा था। तत्कालीन संविधान पीठ की अध्यक्षता जस्टिस बनर्जी कर रही थीं और जस्टिस गुप्ता, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सुधांशु धूलिया इसमें शामिल थे। हालांकि जस्टिस बनर्जी और जस्टिस गुप्ता इस साल क्रमशः 23 सितंबर और 16 अक्टूबर को रिटायर हो गये, जिससे बहुविवाह और 'निकाह हलाला' की प्रथाओं के खिलाफ 8 याचिकाओं पर सुनवाई के लिए संविधान पीठ के पुनर्गठन की जररूत पड़ी।

**बहुविवाह और हलाला को अवैध घोषित करने की मांग**

वकील अश्विनी उपाध्याय ने अपनी जनहित याचिका में बहुविवाह और 'निकाह हलाला' को असंवैधानिक और अवैध घोषित करने का निर्देश देने का आग्रह किया है। शीर्ष अदालत ने जुलाई 2018 में उनकी याचिका पर विचार किया था और इस मामले को संविधान पीठ के पास भेज दिया था जो पहले से ही ऐसी ही याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी।

# सोनीपत में डंडों से पीट 50 हजार ले गए बदमाश

## पिस्तौल तान बोले- सरपंच की आरटीआई अर्जी उठा, नहीं तो जान से मार देंगे



गोहाना (सोनीपत)हरियाणा के सोनीपत में मुंडलाना के पास दो युवकों ने बाइक सवार पर पहले पिस्तौल तानी और फिर उसे डंडों से बुरी तरह से पीटा। व्यक्ति बेसुध होकर गिर पड़ा तो युवक उसकी जेब से 50 हजार रुपए निकाल कर फरार हो गए। हमलावरों ने इस दौरान उसे एक पूर्व सरपंच के खिलाफ आरटीआई की अर्जी लगाने पर भी धमकाया। बाद में राहगीरों ने घायल तिलकराज को गोहाना के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# केरल राज्य में लड़कियों के लिए राहत ही राहत

तिरुवनंतपुरम, 20 जनवरी (एजेंसियां)। केरल में हायर एजुकेशन मिनिस्टर आर. बिंदू ने घोषणा की कि 18 वर्ष से अधिक फीमेल स्टूडेंट्स को अब मैटरनिटी लीव भी दी जाएगी. अब इस नए नियम के तहत फीमेल स्टूडेंट्स को 60 दिनों से अधिक दिन का अवकाश मिल सकता है. केरल राज्य की यूनिवर्सिटी में अब फीमेल स्टूडेंट्स के लिए आवश्यक उपस्थिति को 75 प्रतिशत से घटाकर 73 प्रतिशत कर दिया गया है. एएनआई के अनुसार, आर. बिंदू ने अपने कार्यालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, "मासिक धर्म के दौरान छात्राओं को होने वाली मानसिक और शारीरिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए, केरल सरकार इसे स्टेट हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट के तहत सभी विश्वविद्यालयों में लागू करने की योजना बना रही है." इससे पहले मंगलवार को बिंदु ने कहा कि सरकार कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (सीयूएसएटी) में पीरियड्स के दौरान छुट्टी देने की घोषणा कर चुकी है. इससे पहले केरल की कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (सीयूएसएटी) ने शनिवार को फीमेल स्टूडेंट्स को प्रत्येक सेमेस्टर में अटेंडेंस में 2% छूट की घोषणा की. आमतौर पर, केवल उन छात्रों को प्रत्येक सेमेस्टर परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाती है



# बातचीत का अनुमान लगाएं

## देवेंद्र फडणवीस ने पीएम के साथ मेट्रो में सवारी की



मुंबई, 20 जनवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल मुंबई में नई मेट्रो सेवा का उद्घाटन किया और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ शहर के दो स्टेशनों के बीच सवारी की. गुंदावली और मोगरा स्टेशनों के बीच अपनी सवारी की एक तस्वीर ट्वीट करते हुए, फडणवीस ने ट्विटर यूजर्स से यह अनुमान लगाने के लिए कहा कि शेयर की गई फोटो के दौरान तीनों नेता किस बारे में बात कर रहे थे. देवेंद्र फडणवीस का यह ट्वीट सोशल मीडिया पर छा गया. मेट्रो में सवारी के दौरान, पीएम ने युवा यात्रियों के एक समूह, मेट्रो रेल कर्मचारियों और महिलाओं के साथ भी बातचीत की. गुंदावली और मोगरा स्टेशन मेट्रो लाइन 7 के फेज 2 का हिस्सा हैं, जिसका कल प्रधानमंत्री ने उद्घाटन किया था. इन रेल लाइनों का शिलान्यास भी 2015 में पीएम मोदी ने किया था और इन्हें 12,600 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है. मेट्रो लाइन 2ए उपनगरीय दहिसर ईस्ट को डीएन नगर (येलो लाइन) से जोड़ती है, जबकि लाइन 7 अंधेरी ईस्ट को दहिसर ईस्ट से जोड़ती है. पीएम मोदी ने कल अपनी मुंबई यात्रा के दौरान 38,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया.

# पुणे में महिला को खिलाया हड्डियों की राख, मामला दर्ज

पुणे, 20 जनवरी (एजेंसियां)। शहर में जादू-टोना कर अघोरी पूजा किए जाने का मामला लगातार सामने आ रहा है. कुछ दिनों पहले, पुणे में वैकुंठ कब्रिस्तान में रात लगभग 2:30 बजे चिता के पास जादू टोना किया गया था. इसके बाद अब पुणे के धीरी इलाके में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है. पति ने सास के साथ मिलकर घर में सुख-शांति और समृद्धि लाने और संतान प्राप्ति के लिए महिला की अघोरी पूजा की. ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा परामर्श कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं. यह बेहद शर्मनाक बात है और महिला आयोग में इसकी शिकायत की गई है. आयोग ने इस मामले में पुलिस से कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा है. इस मामले में आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस मामले में शादी के बाद से ही उसके पति व परिजनों ने कई बार रुपयों की मांग की थी.साथ ही ससुराल वाले कई बार शादी में मिले जेवर लाने की मांग कर महिला को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे. परिवार की समृद्धि के लिए और महिला को एक बेटा पैदा करने के लिए, सास-ससुर और परिवार के अन्य सदस्य अघोरी, जादू-टोना और पूजा की.

# बर्फबारी में ढका केदारधाम

## कड़ाके की ठंड में शानदार है नजारा




केदारनाथ , 20 जनवरी (एजेंसियां)। देश के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इन दिनों जम्मू और कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी जारी है। इस बीच उत्तराखंड स्थित चार धाम में से एक केदारनाथ मंदिर में भारी बर्फबारी हुई है। जहां बाबा केदार की नगरी सफेद चादर से ढ़की हुई नजर आ रही है। बर्फबारी के बाद चारों तरफ बर्फ से ढके धाम की रौनक वाकई देखने लायक है। बता दें कि इस जगह को स्वर्ग माना जाता है। फिलहाल यहां तापमान -14 डिग्री तक पहुंच चुका है। -14 डिग्री तापमान के बाद यहां सब कुछ जमने लग गया है। इस समय धाम में 3-4 फीट तक बर्फ गिर चुकी है। केदारनाथ धाम में चारों ओर सिर्फ बर्फ ही बर्फ दिखाई दे रहा है। बता दें कि बर्फबारी की वजह से यहां बिजली और पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। इसके अलावा धाम में चल रहे सभी प्रकार के निर्माण कार्य को कुछ दिनों तक के लिए बंद कर दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि बर्फबारी कम होने के बाद फिर से कार्य शुरू हो जाएंगे। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले कुछ दिनों तक केदारनाथ धाम में बर्फबारी जारी रहेगी। वहीं तुंगनाथ में भी बर्फबारी जारी है। बर्फबारी की वजह से यहां पर भारी संख्या में पर्यटक बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए पहुंच रहे हैं।

# गूगल कर रहा है एससी के फैसले की समीक्षा, कहा- 'अपील के साथ-साथ सीसीआई को करेंगे सहयोग'

नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने कंपटीशन कमीशन ऑफ इंडिया यानी सीसीआई के आदेश पर रोक लगाने की गूगल की याचिका को गुरुवार को खारिज कर दिया। इसके बाद गूगल ने शुक्रवार को कहा कि वो फैसले की समीक्षा कर रहा है। कंपनी ने कहा, "वो उपयोगकर्ताओं और भागीदारों के लिए प्रतिबद्ध है। एंड्रॉइड ने भारतीय यूजर्स, डेवलपर्स और ओईएम को बहुत लाभान्वित किया है और भारत के डिजिटल परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम सीसीआई के साथ सहयोग करेंगे।"

**गूगल को झटका**

गूगल को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) के आदेश का समर्थन किया था। इसमें कथित रूप से एंड्रॉयड




मोबाइल डिवाइस इकोसिस्टम में इसकी प्रमुख स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए प्रतिस्पर्धा नियामक ने यूएस टेक दिग्गज कंपनी पर 1,337 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने गूगल की अपील पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

**गूगल ने भारत के डिजिटल परिवर्तन में अहम भूमिका निभाई- प्रवक्ता**

गूगल के एक प्रवक्ता ने कहा, हम सुप्रीम कोर्ट के गुरुवार के फैसले की समीक्षा कर रहे हैं, जो अंतरिम राहत तक सीमित है। यह हमारी अपील की अच्छाइयों को तय नहीं करता है। गूगल ने कहा कि एंड्रॉयड ने भारतीय उपयोगकर्ताओं, डेवलपर्स और ओरिजनल इक्विपमेंट मैन्यूफैक्चरर्स (ओईएम) को बहुत फायदा पहुंचाया है और भारत के डिजिटल परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**सीसीआई की कार्रवाई में हस्तक्षेप की जरूरत नहीं**

शीर्ष अदालत ने कहा था कि वार्ता के स्तर पर ये कहना पर्याप्त होगा कि गूगल के खिलाफ कंपटीशन कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) के निष्कर्ष अधिकार क्षेत्र के बाहर नहीं थे। साथ ही सीसीआई की ऐसी कोई जाहिर गलती नहीं दिख रही है, जिस पर उसके हस्तक्षेप की जरूरत हो।

**जुर्माने का 10 फीसद एक हफ्ते में जमा करे गूगल- कोर्ट**

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अमेरिकी फर्म को सीसीआई द्वारा लगाए गए 1,337 करोड़ रुपये के जुर्माने का 10 प्रतिशत जमा करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया। इस बेंच में जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला भी शामिल थे। बेंच ने एनसीएलएटी को इस साल 31 मार्च तक प्रतिस्पर्धा नियामक के आदेश के खिलाफ गूगल की अपील पर सुनवाई के लिए समय निर्धारित करने के बाद फैसला देने को कहा है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सुविचार: प्राणी कर्म का त्याग नहीं कर सकता, कर्मफल का त्याग ही त्याग है।



## 20 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली

हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एक दुखद घटना में, एक 20 वर्षीय महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट शुक्रवार की तड़के कुक्कटपल्लीके न्यू बालाजी नगर में अपने घर में अपने जन्मदिन पर फांसी पर लटकी पाई गई। पुलिस ने कहा कि संदेह है कि वह परेशान थी और उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, हर्षिता ने गुरुवार को अपना जन्मदिन मनाया और आधी रात के बाद, जब उसके परिवार के सदस्य आसपास नहीं थे, तो उसने बेडरूम में छत के पंखे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। उसके परिवार की शिकायत के आधार पर, कुकटपल्ली पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच कर रही है। उसके परिवार ने मौत पर कोई संदेह नहीं जताया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए गांधी अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया।

# अवैध निर्माण हैं आग लगने वाली सभी इमारतें : किशन रेड्डी

## वीएच ने की पीड़ितों को उचित न्याय दिलाने की मांग





हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज कहा कि राज्य की राजधानी में आग लगने से सभी इमारतें अवैध निर्माण थीं। केंद्रीय मंत्री सिकंदराबाद के रामगोपालपेट में जलकर खाक हो गए डेक्कन नाइटवेयर स्टोर की इमारत का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। यह आरोप लगाते हुए कि राज्य सरकार राजस्व अर्जित करने के लिए सभी अवैध भवनों को नियमित कर रही है, किशन रेड्डी ने मांग की कि राज्य सरकार शहर में सभी अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करे। उन्होंने यह भी मांग की कि राज्य सरकार उन निवासियों के बचाव में आए, जो प्रभावित इमारत के आसपास रह रहे हैं और उन्हें उचित मुआवजा दें क्योंकि उनके घर भी आग दुर्घटना में जल गए हें।

राज्य सरकार को याद दिलाते हुए कि अतीत में इस तरह की आग दुर्घटनाओं में कुछ लोगों की मौत हो गई थी, किशन रेड्डी ने कहा कि गोदाम और गोदाम शहर में आवासीय इलाकों के बीच स्थित हैं और राज्य सरकार को ऐसे सभी गोदामों और गोदामों पर सर्वेक्षण करने और सभी को स्थानांतरित करने की सलाह दी। उन्हें तुरंत शहर के बाहर्। उन्होंने राज्य सरकार से प्रभावित इमारत को गिराने के दौरान आसपास के भवनों के निवासियों को संपत्ति के नुकसान को रोकने के लिए कदम उठाने को भी कहा। उन्होंने राज्य सरकार से रामगोपालपेट के निवासियों के लिए घर बनाने का आग्रह किया। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व पीसीसी अध्यक्ष वी. हनुमंत राव तथा पूर्व विधायक एम. कोदंडा रेड्डी ने भी घटनास्थल का दौरा कर पीड़ितों को उचित न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कम से कम अब सरकार को जगना चाहिए तथा अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

## पुंजागुट्टा में राउडी शीटर की चाकू मारकर हत्या

हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पंजागुट्टाके एम.एस.मक्था में शुक्रवार तड़के अज्ञात लोगों ने एक उपद्रवी की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि हत्या की वजह पूर्व की दुश्मनी बताई जा रही है।

पीड़ित की पहचान मो. अजहर पर व्यक्तियों के एक समूह द्वारा धारदार हथियारों से हमला किया गया था, जिसके प्रतिद्वंद्वी गिरोह से संबंधित होने का संदेह था।

खून बहने से अजहर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## अधिकारियों ने कामारेड्डी मास्टर प्लान कार्यान्वयन प्रक्रिया को निलंबित कर दिया

हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कामारेड्डी नगरपालिका के मास्टर प्लान के कार्यान्वयन को राज्य सरकार द्वारा निलंबित कर दिया गया है। नगर प्रशासन एवं नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव ने इस मामले की जानकारी दी। प्रमुख सचिव ने कामारेड्डी कलेक्ट्रेट में कामारेड्डी जिला कलक्टर और अपर कलेक्टर के साथ इस मुद्दे पर समीक्षा बैठक की और मास्टर प्लान के प्रभावित किसानों और जनता से प्राप्त दावों और आपत्तियों के बारे में चर्चा की। अपनी समीक्षा बैठक के बाद इस मुद्दे पर बोलते हुए, उन्होंने कहा कि वे अपनी मास्टर प्लान तैयार करने के लिए कामारेड्डी नगरपालिका के विलय किए गए गांवों के निवासियों के विचार लेंगे और प्रक्रिया पूरी होने तक प्रक्रिया निलंबित रहेगी। गौरतलब है कि मास्टर प्लान से प्रभावित गांवों के सैकड़ों किसान राज्य सरकार से कामारेड्डी नगरपालिका में मास्टर प्लान लागू करने की प्रक्रिया को रोकने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. राज्य सरकार से मास्टर प्लान को लागू करने के अपने फैसले को वापस लेने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए एक किसान की मौत हो गई।

## बंडी ने कामारेड्डी, जगित्याल मास्टर प्लान निलंबन पर खुशी जताई



हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने आज राज्य सरकार द्वारा विवादास्पद कामारेड्डी और जगित्याल म्यूनिसिपल मास्टर प्लान के कार्यान्वयन को स्थगित करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने राज्य सरकार के इस फैसले को प्रदेश के किसानों की जीत करार दिया। उन्होंने कहा कि वह दोनों जिलों के किसानों के जुझारू जज्बे के आगे नतमस्तक हैं और उनसे तेलंगाना से सत्तारूढ़ बीआरएस पार्टी को खदेड़ने तक इसी जज्बे को जारी रखने का आग्रह किया। एक बयान में, उन्होंने कहा कि उन्होंने कामारेड्डी किसान विरोध कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से भाग लिया था और कहा कि उनकी पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने भी पुलिस की लाठी से पिटाई की। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनके खिलाफ गैर-जमानती दायर की है और कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर किसानों के आंदोलन को अपना समर्थन देना बंद नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि सीएम केसीआर के शासन में राज्य के किसानों और आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम ने एक राजस्व अधिशेष तेलंगाना राज्य को कर्ज में डूबे राज्य में बदल दिया है।

## CLASSIFIEDS

### CHANGE OF NAME

I VASIREDDI LENIN BABU, R/o 1-2-49/PR/505, PRASAD RESIDENCE,KUKATPALLY, CYBERABAD,T.S, Change my name as VASIREEDY LENIN BABU.

I VASIREDDI KRISHNA VASAVI, R/o 1-2-49/PR/505, PRASAD RESIDENCE,KUKATPALLY, CYBERABAD,T.S, Change my name as VASIREEDY KRISHNA VASAVI.

### सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

आज, शनिवार 21-1-2023 को मौनी अमावस्या के अवसर पर अवश्य पधारें
नारायणी गो सेवा सदन
रोड नं. 17, शालीवाहन नगर, मूसारामबाग, हैदराबाद
सम्पर्क सूत्र : 9581348889, 9246522435, 9490929321
आज मौनी अमावस्या हैं इस अवसर पर गो सेवा हेतु गौशाला पधारें। गो ग्रास का अनुदान कर पुण्य के भागीदार बने। अनुदान भेजने हेतु गौशाला एकाउंट विवरण Bank account detail: NARAYANI GOW SEVA SADAN, A/C No. 50200065063209, for RTGS/ NEFT IFSC CODE HDFC 0001996, TYPE OF ACCOUNT: CURRENT ACCOUNT, HYDERGUDA BRANCH, HYD. Gpay and Phonepe No. 9581348889 JAI GOMATA Address: Narayani gow seva sadan, street No 17, shalivahana nagar, dilsukh nagar Hyd.
सभी गौभक्त सपरिवार पधारकर, दान-पुण्यकर गौसेवा का लाभ लेवें।
निवेदक : नारायणी गो सेवा सदन
शालीवाहन नगर, मूसारामबाग, मलकपेट, हैदराबाद

सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
GB GOPAL BALDAWA GROUP

जय श्री राम :: श्री गणेशाय नमः :: (स्थापना: दि. 13.01.2010) जय श्री राम
आज दिनांक 21-01-2023, शनिवार
माध अमावास्या
के अवसर पर पधारे
या देवी श्री आईजी एस वी एस टी गौशाला
शुभस्थल : एन एच 44,मेडचल रोड, कल्लाकल।
गौशाला प्रांगण में मध्यान 2:00 बजे से भजनो का कार्यक्रम रहेगा।
विशेष : पधारे भगतों के लिए मध्यान 2 बजे से भोजन प्रसादी की व्यवस्ता गौशाला में रहेगी।
गौशाला में पधार कर दान पुण्यकर ,दर्शन ,पूजन , सेवा का लाभ लेकर पुण्यगामी बने।
सम्पर्क : नारायणलाल :8712311785 , सिरवि वी ताराराम पंवार :9246368842
:: शुभकामनाओं सहित ::
CHOUDHARY BROTHERS
HNo : 1-307, NH 44, OPP BUS DEPOT, MEDCHAL
SOHANLAL : 9032160794
BEAUTIFUL HOMES

।। जय गौ माता।। जय जय रघुवीर समर्थ ।। श्री श्री श्री सद्गुरु ।।
श्री समर्थ कामधेनु गौशाला
श्री सद्गुरु समर्थ नारायण आश्रम, शिवबाग़, जियागुड़ा, हैदराबाद. फोन : 9296358630, 7013711317
कामधेनु गौ मंदिर
समर्थ नारायण महाराज
आज शनिवार, 21-1-2023 को मौनी अमावस्या है
कोरोना वायरस जैसी महामारी के चलते सारी धरती पर संकट आया है। गौशाला को भी बडी कठिनाइयो का सामना करना पड रहा है। इस समय गौ ग्रास सेवा के लिए आपके योगदान की आवश्यकता है।
श्री प्रभुदत्तजी महाराज
Online गौ सेवा के लिये
SHREE KALPAVRUKSHA KAMDHENU WELFARE TRUST (For Income Tax Exemptions u/s 80g)
A/c No. 10015542319 IFSC: SBIN0007054 SBI Bank King koti Branch
SHRI SADGURU SAMRATH NARAYAN ASHRAM
A/c No. 20100020864 IFSC: SBIN0002790 SBI PPB, Red Hills
PAYTM - 9296358630/GOOGLE PAY/PHONE PAY/7013711317
"गौ माता की सेवा से आयु, स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। पापों का नाश होता है।"

सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
ब्रिगेट रोड नं 7, बंजारा हिल्स, हैदराबाद, मोबाईल 9000366660
GB GOPAL BALDAWA GROUP

विश्व मंगल गौशाला
सोमारम ग्राम, मेडचल, हैदराबाद (तेलंगाना)
सस्नेह निमंत्रण
आज शनिवार 21 जनवरी 2023 प्रातः 11 बजे से
माघ अमावस्या
शुभ स्थल : विश्व मंगल गौशाला सोमारम ग्राम, मेडचल, हैदराबाद
इस पावन अवसर पर सभी गौ-भक्तों से निवेदन है कि नीम एवं पीपल के पौधे लाकर गौशाला प्रांगण में लगाएँ
गौ-माता पूजन * भजन भोजन प्रसादी
सभी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर गौसेवा, दान, पुण्य के भागीदार बनें। सभी धर्मप्रेमियों, गौ-भक्तों से विनती है कि वे दान-पुण्य का कार्य गूगल-पे/फोन-पे द्वारा भी कर सकते हैं। समय निकालकर सपरिवार अवश्य पधारें।
घास व्यवस्था : लुम्बाराम सी र वी, केराराम, पेमाराम, नारायणलाल, चौथाराम, ताराराम सी र वी
दूरभाष : 9866405646, 9346917593
Bank Details : GOU GRAM VIKAS SEVA SAMITHI
A/c No. 50200063938688 | IFSC : HDFC0009429
HDFC Bank, Kanajiguda Branch

आज शनिवार, 21-1-2023 को मौनी एवं शनि अमावस्या है।
जय गौमाता
गौमाता की परिक्रमा करने मात्र से सभी ग्रहों की कृपा प्राप्त होती है, एवं व्यक्ति दीर्घायु ऐश्वर्यवान बनकर पुण्य को प्राप्त करता है।
निवेदक : कार्यसमिति
शिव मंदिर गौशाला
शमशेरगंज, हैदराबाद, फोन : 7842048773, 9959271866
ॐ शिव मंदिर गौशाला
पालमाकुल, शमशाबाद फोन : 7842048773, 9849666304
पुरानापुल, बहादुरपुरा, जू पार्क से होते हुए ताइबन चौरस्ता से बाएँ ओर सिर्फ 5 मिनट में गौशाला पहुँच सकते है।
किसी भी पारिवारिक शुभकार्य पर गौमाता का स्मरण अवश्य करें।

आज शनिवार दि.21 जनवरी 2023 शनि अमावस्या के अवसर पर पधारे
श्री आईजी गौशाला
(रजिस्ट्रेशन नं. 720/2008) 118, मल्काराम, जवाहरनगर (चेनापुर-बालाजी नगर) खापरा मंडल ☎ 7396306337
आज की महाप्रसादी - भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. श्री कानारामजी काग की पुण्य स्मृति में धर्मपत्नी श्रीमती माडी देवी काग पुत्र श्री नेमीचन्दजी, महेन्द्रजी, ओमप्रकाशजी काग एवं समस्त काग परिवार धम्मईगुडा वालों के द्वारा रखी गई है।
गौशाला के बैंक एकाउंट मे अपनी दान राशी जमा कराकर, पुण्य के भागीदार बने
Sri Aaiji Gowshala, SBI, Cheeryal Branch, A/c. No. 62492036580 IFSC Code : SBIN0020435
निवेदक : श्री आईजी गौशाला के पदाधिकारी व सदस्यगण
अध्यक्ष : जे.सी. प्रकाश चोलाराम हाम्बड़ ☎ 9573599190 सचिव : मंगलाराम पंवार ☎ 9246108583

जय गौमाता की श्री महावीराय नमः
चलिए प्रशांत वातावरण में पल रहे 260 गौवंश को रोटी और हराचारा खिलाकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें।
Sri Jain Goshala Estd 14-10-2001
अहिंसा परमोधर्म, जीव दया उत्तम कार्य
मौनी एवं शनि अमावस्या आज शनिवार, 21-1-2023 "गौ सेवा" कर पुण्य के भागी बनें
प्रति अमावस्या को प्रसादी की व्यवस्था रहेगी
निवेदक : श्री जैन गौशाला
# 6-150, यादगिरीपल्ली रोड, किसरा विलेज, मेड़चल ज़िला (तेलंगाना)
सहयोग एवं जानकारी हेतु सम्पर्क करें : अनिल गांधी, दीपक प्रजापत : 9010128515, 9030660045
BANK DETAILS
BANK : Agrasen Co - operative Urban Bank Limited.
Name : Dileep Kumar Gandhi Jain Goshala Trust
BRANCH : Ranigunj, Secunderabad A/c. No .: 004400300000009 IFSC : YESB0ACUB04
ऑनलाईन गौ ग्रास सेवा के लिए गुगल पे/फोन पे करें : 9010128515 G Pay PhonePe
शुभकामनाओं सहित : नवकार ज्वेलर्स, जनरल बाजार, सिकन्दराबाद

गावो विश्वस्य मातर ।। जय श्री कृष्ण ।। जय गो माता
श्री गोपाल गौशाला
संत विनोबानगर, रामदास पल्ली के पास, सागर रोड, इब्राहिमपटनम
आज शनिवार, 21-1-2023 को मौनी एवं शनि अमावस्या है।
अमावस्या के उपलक्ष्य में सभी प्रेमियों से विनम्र अनुरोध है कि गौसेवा कर पुण्य के भागी बने और हमें सहयोग राशी इन बैंक खाते में जमा करा सकते है।
प्रसाद की व्यवस्था रहेगी
SRI GOPAL GOSHALA TRUST
STATE BANK OF INDIA, VANASTHLIPURAM BRANCH,
S/A NO. 62127047988 IFSC CODE : SBIN0020564
SRI GOPAL GOSHALA TRUST
MAHESH BANK, VANASTHLIPURAM BRANCH,
S/A NO. 025001100001224 IFSC CODE : APMC0000025
निवेदक : श्री गोपाल गौशाला ट्रस्ट (रजि.)
सम्पर्क सूत्र : तुलसीराम बंसल - 9247262215, सतवीर गर्ग - 9346098880, महावीरप्रसाद अग्रवाल - 9246340476, विपुल गोयल - 9391006820, अर्जुन गोयल - 9246565555, विनोद गर्ग (ट्रस्टी-लेखा जोखा) - 9885237833
गोशाला व्यवस्थापक : राजूराम सेपटा - 8019106318, रमेश काबरा - 9290434314 एवं समस्त ट्रस्टीगण
13
श्री गोपाल गौशाला के 13 वर्ष पुर्ण होने पर (बंसतोत्सव) के उपलक्ष्य में प्रसाद की व्यवस्था गुरुवार, 26 जनवरी 2023 प्रातः 11 से 2 बजे तक रहेगी
इस अवसर पर सभी ट्रस्टीगण, सदस्य एवं गौभक्त सादर आमंत्रित है।

आज शनि अमावस्या है।
आपने इन मासूम पशुओं की रक्षा कर कटने से बचाया इनको अपनी माता समान ही प्यार दिया और इनकी सेवा अति श्रद्धा से कर रहे है। इस धरती को आपके सहयोग के कारण ही उसको हजारो टन गोबर (Natural Urea-प्राकृतिक खाद-Black Gold) मिल रहा है, जिसके कारण जहाँ धरती की उपजाऊ क्षमता बढ रही है और साथ में ही रसायन रहित खाद्य पदार्थों के पैदावर में भी वृद्धि हो रही है। यह सब करके आपने पर्यावरण को सुरक्षित रखने का अनमोल कर्तव्य भी निभाया है। यह सिलसिला यूँ ही चलता रहे ऐसी सादर प्रार्थना है।
पधारिये, अपने करकमलों से चारा-दाना अर्पण कीजिये।
सत्यम् शिवम् सुन्दरम् गौनिवास
5700 से अधिक गौवंश
सत्यम् शिवम् सुन्दरम् गौनिवास
गगन पहाड़, राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट रोड सिटीजन कांटे के पीछे, हैदराबाद
फोन : 9985385399, 9989403635, 9440437618, 9912142260, 9246522435, 9347211966, 9441210591, 9490941319, 9848031111
Scan & Pay
Bankers : BANK OF BARODA, Nallakunta Branch, Hyderabad, T. S .
A/c. : 75450200001071 IFSC CODE : BARB0VJNAKU
Paytm/Google Pay Number : KARAN CHALLANI - 94909 41319
UPI Vpa : satya99894@barodampay
TO AVAIL 80G KINDLY DONATE- AKSHYA PASHU PAKSHI TRUST
CANARA BANK - BASHEERBAGH BRANCH HYDERABAD A/c : 0878132000033 IFSC CODE : CNRB0000878

## बीजेपी विधायक रामदुलार के खिलाफ जारी हुआ गिरफ्तारी वारंट

**लड़की से रेप का है आरोप**

सोनभद्र, 20 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र की एक कोर्ट ने नाबालिग लड़की से रेप के 8 साल पुराने एक मामले में बीजेपी के विधायक रामदुलार के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। रामदुलार गोंड सोनभद्र जिले की दुद्धी विधानसभा सीट से विधायक हैं। अपर सत्र न्यायाधीश (द्वितीय) राहुल मिश्रा की कोर्ट ने इस मामले में कई बार तलब किए जाने के बावजूद हाजिर नहीं होने पर कड़ा रुख अपनाते हुए विधायक रामदुलार को गिरफ्तार कर 23 जनवरी को अदालत में पेश करने के आदेश दिए हैं।

## सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने कानपुर पुलिस को घेरा बोले- 3 गोली का खर्चा, 3 एमएलए मार दो

लखनऊ, 20 जनवरी (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के खास और आर्य नगर सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक अमिताभ बाजपेई ने यूपी तक से खास बातचीत करते हुए कानपुर पुलिस पर बड़ा हमला बोला है। कानपुर पुलिस की सपा विधायक इरफान सोलंकी के मामले में भूमिका को लेकर अमिताभ बाजपाई ने कहा, "कानपुर पुलिस बेकार में ही इतनी मेहनत कर रही है। मेरी सलाह तो यह है की सिर्फ तीन कारतूस का खर्चा है। शहर में तीन विपक्ष के विधायक हैं। तीनों को गोली मार दो। सारा मामला ही खत्म।" बता दें कि सपा विधायक अमिताभ बाजपेई शहर के एक वरिष्ठ आईपीएस



की कार्यशैली पर लगातार सवाल उठाते रहे हैं। सपा अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी हाल ही में उत्तर प्रदेश पर डेपुटेशन पर आए बाहरी कैडर के आईपीएस अधिकारियों पर शहर को लूटने का आरोप लगाया था। इसके साथ ही उन पर जांच कर कार्रवाई करने की मांग की थी। अब सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने आईपीस अधिकारी का बिना नाम लिए उनपर निशाना साधा और कई सवाल खड़े किए। सपा विधायक ने कहा, "जो प्रदेश के अधिकारी होते हैं उन्हें यह पता होता है कि जो विपक्ष में है वह कल को मंत्री बन सकते हैं और जो आज सरकार में है वह कल विपक्ष में बैठ सकते हैं। इसलिए वह कोई भी अनैतिक काम करते हुए एक लिहाज रखते हैं। मगर जो दूसरे कैडर के अधिकारी हैं उन्हें पता है कि वह आज आए हैं और कल जा सकते है।"

## बीटेक छात्रा सुसाइड में डिप्रेशन वजह

**झांसी में भाई बोला-100% नंबर पर संतुष्ट होती थी बहन**

झांसी, 20 जनवरी (एजेंसियां)। झांसी में बीटेक की छात्रा सृष्टि राय ने पढ़ाई को लेकर डिप्रेशन में चल रही थी। जिसके चलते फांसी लगाकर जान दे दी। वह बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में थर्ड ईयर की स्टूडेंट थी। यूनिवर्सिटी कैंपस के समता गर्ल्स



हॉस्टल में रूम नंबर 306 में रहती थी। पुलिस की अब तक की जांच में यह बात सामने आई है। 13 जनवरी से उसके 5वें सेमेस्टर के एग्जाम शुरू होने वाले थे।

## प्रयागराज में लगेगी भगवान राम और निषादराज की 50 फीट ऊंची मूर्ति

**कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने किया ये दावा**



प्रयागराज, 20 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से पहले प्रयागराज में भगवान राम और निषादराज की 50 फीट ऊंची मूर्ति लगेगी। यह मूर्ति भगवान राम और निषादराज की आपस में गले मिलते हुए लगाई जाएगी। भगवान राम और निषादराज की गले मिलते हुए यह मूर्ति सामाजिक समरसता का संदेश देने के लिए प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर में लगाई जाएगी। यहां 26 मार्च को निषादराज की जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हो सकते हैं। यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद ने पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को इसमें शामिल होने का न्यौता दिया है। संजय निषाद का दावा है कि दोनों नेताओं ने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपनी सहमति दी है। इस मौके पर होने वाली सभा में पांच लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य है।

## मेनका गांधी तक पहुंचा नीलगाय का मामला

### एनिमल एक्टिविस्ट बोले-सबको जीने का हक

मुजफ्फरपुर, 20 जनवरी (एजेंसियां)। किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाने वाली नीलगाय को बिहार सरकार द्वारा शूट करने के आदेश के तहत मुजफ्फरपुर में जमालाबाद गांव में नीलगाय को मारा गया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नीलगाय के मांस का क्या किया गया। नाम नहीं छापने की शर्त पर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि नीलगाय को दफना दिया गया। दूसरी ओर नीलगाय को मारने की घटना का अब एनिमल एक्टिविस्ट विरोध भी करने लगे हैं। इस विरोध की गूंज मेनका गांधी तक पहुंच चुकी है। फिलहाल इस मामले में प्रशासन ने भी चुप्पी साध रखी है। दरअसल मामले की जानकारी होने के बाद घटना से मर्माहत एनिमल एक्टिविस्ट अलका



अपर्णा ने इसकी जानकारी मुजफ्फरपुर में बेजुबानों की संस्था के लक्ष्य मोहन को दी। लक्ष्य मोहन और अलका अपर्णा ने इस घटना की जानकारी बाद में सांसद और जानवरों के अधिकार के लिए काम करने वाली मेनका गांधी को दी। इसके बाद मेनका गांधी ने इस विषय पर संबंधित अधिकारी से बात कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया। अलका अपर्णा और लक्ष्य मोहन की शिकायत के आधार पर मेनका गांधी की संस्था पीपल फॉर एनिमल (पीएफए) ने मुजफ्फरपुर में नीलगाय को मारने की घटना का जिक्र अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी किया।

**सामाजिक कार्यकर्ता कर रहे विरोध**

जानवरों के अधिकार के लिए लड़ने वाले लक्ष्य मोहन बताते हैं कि पहले भी उन्होंने नीलगाय को गोली मारने की घटना का विरोध किया था। लक्ष्य बताते हैं कि इस वक्त विरोध के कारण शूटिंग रोक दिया गया था, जिसे इस साल फिर से जारी कर दिया गया है। लक्ष्य मोहन की मानें तो मारे गए नीलगाय को गांव में ही दफन किया जा रहा है। कई जगहों पर नीलगाय को मारने के बाद उसके बॉडी को गाड़ी से ले जाया जाता है, लेकिन मुजफ्फरपुर में मारे गए नीलगायों को यहीं मिट्टी में दफन किया जा रहा है। आगे लक्ष्य कहते हैं कि नीलगायों को जान से मारना किसानों की समस्या का समाधान नहीं है। लक्ष्य और अलका अपर्णा का कहना है कि इन जानवरों को पकड़ कर जंगल में छोड़ देना चाहिए, क्योंकि इन्हें भी जीने का अधिकार है।

## बारात में छेड़खानी कर रहे थे मनचले

**मना किया तो लड़की पर पेट्रोल छिड़क लगा दी आग**

पटना, 20 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार के हाजीपुर में मनचलों ने एक दस साल की लड़की के ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया। आरोपी एक बारात में घुड़चढ़ी के दौरान लड़कियों संग डांस करने से रोके जाने पर नाराज थे। इस वारदात में बुरी तरह से झुलसी बच्ची को आनन फानन में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित लड़की का बयान दर्ज किया है। इसी के साथ आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 'बुर्का बैन करने वालों को नंगा घुमाओ'

### सपा के पूर्व विधायक के बिगड़े बोल

मुरादाबाद, 20 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में स्थित एक कॉलेज में बुर्का वेन करने को लेकर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक हाजी जमीर उल्लाह का विवादित बयान दिया है। जहां,उन्होंने कहा कि बुर्का बैन करने वालों को निर्वस्त करते घुमाया जाए, तब जाकर बुर्का बैन करने वाले कॉलेज मैनेजमेंट को मालूम पड़ेगा बेपर्दगी क्या होती है? पूर्व विधायक ने कॉलेज में बुर्का वैन करने के सवाल पर कहा कि यह बिल्कुल गलत है। अगर लड़कियां कॉलेज में बुर्का पहनकर जाना चाहती हैं तो जाएं। बुर्के पर कोई पाबंदी नहीं होनी चाहिए और जो बुर्के पर पाबंदी लगाए पहले उसको निर्वस्त करके घुमाया जाए। ऐसे लोगों को तुरंत



पाकिस्तान चले जाने चाहिए, जिस तरीके से वह जिहादी मानसिकता से ग्रसित होकर अनर्गल बयानबाजी करते हैं। वह न तो शहर की फिजा के लिए ठीक है और ना ही आम जनमानस के लिए ठीक हैं। इसलिए तत्काल उन्हें हिंदुस्तान छोड़कर पाकिस्तान चले जाना चाहिए। इस दौरान पूर्व विधायक हाजी जमीर उल्लाह ने कहा कि हिजाब हमारे हिंदुस्तान की संस्कृति है।

## देवरिया में ट्रेलर दुकान से टकराया, तीन की मौत, एक गंभीर



देवरिया, 20 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद के मदनपुर थाना स्थित बरांव चौराहे पर एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर दुकान से टकरा गया। इसमें दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि दो घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई। हृदय विदारक घटना से सभी हतप्रभ हैं। जानकारी होने पर कई थानों की पुलिस के अलावा आलाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए।

## शिवपाल यादव की बात सच हुई तो बीजेपी को होगी

### 'डबल मुसीबत', जानें- सपा नेता के बड़े दावे में कितना दम?

लखनऊ, 20 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में इन दिनों सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल सिंह यादव बड़ी चर्चा में हैं। अपने बयानों से वो लगातार अखिलेश के लिए सियासी पिच तैयार कर रहे हैं तो वहीं बीजेपी पर हमलावर हैं। अब समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल यादव ने कहा है कि साल 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र में बीजेपी की पराजय के फौरन बाद यूपी में भी बीजेपी की सरकार सत्ता से हट जाएगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। शिवपाल यादव ने बलिया के सहतवार कस्बे में जनसभा के दौरान दावा किया, "2024 के लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र की बीजेपी सरकार (सत्ता से) हट जाएगी। जैसे ही केन्द्र में बीजेपी की



सत्ता खत्म होगी, उत्तर प्रदेश की सरकार भी 2027 के पहले (सत्ता से) हट जाएगी। उसके बाद अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे।" यादव ने नौजवानों का बीजेपी की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए सड़क पर संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा "अब चाहे जेल जाना पड़े, आंदोलन करना पड़े या धरना देना पड़े।।बेईमान और झूठे लोगों को अब सत्ता से बाहर करना है।"

**अभी हम थके या टूटे नहीं हैं- शिवपाल यादव**

पूर्व मंत्री ने कहा, "अभी हम थके या टूटे नहीं हैं। बीजेपी सरकार ने प्रदेश में अब जनता का उत्पीड़न किया तो हम तलवार व ढाल बन कर जनता की मदद करेंगे। आज ऐलान करने आया हूं कि अब संघर्ष होगा। इसकी शुरुआत बलिया से ही होगी।" उन्होंने कहा, "पिछले साल दिसंबर में मैनपुरी लोकसभा के उपचुनाव में जनता ने बीजेपी सरकार और उसके बड़बोले मंत्रियों को जवाब दे दिया है। हम ऐलान करते हैं कि बीजेपी सरकार के मंत्रियों को अब सिखाएंगे कि चुनाव कैसे लड़ा जाता है।"

**बीजेपी ने भगवान राम के नाम पर झूठ बोला- शिवपाल**

शिवपाल यादव ने आरोप लगाया है कि बीजेपी सरकार ने गरीबों को पांच-पांच किलोग्राम चावल देकर 'भिखारी' बना दिया है। बीजेपी की केंद्र व राज्य सरकार ने झूठ बोल कर भगवान राम के नाम पर देश व प्रदेश की जनता को केवल ठगने का कार्य किया है। उन्होंने कहा, "भगवान राम के नाम पर झूठ नहीं बोलना चाहिए, लेकिन बीजेपी ने भगवान राम के नाम पर झूठ बोला। बीजेपी सरकार ने नौ साल में किए गए किसी वायदे को पूरा नहीं किया। थाने से लेकर तहसील व सरकारी कार्यालय में बगैर रिश्वत के कोई कार्य नहीं हो रहा है।" यादव ने कहा कि जनता सपा की पूर्ववर्ती सरकार के विकास कार्यों को याद कर रही है।

## हरिद्वार में तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने पर 7 मस्जिदों पर जुर्माना

हरिद्वार, 20 जनवरी (एजेंसियां)। हरिद्वार में सात मस्जिदों पर ध्वनि प्रदूषण फैलाने के आरोप में प्रशासन ने जुर्माना ठोंका है। पथरी थाना क्षेत्र के कई गांवों की मस्जिदों को अजान के लिए लगे लाउडस्पीकरों को सीमित आवाज में बजाने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन लाउडस्पीकर की आवाज कम नही होने पर पथरी थाना पुलिस और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट पर एसडीएम पूरन सिंह राणा ने 7 मस्जिदों पर पांच पांच हजार का जुर्माना ठोका है। वहीं दो मस्जिदों को ध्वनि प्रदूषण करने पर चेतावनी दी गई है। प्रशासन की कार्रवाई पर अब मुस्लिम धर्मगुरु सवाल उठा रहे हैं। एसएसपी अजय सिंह का कहना है कि हाई कोर्ट द्वारा ध्वनि प्रदूषण को लेकर निर्देश दिए गए हैं, उसी के तहत ध्वनि प्रदूषण को लेकर थाना स्तर से एक रिपोर्ट भेजी गई थी, जिसके आधार पर एसडीएम पूरन सिंह राणा द्वारा कार्रवाई की गई है।

**ध्वनि प्रदूषण को लेकर जुर्माना**

एसडीएम पूरन सिंह राणा ने इस मामले पर कहा कि कुछ धार्मिक स्थानों पर ध्वनि प्रदूषण को लेकर शिकायतें आ रही थी। हाईकोर्ट का आदेश है कि ध्वनि प्रदूषण ना किया जाए। बिना परमिशन किसी भी धार्मिक स्थान या वेडिंग पॉइंट पर लाउडस्पीकर सिस्टम नहीं लगाया जाएगा। जिन धार्मिक संस्थाओं को परमिशन दी गई है उसपर नजर भी रखी जा रही है। इसकी चेकिंग क्षेत्र के चौकी इंचार्ज और प्रदूषण अधिकारी ने कुछ धार्मिक संस्थाओं की ध्वनि प्रदूषण की शिकायत आई थी, जांच में ये शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद ध्वनि प्रदूषण करने वाले धार्मिक संस्थानों पर पांच-पांच हजार का जुर्माना लगाया गया है।

## 'बेटी सज धज कर निकल रही तो मामला गड़बड़' योगी की मंत्री का विवादित बयान

इटावा, 20 जनवरी (एजेंसियां)। योगी सरकार में राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि प्यार व्यार कुछ नहीं होता। यह केवल सेक्स के लिए आकर्षण है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के तहत इटावा में आयोजित राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम में पहुंची मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि लड़के हों या लड़कियां, दोनों को सुधरने की जरूरत है। जब तक लक्ष्य ना हासिल कर लो,



इसके चक्कर में मत पड़ना।

**उन्होंने माताओं को सचेत किया**

कि बेटी सज धज कर निकल रही है तो मामला गड़बड़ है। उन्हें संभलने की जरूरत है। इसी क्रम में मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने मंच से स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राओं को लक्ष्य तय कर पढ़ाई करनी चाहिए। उन्हें प्यार के चक्कर में पड़ने के बजाय केवल स्कूली शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्यार-व्यार तो कुछ होता ही नहीं। यह सिर्फ अपोजिट सेक्स की तरफ आकर्षण होता है। इससे बचने की जरूरत है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वह खुले तौर पर सब स्कूलों में बच्चों को बताएं। उन्होंने कहा कि प्यार मुहब्बत के सपने देखने के बजाय अपने लक्ष्य के सपने देखो और मेहनत कर उसे हासिल कर लो।

**मां बाप से ध्यान रखने की अपील**

कार्यक्रम में बोलते हुए मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि बच्चों की बढ़ती उम्र में मां बाप की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि उनके बेटे या बेटी कहां जा रहे हैं, किससे मिल रहे हैं और क्यों मिल रहे हैं। वहीं बेटियों को भी चाहिए कि वो अपनी मां को दोस्त समझें और हर बात की चर्चा करें। उन्होंने माताओं से आग्रह किया कि बेटियों की समस्याओं का तत्काल समाधान कराएं। इसी प्रकार उन्होंने कहा कि यदि आपके बेटे का खर्च बढ़ रहा है तो यह अच्छा संकेत नहीं है। यहां भी गड़बड़ी के चांसेज हैं।

**मोबाइल फोन नशा है**

राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने छात्रों को मोबाइल से बचने की सलाह दी। कहा कि यह एक नशा है और इसका ज्यादा इस्तेमाल हानिकारक है। उन्होंने खासतौर पर छात्राओं को मोबाइल फोन के खतरे से आगाह करते हुए कहा कि उन्हें अपने आप को सुरक्षित रखते हुए चरित्र को अच्छा बनाना होगा। कहा कि यदि प्यार ही करना है तो अपने लक्ष्य से करो अपने उद्देश्य करो। उन्होंने मौजूदा माहौल को देखते हुए बेटियों के लिए सुरक्षा एवं स्वावलंबन पर बल दिया। कहा कि उन्हें गलत रास्ते पर जाने से रोकने के लिए यह बेहद जरूरी है। माता पिता एवं गुरु बेटियों के सबसे करीब होते है इसलिए इनकी जिम्मेदारी सबसे ज्यादा है। वहीं बेटियों को भी इन तीनों का सम्मान करना चाहिए।

## पटना में स्कूल बस हादसा

**बेली रोड फ्लाईओवर पर पिकअप वैन से टक्कर में दो की मौत**

पटना, 20 जनवरी (एजेंसियां)। पटना में बेली रोड फ्लाईओवर पर शुक्रवार सुबह तेज धमाके के साथ जबरदस्त हादसे में दो की मौत हो गई। स्कूल की मिनी बस और पिकअप वैन की सीधी टक्कर से फ्लाईओवर पर अफरातफरी मच गई। जाम लग गया। घटना के बाद जब लोग गाड़ी के पास पहुंचे तो पिकअप वैन के ड्राइवर की मौके पर मौत हो चुकी थी। मिनी बस साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल की है। घटनास्थल पर शास्त्रीनगर थाना की पुलिस पहुंच कर राहत एवं बचाव कार्य कर रही है। स्कूल वैन में सवार लोगों के बारे में स्कूल प्रबंधन अभी जानकारी नहीं दे रहा है। घटनास्थल से इन्हें सीधे फ्लाईओवर के नीचे स्थित आईजीआईएमएस ले जाया गया है। फिलहाल बेली रोड फ्लाईओवर पूरी तरह जाम है। राज्य पुलिस मुख्यालय और पटना जू के पास से पुल पर चढ़ने का रास्ता बंद कर दिया गया है। इसके कारण इधर जाने वाले दोपहिया वाहनों को भी फ्लाईओवर के नीचे से निकलना पड़ रहा है। जो गाड़ियां 20 मिनट से जहां फंसी थीं,

## 12 वीं पास निकला पति तो पत्नी ने मांगा तलाक

अलीगढ़, 20 जनवरी (एजेंसियां)। कहा गया है कि प्यार अंधा होता है। जब इश्क की खुमारी चढ़ती है तो कोई बात नहीं दिखती, लेकिन जब हकीकत से वास्ता पड़ता है तो जिंदगी के मायने समझ में आते हैं। ऐसा ही एक मामला अलीगढ़ जिले से सामने आया है। यहां प्रेम विवाह करने के बाद पढ़ी-लिखी लड़की को जब पता चला कि उसका पति महज 12वीं पास है, तो उसने तलाक मांग लिया। हालांकि दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिश की गई, लेकिन सभी कोशिशें नाकाम रहीं और दोनों के बीच तलाक हो गया है।

## नीतीश से किसान की गुहार- 'साहब नहर सूखी है

### आप पानी ला दीजिए, पीएम बन जाएंगे'



किसान



आरा, 20 जनवरी (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के दौरान भोजपुर जिले के दो प्रखंडों का दौरा किया। इस दौरान संदेश प्रखंड के तीर्थकौल गांव में सीएम नीतीश का कार्यक्रम रखा गया था। उनके साथ डिप्टी सीएम और जिले के प्रभारी मंत्री तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। सीएम नीतीश लाव-लश्कर के साथ पैदल जा रहे थे। दोनों तरफ लोगों की भीड़ थी। लोग नीतीश कुमार जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे, लेकिन एक किसान ने जोर-जोर से चिल्लाकर अपनी बात कहने लगा। नीतीश कुमार रुक गए। नीतीश और तेजस्वी के सामने एक सुर में बोलना शुरू कर दिया। किसान ने समस्या बताते हुए कहा- प्रणाम सर, नहर में पानी नहीं आ रहा है सर। नहर में 10 साल से पानी नहीं आ रहा है। यहां पर विकास कुछ नहीं आ रहा है, हमलोग किसान मर रहे हैं। आप बिहार के मुख्यमंत्री हैं सर। भूखे मर जाएंगे सर, आप बचाइए सर, हम किसान आधारित हैं सर। किसान लगातार बोलता चला जा रहा था। इस दौरान नीतीश कुमार का हाव-भाव पूरी तरह बदल गया। वो जानने की कोशिश कर रहे थे कि आखिर किसान को क्या परेशानी है।

**'आप पीएम बनिएगा सर।**

किसान की बातों से यह साफ जरूर हो गया कि उसे मालूम था कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2024 में प्रधानमंत्री बनने के मुंड में हैं। इस दौरान उसने यह भी कह दिया कि 'सर आप पीएम बनिएगा सर, आप पीएम बनने वाले हैं सर। फिर नीतीश कुमार ने अधिकारियों की ओर इशारा किया तो इत्मीनान से किसान ने कहा कि 'सर नहर में पानी नहीं आ रहा। अधिकारी ने पूछा कहां का मामला है? इस दौरान जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने किसान की बात को गंभीरता से सुना। नीतीश कुमार ने संबंधित पदाधिकारियों को इस पर जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## महाबोधि मंदिर में 10 एमएल शराब के साथ रूसी भिक्षु गिरफ्तार

गया, 20 जनवरी (एजेंसियां)। बोधगया में महाबोधि मंदिर में 10 एमएल शराब के साथ रूसी बौद्ध भिक्षु को पकड़ा गया है। वह बौद्ध धर्म के तहत तंत्र साधना के लिए मंदिर में शराब ले जा रहा था। भिक्षु को विशेष सुरक्षा कर्मियों ने बोधगया पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस इस मामले में आरोपी रूसी बौद्ध भिक्षु इडिपसी एयास पर एफआईआर दर्ज की है। बोधगया थानाध्यक्ष रूपेश कुमार ने बताया कि रूसी बौद्ध भिक्षु अपने साथ बोतल में शराब लेकर मंदिर में प्रवेश करने की कोशिश में था, लेकिन स्कैनर मशीन में शराब की बोतल पकड़ी गई।

## कवियत्री अनामिका के हेल्पर को जान का खतरा

**मेरठ में मुस्लिम लड़की से की थी लव मैरिज; आरोप-पुलिस ने थाने से भगा दिया**

मेरठ, 20 जनवरी (एजेंसियां)। यूपी में बाबा गीत गाने वाले कवयित्री के हेल्पर ने मुस्लिम युवती से 11 जनवरी को लव मैरिज कर लिया। जिसके बाद हेल्पर ने खुद और पत्नी की जान का खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा की मांग की। मगर पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। जिसके बाद कवयित्री के पति कवि सौरभ जैन ने उनकी सुरक्षा के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सुरक्षा की गुहार लगाई है। वहीं, कवि सौरभ जैन का आरोप है कि थाने पर मौजूद सब इंस्पेक्टर तहरीर लेने से इनकार कर दिया। साथ ही पीड़िता और साथ आए लोगों से दुर्व्यवहार कर थाने से बाहर जाने को कह दिया। रेलवे रोड थाना क्षेत्र में रहने वाले साजन अतवाल उर्फ संजू नामक पिछले 15 सालों से कवियत्री अनामिका अंबर का होम हेल्पर है। साजन ने सदर बाजार की रहने वाली शाहीन से 11 जनवरी को लव मैरिज किया है। एक गैर संप्रदाय के युवक से शादी करने से युवती के परिवार में रोष है। युवक-युवती दोनों 8 जनवरी को चुपचाप शहर से बाहर चले गए। 11 जनवरी को दोनों ने पिपरौल बदायूं में आर्यसमाज विधि से शादी कर ली। शाहीन ने शादी से पहले अपने घर में बताया कि वह हिंदू लड़के साजन से प्रेम करती है। दोनों शादी करना चाहते हैं। लेकिन युवती के परिजन नहीं माने। युवती के परिजन साजन को जान से मारने की धमकी देने लगे। परिजनों की रजामंदी न होने पर भी मजबूरी में युवक-युवती दोनों 8 जनवरी को घर से चले गए और शादी कर ली। तभी से युवती के परिजन युवक साजन के पीछे



पड़े हैं। उसे जान से मारने की फिराक में हैं। युवती के परिजन साजन को खोजते हुए उसके घर रेलवे रोड भी पहुंचे। वहां परिजनों को भी धमकी देकर आए।

# फारुक अब्दुल्ला ने कहा

## पाक से बात किए बिना नहीं हो सकता आतंकवाद का खात्मा

लखनपुर, 20 जनवरी (एजेंसियां)। नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला है। साथ ही उन्होंने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अब भी जिंदा है और इसे केवल पाकिस्तान के साथ वार्ता के माध्यम से ही खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर हमारी जमीन में घुसने वाले चीन से बातचीत हो सकती है तो फिर पाकिस्तान से बात करने में क्या दिक्कत है। अब्दुल्ला ने बीजेपी पर भारत में 'नफरत फैलाने' और देश की अखंडता को खतरे में डालने का आरोप भी लगाया।

**'चीन से बात हो सकती है तो पाकिस्तान से क्यों नहीं'**

जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'मैं आपको अपने खून से लिखकर दे सकता हूं कि आतंकवाद अब भी जिंदा है और यह पाकिस्तान के साथ वार्ता शुरू करने तक खत्म नहीं होगा। जब आप चीन से बात कर सकते हैं, जो हमारी सीमा और जमीन में 16 बार घुस चुका है तो आप पाकिस्तान से बात करने से क्यों कतरा रहे हैं।' फारूक



अब्दुल्ला और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने राहुल गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' के जम्मू-कश्मीर में दाखिल होने पर उसका स्वागत किया था।

**'बीजेपी की सरकार बातचीत नहीं करना चाहती'**

यह पूछे जाने पर कि क्या पाकिस्तान से बात करने से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद खत्म हो जाएगा, अब्दुल्ला ने कहा, 'हमें कोशिश करनी होगी, लेकिन बीजेपी की सरकार ऐसा नहीं चाहती। उन्हें अपने वोट बैंक के लिए मुसलमानों और हिंदुओं को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने के वास्ते नफरत फैलानी है। वे पाकिस्तान में रहने वाले हिंदुओं और हमारे देश के मुसलमानों की सुरक्षा की परवाह किए बिना नफरत फैला रहे हैं। लोगों के दिलों से नफरत नहीं निकाली गई तो भारत की अखंडता के सामने खतरा खड़ा हो जाएगा।'

**'कश्मीर फाइल्स नफरत फैलाने के लिए रिलीज हुई'**

अब्दुल्ला ने फिल्म 'कश्मीर फाइल्स' पर निशाना साधते हुए कहा, 'नफरत फैलाने और वोट बटोरने की खातिर कश्मीरी पंडितों की दुर्दशा का इस्तेमाल करने के लिए एक फिल्म रिलीज की गई। बीजेपी कश्मीरी पंडितों की वापसी और पुनर्वास को लेकर हल्ला मचा रही है, लेकिन हुआ क्या? कश्मीर में जिन्हें प्रधानमंत्री पैकेज के तहत नौकरी दी गई, आतंकवाद से उनकी जान भी गई, लेकिन यह उन्हें नजर नहीं आता।' उन्होंने कहा कि कश्मीर में आतंकवाद शुरू होने के बाद से कश्मीरी पंडित और मुसलमान दोनों प्रभावित हुए हैं और नेशनल कांफ्रेंस के कार्यकर्ता और मंत्री भी बड़ी संख्या में मारे गए हैं।

# कमलनाथ के बयान पर ऊर्जा मंत्री का पलटवार

## कहा- उन्होंने काला चश्मा लगाया है इसलिए काला नजर आता है

ग्वालियर, 20 जनवरी (एजेंसियां)। बीजेपी की विकास यात्रा को फ्रॉड यात्रा बताने वाले पूर्व सीएम कमलनाथ के बयान पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पलटवार किया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि अगर कमलनाथ जी ने ऐसा कहा है तो वह मेरे साथ चलें और विकास देखें। ग्वालियर आएं और मैं उन्हें विकास दिखाऊंगा, कमलनाथ जी यहां आकर अपनी आंखों से देखें कि लोगों को कितनी सुविधाएं मिल रही हैं। लेकिन उन्होंने काला चश्मा लगाया है इसलिए सब कुछ काला ही काला नजर आता है। उनके सामने अंधकार है क्योंकि उनके पास कोई कार्य योजना नहीं है। वहीं, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह के केसरिया गाना गाने को लेकर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि वह पुराने केसरिया के साथी हैं, इसलिए याद तो आयेगी। उन्हें केसरिया से प्यार है इसलिए सत्य सामने आया है और इसका असर परिणामों में दिखेगा। वहीं, कांग्रेस के बड़े दलित नेता फूल सिंह बरैया के काला मुंह कर लेने वाले बयान को लेकर उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि उन्होंने पहले भी ऐसा ही बोला था, तो क्या पहले भी किया था क्या... लेकिन आगामी विधानसभा चुनावों में हमारी 150 सीटें ज्यादा आएंगी, उसके बाद बरैया जी जो कहेंगे वह करेंगे।

### गमले के स्टैंड बदलने के प्रयास ने लगाई सवा तीन लाख रुपये की चपत

ग्रेटर नोएडा, 20 जनवरी (एजेंसियां)। अमेजॉन से गमले के लिए स्टैंड बदलने का प्रयास एक व्यक्ति को सवा तीन लाख रुपये की चपत लगा गया। व्यक्ति ने स्टैंड बदलवाने के लिए गूगल से अमेजॉन का नंबर निकालकर कॉल की थी। दूसरी तरफ, एक लिंक भेजकर उसमें साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड की जानकारी ले ली और उसके कार्ड से डिजिटल गोल्ड क्वाइन की खरीदारी कर दी। पीड़ित ने सूरजपुर कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। जीटा-1 स्थित एवीजे हाइट्स निवासी हरिमूर्ति यादव एक कंपनी में कर्मी हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने अमेजॉन से गमलों के स्टैंड मंगाए थे।

# मंत्री तेजप्रताप यादव के ऑफिस से लाखों के फर्नीचर गायब



पटना, 20 जनवरी (एजेंसियां)। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और बिहार सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव के कार्यालय से लाखों का फर्नीचर चोरी होने का मामला सामने आया है। मामला सामने आने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया. वन एवं पर्यावरण मंत्री के निजी सहायक विशाल कुमार के अनुसार, कुछ दिन पहले कार्यालय अरण्य भवन में लाखों का फर्नीचर लगाने के लिए लाया गया था, जिसे मंत्री तेजप्रताप यादव को दिखाया भी गया था. लेकिन, जब पिछले दिन कार्यालय पहुंचे तो तमाम फर्नीचर गायब मिले. उन्होंने आगे बताया कि फर्नीचर के गायब होने के बाद जांच शुरू हुई और पता चला कि ठेकेदार बबलू सिंह तमाम फर्नीचर को अपने घर ले गए हैं. तेजप्रताप के कार्यालय के लिए लाए गए फर्नीचर को अरण्य भवन के छत पर रख गया था. लेकिन, पिछले दिनों पाया गया कि वहां कोई फर्नीचर है ही नहीं. मंत्री तेजप्रताप के पीए विशाल कुमार ने कहा कि कार्यालय से बिना किसी जानकारी के फर्नीचर कोई अपने घर कैसे ले जा सकता है. वन एवं पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव के सामान चोरी होने का यह दूसरा मामला सामने आया है. इससे पहले 2022 में उनके आवास दो स्टैंड रोड से आईफोन चोरी होने का मामला सामने आया था, जिसके बाद हंगामा खड़ा हुआ था. मंत्री तेज प्रताप यादव ने खुद सचिवालय थाना में एफआईआर दर्ज करायी थी. आईफोन चोरी करने का आरोप तेज प्रताप यादव के ही नौकर चंदन पर लगा था. बताया गया था कि चंदन ने ही मोबाइल चोरी कर गायब कर दिया था.

# लोकायुक्त ने बीते साल 279 भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारी पर दर्ज किया केस

### 252 को रंगेहाथ पकड़ा

भोपाल, 20 जनवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार के ग्राफ में इजाफा हुआ है। इसका खुलासा विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त संगठन की सालाना रिपोर्ट में हुआ है। लोकायुक्त पुलिस ने प्रदेश में 2022 में 279 भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसमें 252 को रंगेहाथ रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त पुलिस की सालाना रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में कुल 279 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। इनमें 252 ट्रेप, 17 अनुपातहीन संपत्ति (छापे) तथा 10 पद के दुरुपयोग के प्रकरण शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021 की तुलना में इस वर्ष कुल पंजीबद्ध प्रकरणों में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ट्रेप के पंजीबद्ध प्रकरणों में 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसमें एजेंसी की तरफ से क्लर्क, डॉक्टर, पटवारी, रेंजर, इंजीनियर, नायब तहसीलदार, पुलिसकर्मी, एसडीओ, रेवेन्यू इंस्पेक्टर समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार लोकायुक्त ने 2022 में 358 आपराधिक प्रकरणों की विवेचना पूर्ण की, जिनमें 269 ट्रेप प्रकरण शामिल हैं। वहीं, 25 अनुपातहीन संपत्ति (छापे) के प्रकरण तथा 64 पद के दुरुपयोग के प्रकरण शामिल रहे हैं। इसके अलावा एजेंसी 52 प्राथमिक जांच प्रकरणों का भी निराकरण किया गया। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में प्रदेश के अलग-अलग न्यायालयों में 202 प्रकरणों में चालान प्रस्तुत किए गए। कोर्ट ने 140 प्रकरणों में अंतिम निर्णय पारित किया। इसमें से 98 में अभियुक्तों को दंडित किया गया। इस वर्ष सजा का प्रतिशत 70 प्रतिशत रहा। 2021 की तुलना में 2022 में 7 प्रतिशत अधिक प्रकरणों में सजा सुनाई गई।

## 'भारत जोड़ो यात्रा' के समापन पर शामिल हो सकते हैं नवजोत सिंह सिद्धू

# अभी पटियाला जेल में हैं बंद



चंडीगढ़, 20 जनवरी (एजेंसियां)। 'भारत जोड़ो यात्रा' के समापन पर पंजाब के कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में होने वाली मेगा रैली में शामिल हो सकते हैं. सूत्रों का कहना है कि पार्टी हाईकमान का मानना है कि सिद्धू समय से पहले 26 जनवरी को जेल से रिहा हो जाएंगे. जिसके चलते पार्टी के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने उनकी पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू को निमंत्रण दिया है. नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू बीते सोमवार को जालंधर जिले के खरल कलां से राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के शाम के चरण में शामिल हुई थीं. डॉ. सिद्धू के साथ यात्रा में उनका बेटा करण सिद्धू भी साथ था. उल्लेखनीय है कि नवजोत सिंह सिद्धू के राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ अच्छे समीकरण हैं. पंजाब में कांग्रेस का यह पहला ऐसा बड़ा कार्यक्रम था, जिसमें सिद्धू की पार्टी नेताओं ने कमी महसूस की. कांग्रेस नेता राहुल गांधी यात्रा के दौरान होशियारपुर में सिद्धू पर पूछे गए सवालों के जवाब कहा था कि सभी को कुछ न कुछ जिम्मेदारी दी जाएगी.

**जेल में बंद हैं सिद्धू**

नवजोत सिंह सिद्धू वर्तमान में पटियाला सेंट्रल जेल में बंद हैं. वह 1988 के एक रोड रेज मामले में एक साल की कैद की सजा काट रहे हैं. नवजोत सिंह सिद्धू, जिन्होंने पिछले साल मई में पटियाला अदालत के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था और बाद में जेल में बंद कर दिया गया था. उन्हें समय से पहले रिहा किया जा सकता है क्योंकि जेल अधिकारियों ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर उनका मामला माफी के लिए भेजा है. गौरतलब है कि पंजाब में कांग्रेस को राजनीतिक संकट का सामना करना पड़ रहा है. इसके एक पूर्व सीएम सहित छह पूर्व मंत्री भाजपा में शामिल हो चुके हैं. हाल ही में पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल भी भाजपा में शामिल हो गए हैं. भाजपा में शामिल होने से पहले बादल ने पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू से पटियाला सेंट्रल जेल में मुलाकात की थी.

# फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलई को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत



नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलई को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. कोर्ट ने उन्हें गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण दिया है. 'काली' पोस्टर विवाद पर चार राज्यों में दर्ज एफआईआर पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं होगी. इसी मामले में भविष्य के एफआईआर में भी संरक्षण दिया गया है. साथ ही दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड को नोटिस जारी किया है. चीफ जस्टिस (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पी एस नरसिम्हा की बेंच ने ये आदेश दिया है. इस मामले की अगली सुनवाई 20 फरवरी को होगी. लीना मणिमेकलई की वकील कामिनी जायसवाल ने कहा कि लीना एक प्रसिद्ध फिल्ममेकर हैं. उनके खिलाफ 6 मुकदमे दर्ज हैं, साथ ही लुक आउट सर्कुलर भी जारी किया गया है. 'काली' पोस्टर विवाद को लेकर फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलई की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा था. लीना ने अपने खिलाफ कई राज्यों में दर्ज मुकदमों को रद्द करने की मांग की है. उन्होंने अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'काली' में देवी काली को सिगरेट पीते हुए दिखाया था. इस विवाद को लेकर लीना मणिमेकलई पर कई केस दर्ज हुए थे. उनके खिलाफ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड में एफआईआर दर्ज की गई है.

# संतों ने किया मुस्लिम ब्रदरहुड का स्वागत, पीएफआई को बताया बवाल की जड़

हरिद्वार, 20 जनवरी (एजेंसियां)। बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को बेवजह के बयान देने से बचने की हिदायत दी है। जिसका विश्व हिंदू परिषद की फायर ब्रांड नेता साध्वी प्राची और काली सेना के प्रमुख स्वामी आनंद स्वरूप ने भी समर्थन किया है. पीएम मोदी की नसीहत: गौर हो कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी के उन नेताओं को नसीहत दी जो मुस्लिम समाज के बारे में आए दिन बयानबाजी करते हैं. प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि मुस्लिम समाज के बारे में गलत बयानबाजी ना करें और पार्टी कार्यकर्ता देश के अल्पसंख्यक समाज से बिना वोट की अपेक्षा के मिलें, चाहें वो मुस्लिम ही क्यों न हो. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक





में दी गई नसीहत के बाद एक अलग ही विवाद जन्म लेता नजर आ रहा है. साधु संत इस नसीहत को सही बता रहे हैं.

**साध्वी प्राची ने बयान पर क्या कहा**

विश्व हिंदू परिषद की फायर ब्रांड नेता साध्वी प्राची जो कि लगातार बयानबाजी करती हैं, उन्होंने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस नसीहत का स्वागत किया है. उन्होंने कहा कि हम शुरू से ही कहते हैं कि यह देश हम सबका है. इस देश में रहने का अधिकार सबको है. लेकिन शुरुआत हमेशा दूसरा पक्ष करता है ना कि कोई हिंदू. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को यह ध्यान में रखना चाहिए कि रिमोट कंट्रोल उनके हाथ में है. हमने 10 साल पहले मांग उठाई थी कि पीएफआई पर प्रतिबंध लगना चाहिए. लेकिन थोड़ी देर हो गई. जैसे ही पीएफआई पर प्रतिबंध लगा वैसे ही घटनाएं बंद हो गईं, जिससे समझा जा सकता है कि कौन पहल करता है.

**काली सेना ने भी किया स्वागत**

काली सेना के प्रमुख स्वामी आनंद स्वरूप ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नसीहत का स्वागत करते हुए कहा कि हम शुरू से ही कहते रहे हैं कि यह सब हमारे हिंदू भाइयों के दिमाग में है और जो भी मुसलमान हमें अपना भाई मानता है, हम उनसे भाई बनकर ही मिलते हैं. यह नसीहत भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें मुसलमान भाइयों को देखते हुए दी है.वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को नसीहत दी गई थी. पीएम मोदी ने कहा कि मुस्लिम समाज के बारे में गलत बयानबाजी ना करें.

# रंधावा का अमरिंदर पर हमला: कहा- गद्दारी में यह परिवार सबसे आगे

## उनकी पत्नी को कांग्रेस से निकाला जाना चाहिए



चंडीगढ़, 20 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल के कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने की घटना से पंजाब के पूर्व कांग्रेस मंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा काफी गुस्से में हैं। उन्होंने बुधवार को इस मामले में कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए मनप्रीत बादल और पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह पर निशाना साधा। रंधावा ने कैप्टन को चुनौती दी है कि वह अपने दम पर पटियाला लोकसभा सीट जीतकर दिखाएं। उन्होंने यह भी कहा कि कैप्टन की पत्नी परनीत कौर को कांग्रेस से बाहर किया जाना चाहिए। राहुल गांधी की यात्रा के दौरान पत्रकारों से बातचीत में रंधावा ने कैप्टन अमरिंदर सिंह के बारे में कहा कि कैप्टन को अब तक जो भी मिला है वह कांग्रेस से ही मिला है। वह अपने दम पर पटियाला में ही चुनाव लड़ लें तो जमानत नहीं बचा पाएंगे। कैप्टन पर रंधावा ने कहा- आप पहले मुगलों के गुलाम थे। आपका परिवार उनकी झोलियां उठाता रहा। केवल आपके परिवार ने ही महाराजा रणजीत सिंह का साथ नहीं दिया, वरना आज पंजाब का इतिहास कुछ और होता। रंधावा ने आगे कहा कि गद्दारी में यह परिवार सबसे आगे रहा है। यह परिवार अंग्रेजों का भी पिट्ठू रहा। पता नहीं कांग्रेस की क्या मजबूरी थी, जो इस परिवार को आगे लाए। कैप्टन को मेरी चुनौती है कि पटियाला से चुनाव लड़कर दिखाएं। रंधावा ने मनप्रीत बादल पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मनप्रीत बादल को शर्म आनी चाहिए। पंजाब के लोगों को धोखा देते रहे और खजाना खाली होने का ढिंढोरा पीटकर कांग्रेस की छवि खराब करते रहे। रंधावा ने मनप्रीत बादल के कांग्रेस छोड़ने का स्वागत किया और कहा कि इन्हें पहले ही कांग्रेस छोड़ देनी चाहिए थी। रंधावा ने कहा कि मनप्रीत बादल समेत कांग्रेस को छोड़कर जाने वाले सभी नेताओं को भाजपा को टिकट देनी चाहिए, ताकि जनता के बीच इन्हें अपनी हैसियत का पता चल सके।

# नेताजी की जयंती पर आरएसएस का कार्यक्रम

## उनकी बेटी ने ही उठाए सवाल, कहा- सिर्फ जुबानी सम्मान नहीं



नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। 23 जनवरी को पूरा देश नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाएगा. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इसे मनाने का फैसला किया है लेकिन ये बात नेताजी की बेटी अनीता बोस को पसंद नहीं आई है. उन्होंने इसकी निंदा की है और कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस आरएसएस के आलोचक थे. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती कोलकाता की शहीद मीनार पर मनाने जा रहा है. कार्यक्रम में संघ के प्रमुख मोहन भागवत मुख्य वक्ता होंगे. अनीता बोस ने कहा, मेरे पिता एक ऐसे व्यक्ति थे जो एक कट्टर हिंदू थे लेकिन सभी धर्मों के प्रति सम्मान रखते थे और मानते थे कि हर कोई एक साथ रह सकता है. मुझे नहीं लगता कि आरएसएस इसमें विश्वास करता है. अगर आरएसएस ने नेताजी की विचारधारा को अपनाना शुरू कर दिया है, तो यह भारत के लिए अच्छा होगा. नेताजी धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करते थे और मुझे यकीन नहीं है कि आरएसएस उस पर कायम है. अगर आरएसएस हिंदू राष्ट्रवादी विचारों का प्रचार करना चाहता है, तो यह नेताजी की विचारधारा से मेल नहीं खाएगा. अगर इसके लिए नेताजी का इस्तेमाल किया जाता है तो मैं इसकी तारीफ नहीं करूंगी. चैनल से बातचीत में उन्होंने कहा, 'मैं यह देखूंगी कि वे सिर्फ जुबानी ही नेताजी के विचारों को सम्मान तो नहीं दे रहे हैं.' हालांकि, नेताजी की बेटी ने कहा कि वे इस बात का सम्मान करती हैं कि आरएसएस उनका 126वां जन्मदिन मना रहा है. उन्होंने बताया कि नेताजी के सिद्धांतों का उपयोग करना उपमहाद्वीप के लिए फायदेमंद होगा.

### 'कोई 9बी सीट नहीं, 4 महीने का बैन गलत'- फ्लाइट में पेशाब करने के आरोपी ने एयर इंडिया के फैसले पर कहा

नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। फ्लाइट में महिला पर पेशाब करने के आरोपी शंकर मिश्रा ने चार महीने तक बैन लगाए जाने के एयर इंडिया के फैसले पर असहमति जताई है. आरोपी शंकर मिश्रा के वकील अक्षत बाजपेई ने कहा कि उनकी मुवक्किल चार महीने तक प्रतिबंध लगाए जाने के कमेटी के फैसले से असहमत है. इसके खिलाफ अपील दायर करने की प्रक्रिया में हैं. आरोपी के वकील ने दावा किया कि जांच कमेटी का फैसला विमान की संरचना की गलत समझ पर टिका है. शंकर मिश्रा के वकील ने दावा किया कि उनके मुवक्किल पर जिस सीट नंबर 9B पर कथित पेशाब करने का आरोप है, वह सीट नंबर बिजनेस क्लास में है ही नहीं. आरोपी शंकर मिश्रा पर आरोप है कि न्यूयॉर्क से नई दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में सफर के दौरान नशे में धुत होकर उसने एक वयस्क महिला के ऊपर पेशाब कर दी थी. महिला ने इसकी शिकायत फ्लाइट स्टाफ से भी की थी. बावजूद आरोपी को आसानी से जाने दिया गया था. महिला ने एयर इंडिया के स्वामित्व वाली कंपनी टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन से शिकायत दर्ज कराई थी.

# पाक से दमोह पहुंचे वैष्णव संप्रदाय के 45 तीर्थयात्री

## बोले- हमें अपने देश में पूरी धार्मिक स्वतंत्रता

दमोह, 20 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कराची से भारत आए 45 श्रद्धालुओं का समूह मध्यप्रदेश के दमोह पहुंचा है। वैष्णव संप्रदाय के लोग यहां सवा लाख मानस पाठ में ठहरे हैं। इन श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्हें पाकिस्तान में सभी प्रकार की धार्मिक स्वतंत्रता है। कराची में ब्रह्म नारद माधव गोटिया वैष्णव संप्रदाय के महंत कृष्णा किशोर दास ने बताया कि उनकी भारत में रहने की इच्छा नहीं, क्योंकि उनका देश पाकिस्तान बहुत अच्छा है और वे वहां पर बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा, हम भारत घूमने के लिए नहीं आए, क्योंकि घूमने के लिए, तो पाकिस्तान में भी बहुत अच्छे स्थान हैं। हम तो यहां तीर्थ यात्रा पर आए हैं, ताकि वृंदावन, हरिद्वार, गया और कई धार्मिक स्थल के दर्शन कर सकें। हम लोग चाह रहे थे कि भगवान बद्रीनाथ जी के दर्शन हो जाएं, लेकिन जब तक बीजा मिला वहां के कपाट बंद हो गए, जिसका दुख भी रहेगा कि भगवान बद्रीनाथ के दर्शन नहीं हो पाए। फिर मकर संक्रांति आ गई तो धार्मिक मान्यता है कि गंगा नदी और दूसरी नदियों में स्नान करने का काफी पुण्य मिलता है, इसलिए उन्होंने हरिद्वार में गंगा स्नान किया।

**वृंदावन और जगन्नाथ स्वामी के करेंगे दर्शन**



महंत कृष्णा किशोर दास ने बताया कि जब हम पाकिस्तान से रवाना हो रहे थे तो उनके धर्म के लोगों को पता चला कि गया में अपने पूर्वजों का तर्पण किया जाता है इसलिए कई लोगों ने भेंट दी, जिन्हें वे गया ले गए। उन्होंने अपनी शुरुआत अमृतसर में दुर्गाना मंदिर, श्री रामतीरथ से की। गोल्डन टेंपल भी जाना था, लेकिन समय अभाव के कारण नहीं जा पाए। अभी हरिद्वार में दर्शन किए हैं और अब वृंदावन और जगन्नाथ स्वामी के दर्शन करने जाएंगे। वैष्णव संप्रदाय से जुड़े 45 लोग भारत यात्रा पर आए हैं। उन्होंने कहा कि सभी को 13 जनवरी से 25 दिनों तक का बीजा मिला है। इन 25 दिन में हम जितने भी तीर्थ यात्रा कर पाएंगे। वह हमारे लिए बेहतर होगा। समय सीमा में ही हमें अपनी यात्रा पूरी करनी है।

**जैसे कीचड़ में कमल, वैसे हम वैष्णव...**

कृष्णा किशोर दास ने बताया कि वैष्णव पंथ संप्रदाय ठीक वैसे ही है जैसे कीचड़ में कमल खिलकर कीचड़ की शोभा बढ़ा देता है, वैसे ही वैष्णो रूपी भक्त पाप जैसे कीचड़ को समाप्त कर देता है। वैष्णव को पतित पावन कहा गया है, जो देश, जाति का काल, संप्रदाय किसी भी चीज में भेदभाव नहीं करते। आज के युग में जिस तरह से पाप बढ़ रहे हैं, उन पापों के नाश के लिए भगवान के प्रति भक्ति का प्रमुख केंद्र वैष्णव ही है। वैष्णो हर किसी में भगवान देखते हैं। कृष्णा किशोर दास ने कहा कि यहां एकादशी पर लोग मांस मदिरा का सेवन करते हैं। उनका कहना है कि जो सनातनी है वह इन सभी नियमों का पालन करें। त्रिकाल संध्या करें, जप करें, पूजन करें ताकि सभी का कल्याण हो सके। उन्होंने कहा कि हम लोग एकादशी व्रत रखते हैं। मंगलवार को भी उन सभी ने व्रत रखा था और विधि विधान के साथ पूजन किया था। सनातन धर्म से जुड़े सभी लोगों को धार्मिक मान्यताओं को मानना चाहिए।

**सोशल मीडिया के माध्यम से आ गए दमोह**

45 लोगों के जत्थे का दमोह आना कोई अनायास नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया पर देखा कि दमोह में एक ऐसा स्थान जहां पर सवा लाख बार रामचरितमानस का पाठ किया गया है। उनके मन में इच्छा हुई कि ऐसे सिद्ध स्थान पर जरूर जाना चाहिए, इसलिए उन्होंने यहां के संत श्रीभगवान से संपर्क किया और यहां आ गए। दो दिनों से यहां पर हैं। इस स्थान की पवित्रता और इसकी उर्जा अपने आप उन्हें महसूस हो रही है।

# पलायन का बोझ झेल रहे हैं जोशीमठ जैसे नगर

उत्तराखण्ड में जितनी तेजी से पलायन हो रहा है उतनी ही तेजी से निकटवर्ती नगरों का बोझ बढ़ता जा रहा है और उसका नतीजा जोशीमठ की आपदा के रूप में सामने आ रहा है। पलायन के कारण हो रहे जनसंख्या असंतुलन और दबाव के चलते मसूरी और नैनीताल सहित लगभग सभी पहाड़ी नगरों की बहनीय क्षमता या तो समाप्त हो चुकी है या समाप्त होने जा रही है। इन बोझिल नगरों पर भारी मानवीय दबाव का असर दरारों और जमीन के धंसने के रूप में सामने आ रहा है। जोशीमठ के अलावा कम से कम आधा दर्जन छोटे बड़े नगरों में जमीन पर दरारें देखी गयी हैं। इनमें कुछ सड़क, रेल और बिजली परियोजनाओं से तो कुछ अपने ही बोझ से धंस रहे हैं। अंग्रेजों द्वारा 1840 के दशक में बसाये गये भारत के मशहूर पर्यटन नगर नैनीताल में 1880 तक तीन भूस्खलन आ चुके थे। 1880 के भूस्खलन में तो वहां 151 लोग मारे गये थे जबकि उस समय वहां की जनसंख्या मात्र 6,576 थी, और अब 2011 में वहां की जनसंख्या 41,377 हो चुकी थी। पिण्डर घाटी में चमोली का झलिया और बागेश्वर का क्वांरी गांव कभी भी जमींदोज हो सकते हैं। गांवों और नगरों के लाखों लोग खतरे की जद में उत्तराखण्ड में धंसने वाला जोशीमठ अकेली बसावट नहीं है। कुछ साल पहले जोशीमठ के ठीक सामने चाईं गांव धंस चुका था। बदरीनाथ मार्ग पर ही अलकनन्दा और पिण्डर नदियों के संगम पर स्थित कर्णप्रयाग नगर भी धंस रहा है। उत्तराखण्ड के पंच प्रयोगों में से एक यह नगर महाभारत के महायोद्धा दानवीर कर्ण के नाम से बसा हुआ है और यहीं पर कर्ण का मंदिर भी है। इस नगर की बहुगुणा कालोनी में दर्जनों मकानों पर दरारें आ चुकी हैं। चमोली के जिला मुख्यालय गोपेश्वर के हल्दापानी क्षेत्र में भूधंसाव के कारण कम से एक दर्जन मकानों में अब तक दरारें आ चुकी हैं। ऐसी ही सूचना ब्लाक मुख्यालय पोखरी और गैरसैण से भी है। इसी तरह टिहरी गढ़वाल के नरेन्द्रनगर तहसील क्षेत्र के अटाली गांव भूधसंसाव की चपेट में है। इसी जिले के गुलर, व्यासी, कोड़ियाला, और मलेथा गावों के मकानों पर भी दरारें आ गयी है। श्रीनगर गढ़वाल की हाइडेल कालोनी, आशीष विहार और नर्सरी रोड पर मकानों में दरारें आ रही है। उत्तरकाशी का गंगोत्री मार्ग स्थित भटवाड़ी कस्बा कुछ सालों से धंस रहा है। मस्तड़ी सहित कुल 26 गांव भूस्खलन के खतरे की जद में पाये गये हैं। उत्तरकाशी का नौगांव नगर भूधंसाव की चपेट में है।बागेश्वर के खरबगड़ और कपकोट के मकानों पर भी दरारें देखी जा रही है। पिण्डर घाटी में देवाल ब्लाक का अंतिम गांवझलिया और बागेश्वर जिले के कपकोट का क्वांरी गांव कभी भी जमींदोज हो सकते हैं। रुद्रप्रयाग के मरोड़ा गांव में कुछ मकान गिर भी चुके हैं। पिथौरागढ़ जिले की दारमा घाटी का सीमान्त गांव दार भी गंभीर खतरे में है। मुन्स्यारी और धारचुला तहसीलों के लगभग 200 गांव संवेदनशील बताये जा रहे हैं। चमोली के सारी गांव में भूधंसाव के कारण दो ढांचे गिर चुके हैं। इस प्रकार राज्य सरकार 465 गावों को पहले ही संवेदनशील घोषित कर चुकी है। अनियंत्रित शहरीकरण को बोझ नहीं झेल पा रहे नगर सन! 2001 की जनगणना में उत्तराखण्ड की नगरीय आबादी 25.66 प्रतिशत थी जो कि 2011 में 30.23 प्रतिशत तक पहुंच गयी। वर्तमान में नगरीय आबादी 40 प्रतिशत के आसपास तक पहुंचने का अनुमान है।इस पहाड़ी राज्य के लोग पहले आजीविका के लिये दिल्ली, मुम्बई और चण्डीगढ़ जैसे महानगरों में जाते थे। लेकिन नवम्बर 2000 में नये राज्य के गठन के बाद अधिकतर पलायन राज्य के अन्दर के नगरों में हो रहा है। लोग गांव छोड़ कर शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य आदि बेहतर सुविधाओं के लिये ब्लाक, तहसील और जिला और राज्य मुख्यालय की ओर आकर्षित हो रहे हैं। राज्य पलायन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश के अन्य क्षेत्रों की तरह उत्तराखण्ड में बहुत तेजी से शहरीकरण हो रहा है। देश में 2011 में शहरीकरण की दर 31.2 थी जो कि उत्तराखण्ड में 30.2 प्रतिशत दर्ज हुयी थी। लेकिन पहाड़ी राज्य उत्तराखण्ड में शहरीकरण की यह दर भी अत्यधिक है। क्योंकि विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यहां शहरों के विस्तार की गुंजाइश बहुत सीमित है। इसलिये यहां बहुत सीमित स्थानों पर ही जनसंख्या का भारी दबाव बढ़. रहा है। पहाड़ी ढलानों पर बसे इन नगरों का दबाव वहां की अस्थिर जमीन सहन नहीं कर पा रही है। शहरीकरण की वार्षिक वृद्धिदर भी 2011 में 4 प्रतिशत तक पहुंच गयी थी। गांवों की जनसंख्या का बोझ निकटवर्ती नगरों पर राज्य पलायन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखण्ड में अब तक 28.72 प्रतिशत प्रवासियों ने राज्य से बाहर, 35.69 प्रतिशत ने एक जिले से दूसरे जिले में, 15.46 प्रतिशत ने जिला मुख्यालय में और 19.46 प्रतिशत ने नजदीक के कस्बों में पलायन किया है। इस तरह देखा जाये तो 71.28 लोगों ने राज्य के अन्दर ही पलायन किया है। इनमें से कुछ ने राजधानी देहरादून में किया तो 34.92 प्रतिशत लोगों ने एक ही जिले में या तो जिला मुख्यालय या फिर ब्लाक और तहसील मुख्यालय या फिर व्यवसाय के लिये अनुकूल यात्रा मार्ग पर बसे श्रीनगर-कर्णप्रयाग और जोशीमठ जैसे नगरों में पलायन किया। नैनीताल और उत्तरकाशी जिले के लगभग 40-40 प्रतिशत लोगों ने गांव छोड़ कर नजदीकी कस्बों या नगरों में नया ठिकाना बनाया। इसी प्रकार चमोली में 19.72, रुद्रप्रयाग में 19.34, पौड़ी 19.61 और टिहरी जिले में 17.73 प्रतिशत लोगों ने गांव छोड़ कर नजदीकी कस्बों में घर बनाये। पिथौरागढ़ जैसे सीमान्त जिल में 33.07 प्रतिशत और बागेश्वर में 22 प्रतिशत लोग गांव छोड़ कर जिला मुख्यालय में बस गये। राज्य में कोई ऐसा जिला नहीं है जहां लोग गांव छोड़ कर नजदीकी जिला या ब्लाक मुख्यालय में आ कर न बसे हों। पलायन की इस प्रवृत्ति के चलते लगभग सभी पहाड़ी नगरों की कैरीइंग कैपेसिटी समाप्त हो चुकी है।जिस कारण प्रदेश की लाखों की आबादी खतरे की जद में है। नगर और गांव जोशीमठ की तरह भूस्खलनों पर जोशीमठ की ही तरह उत्तराखण्ड के अधिकांश गांव और नगर पुराने भूस्खलनों पर बसे हुये हैं। कालान्तर में ऊपर पहाड़ियो से खिसक कर आये भूस्खलनों ने पहाड़ी ढालों को समतल भी बनाया और ऊपर से ये उपजाऊ मिट्टी भी लाये जिससे इन भूस्खलनों पर पहले सम्पन्न गांव और बाद में इनमें से ही कई विख्यात नगर भी उग आये। लेकिन उन स्थानों की वहनीय क्षमता देखे परखे बिना जनसंख्या का दबाव बढ़ता गया और ये नगर जोशीमठ की तरह अपने ही बोझ तले दबते ही चले गये। गावों से आयी आबादी ने बिगाड़ा नगरों का संतुलन आदि गुरू शंकराचार्य ने सदियों पहले जब जोशीमठ में भारत की चैथी सर्वोच्च पीठ ज्योतिर्पीठ स्थापित की थी उस समय वहां अधिकतम् सौ दो सौ की आबादी रही होगी। सन् 1901 में जोशीमठ की जनसंख्या कुल 650 के आसपास थी। सन् 60 के दशक में बदरीनाथ तक मोटर रोड बनी तो चारधाम यात्रा और पर्यटन आदि से रोजगार संभावनाएं बढ़ने से 1971 में वहां की जनसंख्या बढ़ कर 5,852 वर्ष 1981 में 8,616, वर्ष 1991 में 11488 और 2001 में 13204 हो गयी। इस नगर की 1981 से लेकर 1991तक दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर 37 प्रतिशत और 2001 तक 37.7 प्रतिशत हो गयी। इस नगर की जनसंख्या 2011 में 16709 थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा गृहमंत्री अमित शाह को दिये गये आंकड़ों के अनुसार वहां की आबादी अब 25 हजार तक पहुंच गयी है। वहां केवल नगरपालिका क्षेत्र में 2011 में 3,898 मकान पंजीकृत थे जो कि आज 4,500 तक पहुंच गये। इनमें सेना और आइटीबीपी के विशाल भवन शामिल नहीं हैं। गये। अब अनुमान लगाया जा सकता है कि बिना मास्टर प्लान के ये पहाड़ी नगर किस प्रकार अपने ही बोझ तले दबे जा रहे हैं। यही कहानी नैनीताल, मसूरी, गोपेश्वर, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग, बागेश्वर, चम्पावत और पिथौरागढ़ नगरों की भी है। राज्य सरकार जोशमठ आपदा के बाद अब कुल 65 नगरों की कैरीइंग कपैसिटी का आंकलन कराने के बाद इनका मास्टर प्लान बनाने की सोच रही है।

**-जयसिंह रावत**

## अखाड़े में कुश्ती महासंघ

यूं तो वर्षों से खेल संघों में चल रहे भाई-भतीजावाद अनियमितता, पक्षपात और यौन शोषण आदि की शिकायतें मिलती रही हैं, लेकिन समय रहते उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे खेल संघों का बदनामी ने हमेशा ही पीछा किया है। लेकिन इस बार जिस तरह भारतीय कुश्ती महासंघ के खिलाफ देश के तमाम पहलवान एकजुट होकर उसके अध्यक्ष को हटाने की मांग पर अड़े हैं, वैसा पहले किसी खेल संघ में न देखा गया और न ही सुना गया। विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता और ओलंपिक खिलाड़ी विनेश फोगाट ने कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण का आरोप लगया तो तमाम ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीत चुके पहलवान उनके समर्थन में उतर आए। सभी तीन दिनों से दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देकर अध्यक्ष को हटा कर कडी कार्रवाई की मांग पर अडे हैं। जबकि बृजभूषण शरण सिंह ने इस्तीफा देने से इंकार करते हुए कहा कि यदि मैं मुंह खोल दिया तो सुनामी आ जाएगी। खेल मंत्रालय ने इस मामले में संघ से बहत्तर घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा। कुश्ती दूसरी ओर महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने सफाई दी कि उन्होंने किसी खिलाड़ी का यौन शोषण नहीं किया है, और न ही उन्हें कोई नोटिस मिला है। उन्हें फंसाने का कुचक्र रचा जा रहा है। अगर उनके खिलाफ किसी खिलाड़ी के यौन शोषण का सबूत मिल गया, तो वे खुद अपने को सजा देने को तैयार हैं। इस बीच सरकार और विरोध प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के बीच मध्यस्थता कर रहीं पहलवान बबीता फोगाट ने खेल मंत्रालय के साथ बैठक करके इस मामले को सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन धरनारत खिलाड़ी कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष के इस्तीफे पर अड़े हुए हैं। बता दें कि कुश्ती ही ऐसा खेल है, जो चाहे ओलंपिक हो या राष्ट्रमंडल खेल, सबसे अधिक पदक ले आता है। जाहिर है इसके खिलाड़ी अपने जुनून के बल पर विजयी होते रहे हैं। दुनिया भर में भारतीय पहलवानों ने देश का झंडा ऊंचा किया है। ऐसे में अगर कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और प्रशिक्षकों पर महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण का आरोप लग रहा है, तो इसका असर दुनिया भर में बदनामी के तौर पर देखी जा रही है। बृजभूषण शरण सिंह अपने को पाक-साफ जरूर करार दे रहे हैं, लेकिन उन पर खिलाड़ियों ने काफी गंभीर आरोप लगाए हैं। सबसे बडी बात तो यह है कि वे सत्तापक्ष के सांसद हैं, इसलिए खिलाड़ियों का भरोसा नहीं बन पा रहा कि उनके खिलाफ कोई कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है। इसलिए पहलवानों ने कहा है कि अगर उन्हें अध्यक्ष पद से नहीं हटाया गया और कुश्ती महासंघ का पुनर्गठन नहीं किया गया तो वे उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएंगे। हालांकि बहत्तर घंटे का समय पूरा होने वाला है, देखना दिलचस्प होगा कि सरकार क्या कदम उठाती है? इस घटना से जाहिर है कि कुश्ती महासंघ में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा। इसके पुनर्गठन की जरूरत महसूस की जाने लगी है। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब किसी खेल संघ के अध्यक्ष पर यौन शोषण का आरोप लगा हो। पहले हाकी संघ में ऐसा आरोप लगा था। एक लान टेनिस खिलाड़ी के यौन शोषण और फिर खुदकुशी को लेकर भी उसके संघ के अध्यक्ष पर आरोप लगे थे। खेल प्रशिक्षकों पर तो महिला खिलाड़ियों को बहला-फुसला कर यौन शोषण करने के आरोप लगते रहते हैं, लेकिन कुश्ती संघ के अध्यक्ष पर इस तरह बड़े पैमाने पर शामिल होने का आरोप पहली बार लगा है। पिछली बार ओलंपिक में जब भारतीय महिला पहलवानों ने पदक जीत कर देश का नाम ऊंचा किया था, तो प्रधानमंत्री ने भी गर्व के साथ वादा किया था कि खिलाड़ियों को सुविधा के स्तर पर किसी तरह की कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस तरह खिलाड़ियों में नया जज्बा पैदा हुआ था। इसे देखते हुए भरोसा बनता है कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर लगे आरोपों को सरकार गंभीरता से लेते हुए जरूर निष्पक्ष ढंग से व्यावहारिक कदम उठाएगी। इसके बाद भी शंका बनी है कि जिस तरह की दबंगई बृजभूषण शरण सिंह दिखा रहे हैं उससे कोई निर्णायक परिणाम निकलेगा।

## काश मैं मोबाइल होती

काम बहुत था यार आज, बुरी तरह से थक गया हूँ। - सोफे पर अपना बैग रखते हुए अजीत ने कहा। अजीत जल्दी से फ्रेश हो जाओ, तब तक मैं चाय बना देती हूँ। ठीक है, मधु! कहते हुए अजीत बाथरूम में चला गया। अजीत के फ्रेश होकर हॉल में आते ही माधुरी चाय-पकौड़े लेकर उसके पास पहुंची। चाय पीते हुए माधुरी ने पूछा- अजीत ! आजकल आपका घर आना काफी लेट हो रहा है, काम का लोड कुछ ज्यादा है क्या? पूछो मत मधु, कंपनी का दिया टारगेट पूरा करने का बहुत ज्यादा प्रेशर है । - अजीत ने गहरी सांस लेते हुए कहा। अजीत! हमारे घूमने का प्लान कब से है? दो-तीन महीने बाद चलने को बोले थे, पर ऑफिस के कामों में तो आप भूल ही गए इसे। क्या यार, तुम्हें घूमने की पड़ी है! यहाँ काम का इतना प्रेशर है कि सुबह ऑफिस जाने के बाद लेट नाइट आना होता है। अजीत ने उखड़े मूड में जवाब दिया। अजीत का गुस्सा देख माधुरी ने चुपचाप चाय खत्म किया और किचन में चली गई। इधर अजीत भी अपने स्मार्टफोन (मोबाइल) में बिजी हो गया। डिनर तैयार होने के बाद माधुरी ने अजीत को कई बार आवाज दी, परंतु अजीत अब भी अपने स्मार्टफोन में लगा रहा। माधुरी को ये समझ में नहीं आ रहा था कि अजीत वास्तव में बिजी है या उसे अनसुना कर रहा है। खैर, कुछ समय बाद अजीत डाइनिंग टेबल पर आया और फिर दोनों ने डिनर किया। थोड़ी देर बाद दूध की गिलास लेकर माधुरी बेडरूम में आई। वहां पहले से मौजूद अजीत को फिर से मोबाइल में बिजी देख माधुरी का गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ गया परन्तु उसने अपने आप को शांत रखते हुए दूध के गिलास को टेबल पर रखकर रूम को व्यवस्थित करने में लग गई और उधर अजीत अपने स्मार्टफोन में लगा रहा। थोड़ी देर बाद कमरे में छाई शांति को खत्म करते हुए माधुरी ने कहा - फोन में क्या कर रहे हो अजीत, जब से आए हो तब से फोन में लगे हो। कुछ नहीं मधु, ऑफिस के कुछ ई-मेल चेक करके फ्री हुआ तो सोचा जरा सोशल मीडिया की प्रोफाइल चेक कर लूँ। यार, सुबह से टाइम ही नहीं मिला किसी यार-दोस्त के पोस्ट पर लाइक, कमेंट करने का। हाँ, क्यों नहीं अजीत, आभासी दुनिया के यार दोस्तों की भी खैर-खबर जरूरी है, भले ही............! - माधुरी ने तंज कसते हुए कहा। भले ही क्या मधु......?माधुरी के अधूरे शब्दों पर अजीत ने टोका। कुछ नहीं अजीत, आप अपना काम करो।

आपके लिए सिर्फ ऑफिस का काम और आभासी दुनिया के मित्र-यार ही है, हम तो कुछ भी नहीं। माधुरी को बीच में टोकते हुए अजीत ने कहा - प्लीज, फालतू दिमाग मत ख़राब करो! पता नहीं तुम्हें कितनी बेरोजगारी है, ऊपर से ऑफिस में इतना कम्पटीशन और रही बात ऑफिस के कामों की तो मैं खुद के लिए जॉब नहीं करता बल्कि परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए करता हूँ।

सहमत हूँ अजीत कि नौकरी मे काम का प्रेशर बहुत रहता है। खासकर जब नौकरी प्राइवेट हो तो और भी ज्यादा I आप ये प्रेशर हमारी खुशियों के लिए लेते है परन्तु, मुझे इन खुशियों के साथ-साथ आपके दो पल भी चाहिए जिसमें मैं अपने दिल की बात आपसे कह सकूं। - माधुरी ने कहा।

## सेमीफाइनल से मिलेगा फाइनल का संकेत



राज कुमार सिंह

0देश में चुनावी बिगुल बज चुका है। चुनाव आयोग ने नगालैंड, मेघालय और त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव तारीखों का ऐलान कर दिया है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को अगले साल होनेवाले लोकसभा चुनाव तक के लिए बिना भेदभाव जन संपर्क में जुट जाने का टास्क दे दिया है। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा का कार्यकाल भी अगले लोकसभा चुनाव तक बढा. दिया गया है। इस साल नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। संभव है कि केंद्रशासित जम्मू-कश्मीर में भी इसी साल चुनाव हो जायें। अगले साल लोकसभा चुनावों से पहले ये चुनाव निश्चय ही जनमत का बडा. संकेतक होंगे। दरसअल इन नौ राज्यों से लोकसभा की कुल सदस्य संख्या का लगभग एक-चौथाई सदस्य चुन कर आते हैं। इनमें से लगभग तीन- चौथाई सीटें फिलहाल भाजपा के पास हैं। एक और अहम् तथ्य यह कि इनमें से चार बडे. राज्योंः कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ. में भाजपा और कांग्रेस के बीच लगभग सीधा मुकाबला है। इसलिए इनसे इतना संकेत तो मिल ही जायेगा कि लोकसभा चुनाव में मोदी की भाजपा को मुख्य चुनौती किस दल से मिलेगी या अगर कोई विपक्षी गठबंधन आकार लेगा तो उसमें कांग्रेस की क्या भूमिका होगी। मल्लिकार्जुन खड.गे का गृह राज्य कर्नाटक कांग्रेस और भाजपा, दोनों के लिए अहम् है। दक्षिण भारत में अपने के लिए प्रवेश द्वार बने कर्नाटक में भाजपा पिछले विधानसभा चुनाव में बहुमत के आंकडे. से नौ सीटें पीछे छूट गयी थी। सबसे बडे. दल के नेता के नाते राज्यपाल ने बी एस येदियुरप्पा को ही मुख्यमंत्री पद की शपथ तो दिलवा दी, पर वह बहुमत का जुगाड. नहीं कर पाये। भाजपा की फजीहत हुई और कांग्रेस-जनता दल सेक्यूलर गठबंधन सरकार गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया। 78 विधायकों के साथ कांग्रेस दूसरा बडा. दल थी, लेकिन भाजपा विरोध में उसे महज 37 विधायकोंवाले जनता दल सेक्यूलर के नेता एच डी कुमारस्वामी को मुख्यमंत्री स्वीकार करना पडा.। आहत येदियुरप्पा शांत नहीं बैठे और लगभग सवा साल में ही 16 गठबंधन विधायकों के विधानसभा से ही इस्तीफे और दो निर्दलियों के पाला बदल से फिर भाजपा की सत्ता में वापसी हो गयी। घटनाक्रम वहीं नहीं रुका। अपनी सरकार के दो साल पूरे होने पर येदियुरप्पा को बसवराज बोम्मई के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड.नी पडी.। पिछली बार जनता दल सेक्यूलर ने बसपा के साथ मिल कर चुनाव लडा. था। इस बार ऐसा लग रहा है कि उसका कांग्रेस के साथ ही चुनाव पूर्व गठबंधन जो जायेगा, पर दोनों दलों के बीच अंतर्विरोध भी कम नहीं हैं। कांग्रेस भी पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और प्रदेश अध्यक्ष डी के शिवकुमार के गुटों में बंटी है, पर भाजपा भी येदियुरप्पा को ले कर सशंकित है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ. में पिछली बार भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला हुआ था। छत्तीसगढ. में तो तीन कार्यकाल से सत्तारूढ .भाजपा को बेदखल कर कांग्रेस ने शानदार बहुमत से सरकार बनायी थी, लेकिन मध्य प्रदेश और राजस्थान में उसे सत्ता सबसे बडे. दल के नाते, निर्दलियों और छोटे दलों के समर्थन से मिल पायी। बेशक नेताओं की महत्वाकांक्षाओं के टकराव में मध्य प्रदेश में कमलनाथ सरकार 2020 में गिर भी गयी, जब ज्योतिदारित्य सिंधिया ने 22 विधायकों के साथ कांग्रेस से बगावत कर दी और शिवराज सिंह चौहान की अगुवाई में भाजपा की सत्ता में वापसी हो गयी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच महत्वाकांक्षाओं के टकराव से ऐसा ही संकट राजस्थान में भी कांग्रेस सरकार पर गहराया था, पर मध्य प्रदेश से मिले सबक से समय रहते सक्रिय हो कर आलाकमान उसे टालने में सफल हो गया। दोनों में तकरार अभी भी है, पर सरकार बरकरार है। हां, कांग्रेस के लिए संतोष की बात यह हो सकती है कि भाजपा में भी पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को ले कर सब कुछ सामान्य नहीं है और भितरघात की आशंका से सत्ता के दोनों दावेदार दल ही ग्रस्त हैं। छत्तीसगढ. भाजपा में सब कुछ सामान्य लगता है, जबकि सत्तारूढ. कांग्रेस मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टी के सिंहदेव के बीच बंटी हुई है। ढा.ई साल के लिए मुख्यमंत्री पद की प्रतीक्षा ही करते रह गये सिंहदेव के रुख पर भी कांग्रेस का भविष्य निर्भर करेगा। तेलंगाना में, टीआरएस को बीआरएस बना कर अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को हवा देनेवाले के. चंद्रशेखर राव की सरकार है। दोनों राष्ट्रीय दलः भाजपा और कांग्रेस हाशिये पर हैं। लगता नहीं कि विधानसभा चुनाव में बडा. उलटफेर हो पायेगा, पर अगले साल के लोकसभा चुनाव पर निश्चय ही कांग्रेस-भाजपा की नजर रहेगी। 2019 में भी तेलंगाना की 17 लोकसभा सीटों में से एनडीए और यूपीए क्रमशः चार और तीन सीटें जीतने में सफल रहे थे। हां, तेलंगाना में सत्ता बरकरार रखने के बाद केसीआर की महत्वाकांक्षाओं को अवश्य पंख लग जायेंगे, जो विपक्षी ध्रुवीकरण की कवायद में जुटे हैं।

अभी 18 जनवरी को भी उन्होंने आंध्र प्रदेश सीमा पर स्थित खम्मम में कांग्रेस को नापसंद करनेवाले अन्य विपक्षी नेताओं के साथ रैली की। ज्यादातर पूर्वोत्तर राज्यों में वैसे तो सत्ता समीकरण केंद्र में सत्तारूढ. दल और क्षेत्रीय दलों के रिश्तों पर निर्भर करते हैं,पर त्रिपुरा का चुनाव दिलचस्प हो सकता है। असम के बाद त्रिपुरा पूर्वोत्तर में दूसरा राज्य है, जहां भाजपा ने सत्ता पर अपनी पकड. बना ली है। असम उसने कांग्रेस से छीना तो त्रिपुरा वाम मोर्चा से। दिलचस्प इसलिए भी कि ममता बनर्जी को रोकने लिए पश्चिम बंगाल में एकता का नाकाम प्रयोग करनेवाले कांग्रेस-वाम मोर्चा अब त्रिपुरा में भाजपा को रोकने लिए चुनावी गठबंधन करेंगे। यह तो हुआ सत्ता के सेमीफाइनल का समीकरण, अब फाइनलः त्रिपुरा –मेघालय में लोकसभा की 2-2 सीटें हैं, जबकि नगालैंड-मिजोरम में 1-1 सीट ही है।

## पहलवानों की लड़ाई को 'जाट बनाम ठाकुर' बनाने की कोशिश

आखिरकार वही हुआ, जिसका डर था। कुश्ती महासंघ की लडाई अब मूंछ की बन गई है। इसमें भाजपा के वोट बैंक माने जाने वाले ठाकुर और जाट दोनों ही आमने-सामने आ गए हैं। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों की लड़ाई थमने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को पहलवानों के प्रदर्शन का तीसरा दिन है। बता दें कि धरना करने वाले लगभग सभी पहलवान जाट बिरादरी से आते हैं, जबकि अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ठाकुर बिरादरी के हैं। अभी बैठकों के दौर जारी हैं। इस बीच पहलवान बजरंग पुनिया के एक साथ फोटो वाले कई ट्वीट एड किए गए हैं। ये ट्वीट पुनिया द्वारा किए गए थे। इन ट्वीट में बजरंग ने बृजभूषण शरण सिंह के प्रति सम्मानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया है।

ट्विटर पर बृजभूषण शरण के समर्थन में 'स्टैंड विद सिंह' हैश टैग नाम से एक अभियान शुरू किया गया है। इसमें गिरधर राव ने लिखा है, राजा भैया, धनंजय सिंह, कुलदीप सिंह सेंगर को भारी नुकसान पहुंचाने के बाद क्षत्रिय विरोधी जातिवादी राजनीति मीडिया, जाटों के सहयोग से गरीबों के मसीहा, सात बार के सांसद





पहलवानों के मुद्दे ने 'जाति/समुदाय' का रंग लेना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर ऐसी पोस्ट्स की भरमार है। पहलवानों की लड़ाई को 'जाट बनाम ठाकुर' करने का प्रयास किया जा रहा है। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहलवानों की लड़ाई को दूसरे रंग के साथ पेश किया जा रहा है। खाप पंचायतें भी अब इस लड़ाई में कूद गई हैं। जंतर-मंतर पर हरियाणा की कई खाप पंचायतों के पहुंचने की संभावना है। गुरुवार को फोगाट खाप ने बैठक की थी। उसके बाद सर्वजातीय सर्व खाप पंचायत ने भी खिलाड़ियों के समर्थन में आवाज बुलंद करने की बात कही।

ट्विटर पर क्षत्रिय वॉयस नाम के एक हैंडल से ट्वीट किया गया है। इसमें लिखा है कि 2019, 2020, 2021 और 2022 के बाद बजरंग पुनिया को एकदम से याद आ चुका है कि बृजभूषण शरण सिंह, इनको और इनकी जाट गैंग को कई सालों से प्रताड़ित कर रहे। और शायद ये प्रताड़ना तब तक न रुकेगी, जब तक भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष कोई जाट नहीं बन जाता। इन ट्वीट में बृजभूषण शरण सिंह और बृजभूषण शरण सिंह को बर्बाद करने का प्रयास कर रही है। हरियाणा की जाट लॉबी को हजम नहीं हो रहा कि कैसे यूपी के गरीब क्षत्रिय किसान का बेटा कुश्ती संघ का अध्यक्ष बन सकता है। कुश्ती किसी एक राज्य या किसी जाति विशेष की बपौती नहीं है। हिंदू एकता की डफली बजाने वाले क्षत्रियों देखो, कैसे तुम्हें क्षत्रिय होने की वजह से बदनाम किया जा रहा है। आप नेता नरेश बालयान ने लिखा, भाजपा के जाट नेता बताएं कि उनके लिए पार्टी पहले है या समाज। आज देश की बेटी, जिसने जाट समाज को गौरवान्वित करने का अवसर दिया, वे बेटियां आज भाजपा सांसद कुश्ती फेडरेशन अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के कुकर्मों के खिलाफ धरने पर बैठी, लेकिन किसी भी भाजपा के जाट नेताओं का मुंह नहीं खुल रहा है। जाट एसोसिएशन ने अपने ट्वीट में लिखा है, जाट एसोसिएशन पूर्ण रूप से महिला खिलाड़ियों के सम्मान के साथ है। देश के गृह मंत्रालय से आग्रह है कि इस मामले को व्यक्तिगत रूप से संज्ञान में लेकर उचित निर्णय लिया जाए। जो खिलाड़ी देश के लिए सोना ला रहे हैं, अफसोस उनको आज रोना पड़ रहा है।

## चोरों को सरकारी पेंशन का लाभ



रामविलास जांगिड़

राष्ट्रीय चोर एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि वह हमें भी पेंशन स्कीम का लाभ दे। चोर समुदाय सरकार, पुलिस और कोर्ट कचहरी के धंधे को तीव्र गति से आगे बढ़ाने के लिए सदियों से कृत संकल्प है। समस्त चोरों ने अपना ध्येय वाक्य बना रखा है कि वे राज, पुलिस और वकील के परिवारों को कभी भी विपन्न अवस्था में नहीं आने देंगे। उनके परिवारों के लिए नाना प्रकार से चौर्य कला का प्रदर्शन करते रहेंगे। चाहे कितनी ही ठंड पड़े।कितना ही पाला पड़े। लोग रजाई से बाहर भी नहीं निकलें। शीत लहर के साथ मावठ की बरसात भी हो रही हो, तब भी चिकने फिसलते पाइपों पर चढ़कर भी हम चोर लोगों ने अपनी चोरगिरी का परिचय दिया है। चाहे कितनी ही बरसात हो। बाढ़ के हालात क्यों ना हो। लोग सड़कों पर नावें क्यों न चलाएं। कितना ही आना जाना दुभर क्यों ना हो जाए। फिर भी सेठ हरामीलाल की कोठी के पिछवाड़े सेंध लगाकर चोरी करने का महान कर्म हम चोर लोगों द्वारा ही पूरा किया जाता है। कितनी ही भारी गर्मी क्यों न पड़े। सड़क की छाती पर लोग गर्मी से रोटियां सेक लेते हैं। ऐसी दुर्दांत गर्मी में जब लोग एसी में घुसकर डबल बेडों में सोते रहते हैं। उस अवस्था में भी हम चोर भाई लोग अपना कर्म पूरा करने में पीछे नहीं हटते। सब इसलिए कि सरकार को हमारी योजना का लाभ मिले। सरकार बेचारी पुलिस वालों से हफ्ता लेती है। पुलिस वाले बेचारे हमसे हफ्ता लेते हैं। हम नेता, वकील और पुलिस में हमारी चोरी का बंटवारा करते हैं। चौर्य कला वास्तव में बहुत मेहनत, ईमानदारी, लगन और अभ्यास का परिणाम है। युवावस्था में तो चोर व्यवसाय को बहुत आगे तक ले जाया जा सकता है। धीरे-धीरे बिल्ली की तरह चलना, खांसी होने पर भी मुंह को बंद रखना, सांस रोके रखना जैसी शारीरिक क्रियाओं के सहारे हम लोग अपना जीवन बिता देते हैं। लेकिन हमें मिलता क्या है? बस कुछ देर के लिए मीडिया में हमारी तस्वीर! जेल की हवा और कोर्ट के चक्कर! सारी उम्र गल जाती है लेकिन बुढ़ापे का कोई सहारा नहीं होता है। इसलिए सरकार चोर व्यवसाय को जिंदा रखने के लिए तुरंत पेंशन की व्यवस्था करे। चोरों के बच्चों को चौर्य कला में डिग्री दिलाने के लिए सरकार मदद करे। राष्ट्रीय चोर विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए हम चोरों के लिए नियमानुसार आरक्षण की व्यवस्था करे। देखा गया है कि चोर विश्वविद्यालय में नेता और अफसर लोगों के बच्चों को तुरंत एडमिशन दे दिया जाता है। ये लोग ही चोर व्यवसाय को बदनाम करते हुए, अपनी कुर्सी पर बैठे-बैठे ही डाका डालते हैं। ये डिग्री चोर की लेते हैं और डाकू बन जाते हैं। डाकू और चोर में बड़ा अंतर होता है। डाकू दिन दहाड़े बेखटके होकर काम करते हैं और हम चोर लोग रात अंधियारे में छुप कर अपनी कला को अंजाम देते हैं। डाकू लोग मार-काट मचाते हैं और हम लोग शांति से अपना काम निपटाते हैं।

# आज माघ अमावस्या

## शनि देव की पूजा के साथ ही नदी स्नान और तीर्थ दर्शन करने का शुभ योग

शनिवार, 21 जनवरी को माघ मास की (मौनी) अमावस्या है। जब शनिवार को अमावस्या होती है तो इसे शनिश्चरी अमावस्या कहा जाता है। इस दिन किसी नदी में स्नान करें। तीर्थ दर्शन और शनि देव की पूजा करें। मौनी अमावस्या पर दिनभर मौन रहकर पूजा-पाठ करने की परंपरा है। माघ मास में प्रयागराज में मेला लगता है, जिसमें काफी अधिक भक्त पहुंचते हैं। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के अनुसार माघ मास की अमावस्या पर पितरों के लिए श्राद्ध, तर्पण और धूप-ध्यान करने की परंपरा है। शनिश्चरी अमावस्या पर दान-पुण्य जरूर करना चाहिए। जरूरतमंद लोगों को कंबल, जूते-चप्पल, कपड़े, काले तिल और अनाज का दान करना चाहिए। किसी मंदिर में पूजन सामग्री भेंट करें।

**ऐसे कर सकते हैं शनि देव की पूजा**

शनि देव का सरसों के तेल से अभिषेक करना चाहिए यानी प्रतिमा पर तेल चढ़ाना चाहिए। इसके शनि देव को नीले वस्त्र अर्पित करें। सरसों के तेल का दीपक जलाएं। ऊँ शं शनैश्चराय नमः मंत्र का जप करें। मंत्र जप कम से कम 108 बार करें। जरूरतमंद व्यक्ति को तेल और काले तिल का दान करें। शनि देव के मंदिर में दर्शन और पूजन करें।

**माघ अमावस्या पर कर सकते हैं ये शुभ काम**

माघ अमावस्या पर गंगा, यमुना, सरस्वती, शिप्रा, नर्मदा, गोदावरी, अलकनंदा जैसी पवित्र नदियों में स्नान करने की परंपरा है। किसी पौराणिक महत्व वाले मंदिर में दर्शन करें। इस दिन किसी धाम, ज्योतिर्लिंग की या किसी अन्य तीर्थ की यात्रा कर सकते हैं। हनुमान जी के सामने दीपक जलाएं और सुंदरकांड या हनुमान चालीसा का पाठ करें।

**आप चाहें तो ऊँ रामदूताय नमः मंत्र का जप कर सकते हैं।**

शिवलिंग पर दूध, जल चढ़ाएं। बिल्व पत्र, आंकड़े के फूल, धतूरा, जनेऊ, शहद आदि चीजें अर्पित करें। फूलों से श्रृंगार करें। मिठाई का भोग लगाएं। दीपक जलाकर आरती करें।

**ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जप करते रहें।**



भगवान विष्णु और महालक्ष्मी का अभिषेक केसर मिश्रित दूध से करें। हार-फूल से श्रृंगार करें। मिठाई का भोग लगाएं, दीपक जलाएं।

**ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें।**

घर में बाल गोपाल की प्रतिमा हो तो उनका भी अभिकेष करें। नए वस्त्र अर्पित करें। कृं कृष्णाय नमः मंत्र का जप करें।

# 20 साल बाद शुभ संयोग

## साल की पहली शनैश्चरी अमावस्या

### इसके बाद 2027 में बनेगा माघ महीने में शनिवारी अमावस्या का योग

21 जनवरी, शनिवार को साल की पहली शनैश्चरी अमावस्या रहेगी। इस दिन माघ महीने का मौनी अमावस्या पर्व भी होगा। माघ महीने में शनिवार को अमावस्या का होना बहुत ही खास माना गया है। ग्रंथों में इस शुभ संयोग को स्नान-दान का महापर्व कहा गया है। इस दिन किए गए पुण्य कर्म से कई यज्ञ और कठिन तपस्या करने जितना शुभ फल मिलता है।

**स्कंद, पद्म और विष्णुधर्मोत्तर पुराण के मुताबिक माघ महीने में आने वाली शनैश्चरी अमावस्या पर तीर्थ स्नान या पवित्र नदियों में नहाने से हर तरह के पाप खत्म हो जाते हैं। इस पर्व पर किए गए दान से कई यज्ञ करने जितना पुण्य फल मिलता है। साथ ही इस अमावस्या पर किए गए श्राद्ध से पितर पूरे साल के लिए संतुष्ट हो जाते हैं।**

**20 साल बाद बनेगा ऐसा संयोग**

जब कोई अमावस्या शनिवार को पड़ती है तो उसे शनिचरी अमावस्या कहा जाता है। इस बार 21 जनवरी, शनिवार को माघ महीने की पहली शनैश्चरी अमावस्या है। शनिवार को अमावस्या का शुभ संयोग कम ही बनता है। आज से 20 साल पहले, यानी 1 फरवरी 2003 को ऐसा शुभ संयोग बना था। जब माघ महीने की अमावस्या शनिवार को पड़ी थी और इसी दिन मौनी अमावस्या पर्व मना था। अब ऐसा योग चार साल बाद यानी 6 फरवरी 2027 को बनेगा।

**सूर्योदय से पहले शुरू होगी अमावस्या**

21 जनवरी, शनिवार को सुबह करीब 6.20 से माघ महीने की मौनी अमावस्या शुरू होगी। जो कि दिनभर रहेगी और रविवार की रात तकरीबन 2.20 तक रहेगी। इसलिए स्नान-दान, पितरों के लिए श्राद्ध और पूजा-पाठ शनिवार को ही करना शुभ रहेगा।



माघ महीने की अमावस्या तिथि पर स्नान का महत्व ग्रंथों में बताया गया है। पद्म, मत्स्य और स्कंद पुराण में अमावस्या तिथि को पर्व कहा गया है। इसलिए इस दिन तीर्थ या पवित्र नदियों में स्नान करने से हर तरह के दोष दूर हो जाते हैं।

**शनि स्वराशि में इसलिए खास है ये पर्व**

**ग्रंथों में बताया गया है कि शनिवार को पड़ने वाली अमावस्या शुभ फल देती है। इस तिथि पर तीर्थ स्नान और दान का कई गुना पुण्य फल मिलता है। अमावस्या शनि देव की जन्म तिथि भी है। इसलिए इस दिन शनि देव को प्रसन्न करने के लिए पीपल के पेड़ की पूजा करने से कुंडली में मौजूद शनि दोष खत्म होते हैं।**

इस दिन शनि देव की कृपा पाने के लिए व्रत रखना चाहिए और जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाना चाहिए। ये शनिश्चर अमावस्या खास इसलिए है क्योंकि शनि अपनी ही राशि यानी कुंभ में है।

# महिलाओं में जरूर होने चाहिए ये गुण

## नहीं तो शादी के बाद बर्बाद हो जाएगी पूरी जिंदगी



महान विद्वान, कुशल कूटनीतिज्ञ, राजनीतिज्ञ और अर्थशास्त्री के तौर पर आचार्य चाणक्य को दुनियाभर में जाना जाता है। आचार्य चाणक्य ने अपने नीतिशास्त्र चाणक्य नीति में कई ऐसी बातों व नियमों का जिक्र किया है जो कि सफल जीवन के लिए बेहद ही जरूरी हैं। चाणक्य नीति में बताई गई बातों के अनुसार व्यक्ति को कुछ महिलाओं से सावधान रहना चाहिए। खासतौर पर शादी करते समय महिलाओं के गुण व स्वभाव के बारे में अच्छे से जान लेना चाहिए। क्योंकि अगर गलत लाइफ पार्टनर मिल जाए तो पूरा जीवन बर्बाद हो सकता है।

**संस्कार है महत्वपूर्ण**

चाणक्य नीति के अनुसार किसी भी स्त्री में अच्छे संस्कार होना बेहद ही महत्वपूर्ण है। क्योंकि अच्छे संस्कारों वाली महिलाएं घर को स्वर्ग बना सकती हैं। ऐसी महिलाएं पति के साथ-साथ पूरे परिवार को खुश रख सकती हैं। आचार्य चाणक्य का कहना है कि महिलाओं के संस्कार खुशहाल घर गृहस्थी के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। अच्छे संस्कारों वाली महिला घर को एकजुट रखती है और इससे घर में खुशहाली बनी रहती है।

**सुंदरता को न दें महत्व**

आचार्य चाणक्य के अनुसार महिलाओं की सुदंरता ही सब कुछ नहीं होती। बल्कि सुंदरता से ज्यादा दिमाग व अच्छे दिल को महत्व देना चाहिए। यदि कोई पुरुष शादी के बारे में सोच रहा है तो उसे महिला की सुंदरता से उसे नहीं परखना चाहिए। शादी के लिए महिला का अच्छा स्वभाव, उसके लक्षण और गुणों पर ध्यान देना चाहिए।

दिल का साफ

चाणक्य नीति के अनुसार कोई भी रिश्ता या शादी तभी सफल होता है जब पार्टनर अच्छा हो। पुरुषों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि शादी के लिए ऐसी महिला का चयन करें जो कि मन से सुंदर हो। मन की सुंदरता अधिक महत्व रखती है।




# कैसे तय होता है मानव का अगला जन्म

## गरुड़ पुराण में छिपा है रहस्य

सनातन धर्म में कई सारे ग्रंथ और पुराण है जिनमें ज्ञान की महत्वपूर्ण बातों का वर्णन किया गया है जहां गीता के श्लोक में आत्मा को अजर अमर बताया गया है तो वही गरुड़ पुराण में मानव दह का त्याग का लेख जोखा मिलता है गरुड़ पुराण में मानव जीवन से लेकर उसकी मृत्यु के बाद आत्मा के सफर के बारे में भी बताया गया है।

इसमें कर्मों का लेख जोखा भी मिलता है मान्यता है कि मृत्यु के बाद कर्मों के आधार पर ही व्यक्ति को स्वर्ग और नरक की प्राप्ति होती है इस महापुराण में यह भी बताया गया है कि कर्मों के आधार पर मनुष्य अगले जन्म में कौन सा रूप प्राप्त करेगा तो आज हम आपको अपने इस लेख द्वारा बता रहे है कि व्यक्ति अगले जन्म में कौन सा शरीर धारण कर सकता है तो आइए जानते है।



**इस तरह तय होता है अगला जन्म**

गरुड़ पुराण के अनुसार जो लोग महिलाओं का शोषण करते है वो अगले जन्म में भयानक रोगों से पीड़ित होते है अप्राकृतिक रूप से संबंध बनाने वाला अगले जनम में नपंसक, गुरु की पत्नी के साथ दुराचार करने वाला कुष्ठ रोगी होता है वही जो लोग छल, कपट और धोखा देते है वो अगले जीवन में उल्लू बनते है वही झूठी गवाही देने वाला अगले जन्म में अंधा पैदा होता है।

गरुड़ पुराण कहता है कि जो मनुष्य दूसरों पर हिंसा करके परिवार का पालन पोण करता है लूटपाट, जानवरों को सताना या शिकार खेलता है उसे अगले जन्म में किसी कसाई हत्थे चढ़ने वाला बकरा बनना पड़ता है वही जो लोग माता पिता, भाई बहन को प्रताड़ित करता है वह अगले जन्म में धरती पर जन्म नहीं देता है क्योंकि ऐसे लोगों की मृत्यु गर्भ में ही हो जाती है। गुरु का अपमान करने वाले मनुष्य को अगले जन्म में जल रहित वन में ब्रह्मराक्षस बनना पड़ता है। जो पुरुष महिलाओं जैसा आचरण करता है और जिसके स्वभाव में महिलाओं वाली आदतें होती है तो ऐसे पुरुष अगले जन्म में स्त्री का रूप प्राप्त करते है। वही जो लोग स्त्री की हत्या, गर्भपात करने या कराने वाला भिल्ल रोगी, गाय की हत्या करने वाला मूर्ख और कुबड़ा ये दोनों नरक की यातनाएं भोगने के बाद अगले जन्म में चांडाल योनी में पैदा होते है।

# घर से बाहर जाते समय कौन सा पैर रखना होता है शुभ?



सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार आप किसी व्यक्ति के अंगों की बनावट के आधार पर उसके व्यक्तित्व व भविष्य के बारे में काफी कुछ जान सकते हैं। इतना ही नहीं, सामुद्रिक शास्त्र में यह भी बताया गया है कि घर से बाहर निकलते समय पहले कौनसा पैर बाहर निकालना चाहिए? क्योंकि घर से बार पैर रखने की स्थिति आपके काम के शुभ व अशुभ फल की ओर संकेत करती है। यदि आप सही पैर बाहर निकालते हैं तो आप जिस काम के लिए जा रहे हैं। उसमें आपको जरूर सफलता मिलेगी।

इस पैर को रखना होता है शुभ

अक्सर आपने घर के बड़े-बुजुर्गों को ये कहते सुना होगा कि घर से बाहर निकलते समय अपना दायां पैर पहले रखना। ये कहावत बहुत पुरानी है और अच्छी भी है। ऐसा माना जाता है कि इससे आपके सारे काम बहुत अच्छे से पूरे होंगे और आपको रास्ते में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार घर से बाहर निकलते समय सबसे पहले दायां पैर रखने की परंपरा बहुत पुरानी है। किसी भी जरूरी काम के लिये घर से बाहर जाने के लिये अगर दायां पैर पहले बाहर रखा जाये, तो ऐसा माना जाता है कि व्यक्ति का पूरा दिन अच्छा जायेगा और उसका काम भी अच्छे से बनेगा। ऐसे ही आपने देखा होगा कि घर में जब शादी करके नयी दुल्हन को लाया जाता है, तो उससे सबसे पहले अपना दायां पैर घर के अंदर रखकर चावल से भरे कलश को गिराने के लिये कहा जाता है।

इस विधान के पीछे मान्यता है कि ऐसा करने से घर में खुशियां आती हैं और माहौल में पॉजिटीविटी बनी रहती है, जबकि बायां, यानी उल्टा पैर पहले रखना निगेटिवटी का संकेत है। इसलिए अगर आप भी किसी शुभ काम के लिये, किसी अच्छे काम के लिये घर से बाहर जा रहे हैं, तो पहले अपना दाया पैर ही घर के बाहर रखें। इससे आपका हर काम बनेगा।

# पांडव सहदेव ने आखिर क्यों खाया अपने ही पिता का मस्तिष्क?

हिंदू धर्म महाभारत एक ऐसा ग्रंथ है जिसमें कई कहानियां और रहस्य छिपे हुए हैं। आमतौर पर लोग महाभारत को परिवार की लड़ाई की कहानी के तौर पर जानते हैं लेकिन इस धार्मिक ग्रंथ में आपको पारिवारिक कलह की वजह, आपसी प्रेम, नफरत, विश्वास, क्रोध और संवेदनाओं का संग्रह मिलेगा। महाभारत से जुड़ी कई ऐसी कहानियां भी हैं जिनका जिक्र महाभारत ग्रंथ में नहीं किया गया और बहुत कम लोग ही इनके बारे में जानते हैं।

**इस पांडव ने खाया था अपने पिता का मस्तिष्क**

महाभारत की कथा के अनुसार पांडवों में सबसे छोटे भाई सहदेव ने अपने ही पिता पांडु का मस्तिष्क खाया था। सहदेव में भविष्य को देखने की क्षमता भी थी इसलिए युद्ध शुरू करने से पहले दुर्योधन उसके पास सही मुहूर्त जानने के लिए भी गया था। हालांकि, सहदेव को पता था कि दुर्योधन ही हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है और फिर




उसने युद्ध आरंभ करने का सही मुहूर्त बताया।

**आखिर क्यों खाया सहदेव ने पिता का मस्तिष्क**

राजा पांडु को ऋषि किंदम ने श्राप दिया था कि यदि वह किसी स्त्री से समागम करेंगे तो उसी दौरान उनकी मृत्यु हो जाएगी। यही वजह है कि पांडु ने कभी अपनी पत्नी कुंती और माद्री से संबंध नहीं बनाए। कुंती ने देवताओं के आह्वान से युधिष्ठिर, भीम और अर्जुन को प्राप्त किया। वहीं माद्री ने भी मंत्र विद्या से पुत्र नकुल व सहदेव का प्राप्त किया।

प्रचलित कहानी के अनुसार पांडु ने संयम का पालन किया लेकिन एक बार वह अपनी पत्नी माद्री को देखकर कामाशक्त हो गए। इस दौरान जैसे ही राजा पांडु ने पत्नी माद्री को गले लगाया उसी समय मृत्यु ने उन्हें अपने पाश में बांधा लिया। मृत्यु को करीब देखकर राजा पांडु ने अपने पांचों पुत्रों को बुलाया और कहा कि मेरा मस्तिष्क खा लो। पुत्र यह सुनकर हैरान हो गए और किसी ने इस बात को स्वीकार नहीं किया। लेकिन सबसे छोटे बेटे सहदेव ने पिता के कहने पर उनका मस्तिष्क खाना स्वीकार किया।



**पांडु में मस्तिष्क में था ज्ञान का भंडार**

जैसे ही सहदेव ने अपने पिता पांडु का मस्तिष्क खाया उन्हें भूत, भविष्य और वर्तमान का ज्ञान हो गया। क्योंकि राजा पांडु के पास ज्ञान का भंडार था और वह चाहते थे कि यह ज्ञान उनके पुत्रों को मिले। इसलिए उन्होंने अपना मस्तिष्क खाने के लिए कहा था।

# केआरके ने साधा शाहरुख पर निशाना, बोले- 'पठान' फ्लॉप हुई तो नहीं चलेगा बायकॉट का बहाना





केआरके सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहते हैं। अक्सर वह फिल्मी सितारों और फिल्मों पर निशाना साधते नजर आते हैं। इन दिनों केआरके शाहरुख खान की आगामी फिल्म 'पठान' को लेकर खूब प्रतिक्रिया देते नजर आ रहे हैं। एक बार फिर उन्होंने इस फिल्म को लेकर एक ट्वीट किया है। इसमें वह शाहरुख खान और उनके प्रशंसकों पर निशाना साधते नजर आए हैं। अपने हालिया ट्वीट में केआरके ने बायकॉट ट्रेंड और राजनीतिक दलों का भी जिक्र किया है।

केआरके ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से 'पठान' को लेकर एक ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा है, 'अब तो कोई भी राजनीतिक दल फिल्म 'पठान' का विरोध नहीं कर रहा है! अगर तब भी यह फिल्म फ्लॉप होती है तो शाहरुख खान और उनके फैंस के पास बायकॉट का कोई बहाना नहीं होगा।' बता दें कि इससे पहले भी केआरके पठान को लेकर कई ट्वीट कर चुके हैं। इससे पहले उन्होंने ट्वीट कर कहा था, 'कोई राजनेता 'पठान' पर बात नहीं कर रहा, फिर भी करीब 35 प्रतिशत लोग फिल्म को बायकॉट करेंगे।'

बता दें कि केआरके के हालिया ट्वीट पर यूजर्स उन्हें खूब खरी-खोटी सुनाते नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आप फिल्म क्रिटिक होने की अपनी फेक जॉब कब छोड़ोगे? आप सिनेमा को लेकर सबसे ज्यादा नकारात्मकता फैलाते हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'और...अगर फिल्म हिट हो गई तो आपको इसका रिव्यू करने का कोई अधिकार नहीं होगा सर।' एक यूजर ने लिखा, 'सरजी, पठान को ब्लॉकबस्टर होने से कोई नहीं रोक सकता।'

आपको बता दें कि फिल्म 'पठान' आगामी 25 जनवरी 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम भी अहम रोल में नजर आने वाले हैं। यह साल शाहरुख खान के लिए काफी अहम होने वाला है। 'पठान' के अलावा उनकी दो और फिल्में कतार में हैं। शाहरुख खान 'जवान' और 'डंकी' में भी नजर आएंगे।

# फरहान अख्तर के संगीत बैंड फरहान लाइव ने एक दशक पूरे किए



इस अवसर को चिह्नित करने के लिए, फरहान ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर कैप्शन के साथ तस्वीरें पोस्ट कीं, कल फरहानलाइवआफिशियल के 10 साल पूरे हो गए। आपका मनोरंजन करना हमारे लिए बहुत फायदेमंद रहा है। धन्यवाद।

आप सभी सह-कलाकारों, संगीतकारों, इंजीनियरों, बैकलाइन क्रू और प्रबंधन को, जो एक दशक की लंबी यात्रा का हिस्सा रहे हैं और उन सभी दर्शकों को धन्यवाद, जिन्होंने प्रत्येक प्रदर्शन को यादगार बना दिया है। फरहान ने अपनी पोस्ट में एक पुरानी तस्वीर के साथ एक हालिया तस्वीर पोस्ट की। जैसे ही फरहान ने तस्वीरें पोस्ट कीं, उद्योग से प्रशंसक और दोस्तों ने टिप्पिणयां कीं। फरहान की दोस्त सुजैन खान ने लिखा, बधाई हो। बड़ी उपलब्धि। फरहान की बहन और फिल्म निर्माता जोया अख्तर ने रेड हार्ट इमोजी के जरिए अपनी खुशी जाहिर की। संगीत के अलावा, फरहान ने दरियलमर्द का विषय भी उठाया, जिसके माध्यम से वे लैंगिक संवेदनशीलता और लैंगिक समावेशिता का संदेश फैलाते हैं। फरहान ने 2021 में एक महत्त्वाकांक्षी परियोजना जी ले जारा की घोषणा की, जहां आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा और कैटरीना कैफ पहली बार एक साथ पर्दे को साझा करेंगी। उनकी आने वाली फिल्म दिल चाहता है। फरहान को आखिरी बार राकेश ओमप्रकाश मेहरा की तूफान में देखा गया था, जहां उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई थी। उन्होंने पिछले साल डिज्नी हाटस्टार श्रृंखला मिस मार्वल के साथ हालीवुड में अपनी शुरुआत की थी।

# फिल्म के सेट पर देर से पहुंचने के लिए मशहूर हैं ये सितारे



बॉलीवुड के बहुत से सितारे अपने दूसरे कमिटमेंट्स की वजह से अक्सर फिल्म के सेट पर लेट से पहुंचते हैं। ऐसे में फिल्म के पूरे यूनिट को उनका घंटों इंतजार करना पड़ता है। इन कलाकारों की वजह से प्रोड्यूसर्स को कई दफा नुकसान भी झेलना पड़ता है। आज हम आपको बॉलीवुड के उन एक्टर्स के बारे में बताने जा रहे हैं जो अपनी लेट लतीफी के लिए काफी ज्यादा मशहूर हैं।

## गोविंदा

इस लिस्ट में गोविंदा का नाम पहले नंबर पर आता है। गोविंदा 90 के दशक के सबसे बड़े स्टार रह चुके हैं। अपनी एक्टिंग से वह लाखों दिलों पर राज करते हैं। फिल्म के सेट पर लेट पहुंचने के लिए गोविंदा काफी ज्यादा मशहूर हैं। बड़े मियां छोटे मियां फिल्म की शूटिंग के दौरान गोविंदा को इस वजह से अमिताभ से सलाह भी मिल चुकी है। बिग बी ने गोविंदा को सलाह दी थी कि सेट पर आपको जब भी आना हो तो मुझे बता देना कि आप किस समय आने वाले हो। अमिताभ की इस सलाह के बाद ही फिल्म की शूटिंग अच्छे से हो सकी थी।

### शाहरुख खान

बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान भी अपनी व्यस्तता की वजह से फिल्म के सेट पर लेट ही पहुंचते हैं। हाल ही में वो एक एड शूट के सेट पर लेट पहुंचे थे, जिसके बाद उन्होंने सिनेमैटोग्राफर लॉरेंस डी कुन्हा से माफी भी मांगी थी। इतने बड़े स्टार होने के बाद भी शाहरुख के इस अंदाज के लॉरेंस भी फैन हो गए थे।


## सलमान खान

सलमान खान की गिनती बॉलीवुड के सबसे बड़े स्टार्स में होती है। उन्हें हिट फिल्मों की गारंटी भी माना जाता है। सलमान खान भी सेट पर लेट पहुंचने के लिए काफी मशहूर हैं। दबंग और वॉन्टेड में काम कर चुके प्रकाश राज ने हाल ही में खुलासा किया था कि सलमान सेट पर लेट आते हैं और अपनी धुन में काम करते हैं। कहा जाता है कि लेट आने के बावजूद सलमान अपना काम जल्दी खत्म कर लेते हैं।

### रणबीर कपूर

रणबीर कपूर मौजूदा समय के सबसे बड़े स्टार्स में से एक हैं। फैंस को उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है। रणबीर भी सेट पर देर से पहुंचने के लिए जाने जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अभिनेता को फिल्म की शूटिंग के लिए तय समय पर पहुंचने में अक्सर देर हो जाती है।

# मशहूर निर्देशक महेश भट्ट की हुई हार्ट सर्जरी बेटे राहुल ने बताया अब कैसी है तबीयत



बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक और आलिया भट्ट के पिता महेश भट्ट को लेकर एक खबर सामने आई है। हाल ही में महेश भट्ट की हार्ट सर्जरी हुई है। बताया जा रहा है कि पिछले महीने वह अपने चेकअप के लिए गए थे, जहां उन्हें पता चला कि उनकी सर्जरी करानी होगी। ऐसे में अब उनकी एंजियोप्लास्टी हुई है और फिलहाल वह घर पर रिकवर कर रहे हैं।

### बेटे ने दिया हेल्थ अपडेट

सामने आई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले महीने डॉक्टरों ने उन्हें सर्जरी जल्द कराने की सलाह दी थी। वहीं, महेश भट्ट के बेटे राहुल भट्ट ने इस बात की पुष्टि की है। राहुल ने बताया कि उनके पिता को इसी हफ्ते की शुरुआत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हार्ट सर्जरी के बाद अब वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं और घर वापस आ गए हैं। राहुल ने कहा कि अंत भला तो सब भला। वह ठीक हो रहे हैं और मैं इससे ज्यादा जानकारी नहीं दे सकता हूं।

### इन फिल्मों का किया निर्माण

वहीं, महेश भट्ट के करियर की बात करें को उन्होंने 26 साल की उम्र में 'फिल्म मंजिलें और भी हैं' से निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने कई बेहतरीन फिल्मों का निर्माण किया, जैसे 'सारांश', 'आशिकी', 'जहर', 'जिस्म' आदि। वहीं, वह 'राज', 'दुश्मन' और 'फुटपाथ' जैसी फिल्मों का लेखन भी कर चुके हैं।

# अनंत- राधिका की इंगेजमेंट में भांजी के साथ पहुंचे सलमान

मुकेश अंबानी के बंगले एंटिलिया में अनंत और राधिका की ग्रैंड इनगेजमेंट सेरेमनी का आयोजन 19 जनवरी को किया गया। इस पार्टी में बॉलीवुड के कई सितारों ने शिरकत कर पार्टी में चार चांद लगा दिया। सलमान खान भी अपनी भतीजी के साथ अनंत-राधिका को सगाई की बधाई देने पहुंचे थे। एक दौरान का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में सलमान पूरे स्वैग में एंट्री करते हुए नजर आए।

### अलिजेह के साथ पहुंचे सलमान

सगाई में सलमान खान अपनी बहन अलवीरा अग्निहोत्री की बेटी अलिजेह के साथ पहुंचे थे। नेवी ब्लू सिल्क कुर्ते में सलमान खान हमेशा की तरह हैंडसम लग रहे थे। उन्होंने इसे मैचिंग ट्राउजर के साथ पेयर किया था। वहीं, उनकी भतीजी अलिजेह ऑफ व्हाइट लंहगे में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। इस दौरान सलमान ने अपनी भांजी के साथ जमकर पोज भी दिए। दोनों को देखकर लग रहा था कि मामा-भांजी एक दूसरे के साथ अच्छी बॉन्डिंग शेयर करते हैं।

### बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं अलिजेह

बता दें, अलिजेह जल्दी ही बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'बुधिया सिंहः बॉर्न टू रन' के नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्ममेकर सोमेंद्र पाधी के निर्देशन में उनकी पहली मूवी रिलीज होगी। अलिजेह ने 2022 में अपनी पहली फिल्म की शूटिंग शुरू की थी और यह फिल्म 2023 में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।



### अमिताभ बच्चन ने रोनाल्डो और मेसी से की मुलाकात

# रियाद में स्पेशल गेस्ट बनकर गेम को इनॉग्रेट करने पहुंचे बिग बी



बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन शुक्रवार को सऊदी अरब की राजधानी रियाद के किंद फहद इंटरनेशनल स्टेडियम पहुंचे। यहां पेरिस सेंट जर्मेन और रियाद इलेवन के बीच मैच था।

इस मुकाबले में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेसी आमने-सामने थे। इस दौरान बिग बी मैच में स्पेशल गेस्ट की तरह शामिल हुए।

अमिताभ बच्चन ने भी सोशल मीडिया पर इस इवेंट की एक वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, 'रियाद में एक शाम.. वहा! क्या शाम थी। क्रिस्टियानो रोनाल्डो, लियोनेल मेसी, एम्बाप्पे, सर्डियो रामोस और नेमार, सभी साथ में खेल रहे थे और मुझे बतौर गेस्ट इस गेम को इनॉग्रेट करने के लिए बुलाया गया था।

अमिताभ बच्चन ने जो वीडियो शेयर की है उसमें वो सबसे पहले मैच के अधिकारियों के साथ स्टेडियम में चलते हुए दिखाई दे रहे हैं। उसके बाद वो एक-एक करके स्टार खिलाड़ियों से मुलाकात करते हैं। सबसे पहले वो मेसी की टीम से मिलते हैं। उसके बाद वो रियाद सीजन इलेवन के प्लेयर्स से हाथ मिलाते हैं, जिसमें रोनाल्डो भी शामिल थे।

बिग बी का ये वीडियो देखने के बाद फैंस उन्हें लकी मैन कह रहे हैं। जहां एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, 'भाग्यशाली हैं आप'। दूसर ने लिखा, 'मुझे आपसे बहुत जलन हो रही है।' वहीं कुछ उनसे पूछ रहे हैं कि उन्होंने मेसी को क्या बात की?

# पुलिस पूछताछ के बाद राखी ने बयां किया दर्द



ड्रामा क्वीन के नाम से मशहूर राखी सावंत इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। पहले जहां राखी अपने शादी को लेकर चर्चा में थी, तो अब वह मुंबई पुलिस की पूछताछ के बाद से सुर्खियों में आ गई हैं। राखी सावंत को गुरुवार को पुलिस ने शर्लिन चोपड़ा की शिकायत के बाद हिरासत में लिया था और पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया। वहीं, अब राखी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर अपना दर्द बयां किया है।

शर्लिन चोपड़ा मामले में हिरासत में ली गईं राखी सावंत से अंबोली पुलिस ने कई घंटों तक पूछताछ की थी। पूछताछ के बाद राखी अपने पति के साथ स्टेशन से बाहर आईं और अपनी मां से मिलने अस्पताल पहुंची थीं। वहीं, उसके बाद राखी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर अपनी भावनाओं का इजहार किया है। राखी की पोस्ट में लिखा, दुनिया में सबसे ज्यादा कीमती आंसू हैं। यह एक प्रतिशत पानी और 9 प्रतिशत फीलिंग से बनता है। किसी को दुख पहुंचाने से पहले दो बार सोचो। इसके साथ कैप्शन में राखी ने लिखा- सच।

बता दें कि शर्लिन चोपड़ा ने कुछ महीनों पहले राखी सावंत के खिलाफ केस किया था। शर्लिन का कहना था कि एक्ट्रेस ने उनकी आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीर को सोशल मीडिया पर सर्कुलेट किया है। इसी के आधार पर राखी को 19 जनवरी को हिरासत में लिया गया। पुलिस का कहना था कि राखी ने पूछताछ में सहयोग किया और उन्होंने अपना मोबाइल भी जमा करा दिया था। ऐसे में उन्हें पूछताछ के बाद भेज दिया गया।

गौरतलब है कि शर्लिन ने साजिद खान और राज कुंद्रा पर भी गंभीर आरोप लगाए थे। शर्लिन ने साजिद को बिग बॉस 16 से निकालने के लिए भी काफी तीखे बयान किए थे, जिसका राखी ने विरोध किया था। राखी ने साजिद को अपना भाई बताया था और ऐसे में दोनों ही अभिनेत्रियों के बीच काफी दिनों तक जुबानी जंग चली थी। शर्लिन ने राखी पर केस किया, तो राखी ने भी शर्लिन पर मानहानि का केस किया।

# दर्दनाक थे परवीन के आखिरी कुछ दिन : भूख से मरीं, 3 दिनों तक बंद कमरे में सड़ती रही लाश



एक अपार्टमेंट के दरवाजे के बाहर अखबार और दूध के पैकेट तीन दिनों से इकट्ठा होते जा रहे थे। दरवाजे पर ना ताला डला था और ना ही अंदर से पिछले तीन दिनों से कोई बाहर निकला। जब पड़ोसी इकट्ठा हुए तो उन्हें संदेह हुआ। दरवाजे के पास गए तो सड़न की बदबू से ज्यादा देर वहां रुक नहीं सके। स्थिति संदिग्ध थी तो पड़ोसियों ने पुलिस को कॉल कर जानकारी दी।

अपने जमाने की सबसे खूबसूरत और पॉपुलर एक्ट्रेस परवीन बाबी की लाश बिस्तर पर पड़ी थी, लेकिन पहचानने लायक नहीं थी। शरीर सड़ रहा था और कमरे में इतनी दुर्गंध थी कि कोई सांस नहीं ले पा रहा था। कमरा पूरी तरह बेतरतीब था और बिस्तर के पास एक व्हीलचेयर पड़ी थी। परवीन बाबी की मौत उनकी लाश मिलने के 72 घंटे पहले ही हो चुकी थी। ना कोई रिश्तेदार था, ना दोस्त, ना कोई खबर लेने वाला।

परवीन बाबी की मौत की खबर मिलते ही बिल्डिंग के नीचे मीडिया जमा हो गई। कोई रिश्तेदार नहीं था, जो इनके शरीर को क्लेम करे। 50 साल की उम्र में खूबसूरत परवीन बाबी की सड़ती लाश मिलने की खबर पूरे देश के लिए बेहद शॉकिंग थी।

### भूख से हुई मौत, पोस्टमॉर्टम में शरीर में नहीं मिले खाने के ट्रेसेस

रिपोर्ट में उनके शरीर में खाने का एक कतरा भी नहीं मिला था। परवीन बाबी कई दिनों से भूखी थीं, लेकिन उनके शरीर में अल्कोहल मिला था। रिपोर्ट में सामने आया कि परवीन ने मरने से 3-4 दिन पहले तक कुछ खाया नहीं था। परवीन के शरीर में सबसे ज्यादा सड़न उनके पैर में थी। पैर की उंगलियां काली पड़ चुकी थीं, गैंग्रीन का कारण उनकी हाई शुगर थी।

पैर सड़ने के कारण परवीन बाबी शायद चल नहीं पाती थीं, यही कारण था कि उनके बिस्तर के पास एक व्हीलचेयर मिली थी।

### अधूरी मोहब्बत के बावजूद अंतिम संस्कार में पहुंचे महेश, डैनी, कबीर

23 जनवरी 2005, कूपर अस्पताल में परवीन बाबी का पोस्टमॉर्टम हो चुका था, लेकिन कोई रिश्तेदार उनके शव को क्लेम करने अस्पताल नहीं पहुंचा। लाश मिले दो दिन हो चुके थे, लेकिन फिर भी कोई खबर लेने नहीं पहुंचा। आखिरकार फिल्ममेकर महेश भट्ट उनका शव लेने अस्पताल पहुंचे, जो एक समय परवीन की मानसिक स्थिति बिगड़ने के बावजूद उनके लिए अपना परिवार छोड़ आए थे। महेश ने ही परवीन के अंतिम संस्कार का बंदोबस्त किया।

परवीन की अंतिम यात्रा में महेश भट्ट के अलावा कबीर बेदी और डेनी डेनजोंगपा भी शामिल हुए थे, जो परवीन बाबी की जिंदगी के तीन अहम किरदार थे, जिनसे कभी परवीन ने मोहब्बत की थी।

मौत से चंद महीनों पहले परवीन क्रिश्चियन हो चुकी थीं और उनकी ख्वाहिश थी कि उनका अंतिम संस्कार क्रिश्चियन रीति-रिवाजों से हो, लेकिन उनके मुस्लिम रिश्तेदारों ने इसका विरोध किया और उन्हें मुस्लिम रीति-रिवाजों से जुहू के सांताक्रूज कब्रिस्तान में दफनाया गया।

70-80 के दशक की सबसे खूबसूरत और ग्लैमरस एक्ट्रेस समझी जाने वाली परवीन बाबी के लाखों चाहने वाले रहे। ये पहली बॉलीवुड स्टार थीं, जिन्हें इंटरनेशनल टाइम मैगजीन के कवर पेज पर जगह मिली थी। अमर अकबर एंथोनी, शान, नमक हलाल, कालिया जैसी दर्जनों बेहतरीन फिल्मों में नजर आईं परवीन की आखिर इतनी दर्दनाक स्थिति में मौत कैसे हुई? वजह थी एक लाइलाज बीमारी पैरानॉइड सिजोफ्रेनिया, जिससे परवीन अमिताभ बच्चन, बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स, जॉन एफ कैनेडी तक को अपनी जान का दुश्मन समझने लगी थीं। कई बार तो ऐसा भी हुआ जब चलती शूटिंग के दौरान परवीन ने अमिताभ पर जान लेने की कोशिश करने के संगीन आरोप लगाए और फिर कभी अचानक सेट से गायब हो गईं।

परवीन को 1973 की फिल्म चरित्र मिली। फिल्म फ्लॉप थी, लेकिन बोल्ड, ब्यूटीफुल और ग्लैमरस परवीन को कई फिल्में मिल गईं। उन्होंने मजबूर (1974), दीवार (1975) जैसी दर्जनों हिट फिल्में दीं। परवीन का नाम टॉप एक्ट्रेसेस की लिस्ट में लिया जाता था, लेकिन फिर अचानक उनकी अजीबो-गरीब हरकतों से स्टारडम गिरने लगा।

### सेट से अचानक गायब हुईं, फिर 6 साल बाद लौटीं

साल 1983 में परवीन एक फिल्म की शूटिंग करते हुए अचानक सेट से गायब हो गईं। न उन्होंने किसी को जानकारी दी और न ही किसी को कोई खबर थी। इस दौरान खबरें उड़ी कि परवीन पर अंडरवर्ल्ड के लोगों की नजर थी, जिन्होंने उन्हें गायब कर दिया। एक्ट्रेस की कई फिल्में उनकी नामौजूदगी में ही रिलीज हो गईं। 6 साल बाद परवीन ने मुंबई वापस आकर सफाई दी कि उन्होंने अध्यात्म के लिए इंडस्ट्री छोड़ी थी।

### चर्चा में रहे थे अफेयर्स

परवीन बाबी का इंडस्ट्री में पहला अफेयर डैनी डेनजोंगपा से रहा। दोनों का रिश्ता करीब 4 साल तक चला। परवीन कबीर बेदी के साथ भी रिलेशन में रहीं, लेकिन ये रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं चला। कबीर बेदी से ब्रेकअप के बाद परवीन की मुलाकात महेश भट्ट से हुई, जो पहले से शादीशुदा थे। महेश उस समय इंडस्ट्री में स्ट्रगल कर रहे थे, जबकि परवीन बाबी इंडस्ट्री में एक जाना-माना नाम थीं।






# एक ही कमरे में रहते हैं दोहरा शतक लगाने वाले गिल और किशन, रोहित से बातचीत में खुलासा

**भारत और न्यूजीलैंड** के बीच वनडे सीरीज के पहले मैच में भारतीय टीम ने 12 रन से रोमांचक जीत दर्ज की। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 349 रन बनाए। इसके जवाब में कीवी टीम 337 रन ही बना पाई और मैच हार गई। भारत के लिए शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 208 रन बनाए। हालांकि, उनके अलावा कोई भी भारतीय बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। 34 रन बनाने वाले रोहित शर्मा टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

शुभमन गिल ने अकेले भारतीय टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। पहले उन्होंने संभलकर बल्लेबाजी की, क्योंकि एक छोर पर विकेट गिरते जा रहे थे। इसके बाद आखिरी ओवरों में तूफानी अंदाज में रन बनाए और आखिरी पांच ओवरों में 57 रन जोड़ दिए। गिल मैच के आखिरी ओवर में 208 रन बनाकर आउट हुए।



इस पारी के साथ शुभमन गिल वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड ईशान किशन के नाम था, जिन्होंने पिछले महीने बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक लगाया था। ईशान ने 24 साल की उम्र में यह कारनामा किया था, जबकि गिल ने 23 साल की उम्र में यह कर दिखाया।

गिल के दोहरे शतक के बाद कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशन ने वनडे में 200 रन बनाने वाले खिलाड़ियों के क्लब में उनका स्वागत किया। इस दौरान रोहित ने बताया कि शुभमन गिल और ईशान किशन एक ही कमरे में रहते हैं और दोनों ने एक महीने के अंतराल में वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने का गौरव हासिल किया है।

इस बातचीत में गिल ने बताया कि ईशान किशन अपने आईपैड पर फिल्में देखते रहते हैं और इयरफोन भी नहीं इस्तेमाल करते। इस वजह से वह ठीक से सो नहीं पाते हैं। जब गिल किशन को फिल्म देखने से मना करते हैं तो किशन का जवाब होता है कि तू मेरे कमरे में रह रहा है। सब कुछ मेरे हिसाब से होगा। वहीं, अपने दोहरे शतक को लेकर गिल ने बताया कि जब एक छोर से विकेट गिरते जा रहे थे तो उनके दिमाग में यही चल रहा था कि गेंदबाज को हावी नहीं होने देना है।


शुभमन गिल

इसी वजह से वह हर ओवर में एक चौका लगाने की कोशिश कर रहे थे और पूरी पारी में बल्लेबाजी करके वह बेहद खुश नजर आए। इस बातचीत के अंत में रोहित शर्मा ने ईशान किशन के मजे ले लिए। उन्होंने किशन से पूछा कि आप दोहरा शतक लगाने के बाद तीन मैच में नहीं खेले। इस पर किशन ने कहा कि भैया कप्तान तो आप हैं, आपने बाहर बैठा दिया। हालांकि, अंत में किशन ने कहा कि उन्हें चार नंबर पर बल्लेबाजी करने में मजा आ रहा है।

## शुभमन वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने

भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में ही शुभमन गिल ने इतिहास रच दिया। उन्होंने 149 गेंदों में 208 रन की पारी खेली। उनकी पारी में 19 चौके और नौ छक्के शामिल थे। इस मैच में गिल ने एक साथ कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। गिल वनडे में सबसे कम उम्र में दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

**सबसे कम उम्र में दोहरा शतक लगाने वाले खिलाड़ी**

| बल्लेबाज | उम्र | विपक्षी टीम | साल |
|---|---|---|---|
| शुभमन गिल | 23 साल 132 दिन | न्यूजीलैंड | 2023 |
| ईशान किशन | 24 साल 145 दिन | बांग्लादेश | 2022 |
| रोहित शर्मा | 26 साल 186 दिन | ऑस्ट्रेलिया | 2013 |

इसके अलावा गिल वनडे में सबसे कम उम्र में एक हजार रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड विराट कोहली और शिखर धवन के नाम था। इन दोनों खिलाड़ियों 24 पारियों में एक हजार वनडे रन बनाए थे। वहीं, शुभमन गिल ने 19 वनडे पारियों में ही एक हजार रन पूरे कर लिए हैं। वनडे क्रिकेट में सबसे तेज एक हजार पूरे करने के मामले में गिल संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के फखर जमान ने 18 वनडे पारियो में एक हजार बनाए थे। वह इस मामले में सबसे तेज हैं। वहीं, 19 पारियों में एक हजार रन बनाने वाले शुभमन गिल पाकिस्तान के इमाम उल हक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

**सबसे कम पारियो में एक हजार वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज**

18 पारीः फखर जमान

19 पारीः इमाम उल हक/शुभमन गिल

21 पारीः विवियन रिचर्ड्स, केविन पीटरसन/जॉनथन ट्रॉट/क्विंटन डिकॉक, बाबर आजम, रासी वान डर डुसेन

**वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर**

शुभमन गिल ने अपनी 208 रन की पारी के साथ ही सचिन तेंदुलकर का एक और रिकॉर्ड तोड़ दिया। सचिन ने 1999 में हैदराबाद के ही मैदान में कीवी टीम के खिलाफ नाबाद 186 रन की पारी खेली थी। अब तक यह वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ किसी भी बल्लेबाज का सबसे बड़ा स्कोर था। शुभमन गिल ने दोहरे शतक के साथ सचिन का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।



## शुभमन गिल का दोहरा शतक देखना मेरा सौभाग्य था : विराट कोहली



भारत ने न्यूजीलैंड को तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में 12 रन से हरा दिया। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में बुधवार (18 जनवरी) को खेले गए इस मैच शुभमन गिल ने शानदार दोहरा शतक लगाया। उन्होंने 208 रनों की बेहतरीन पारी खेली। वह वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के पांचवें बल्लेबाज बन गए। उनकी इस पारी की तारीफ टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने भी की।

शुभमन की इस शानदार पारी का जश्न टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने केक काटकर मनाया। इस दौरान कुछ खिलाड़ियों ने अपने मन की बात भी कही। विराट कोहली ने कहा, "यह एक अविश्वसनीय पारी थी और मेरा सौभाग्य था कि मैं इसे देख पाया। गिल के छोड़कर कोई भी बल्लेबाज 40 रन के स्कोर तक नहीं पहुंच पाया। ऐसे में उसने लगातार रन बनाए। यह करना आसान नहीं होता है। उन्होंने इस बात को साबित कर दिया कि क्यों लोग उनकी तारीफ करते हैं। वह भविष्य में भी इस तरह की पारियां खेलेंगे।"

**हार्दिक ने की जमकर तारीफ**

आईपीएल में शुभमन गिल गुजरात टाइटंस की ओर से खेलते हैं। वहां उनके कप्तान हार्दिक पांड्या हैं। हार्दिक ने भी गिल की तारीफ की। उन्होंने कहा, "अगर शुभमन दोहरा शतक नहीं लगा पाते तो भी वह खुश होते। यह मेरे लिए उनकी बेहतरीन पारियों में एक हैं। उन्होंने कई शानदार शॉट लगाए। आमतौर पर मैचों के दौरान मेरे रोंगटे नहीं खड़े होते, लेकिन उनके दोहरे शतक के बाद ऐसा हो गया।"

**द्रविड़ ने भी कही दिल की बात**




टीम इंडिया को कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, "उन्होंने अपनी क्षमता को दिखाया है। वह ऐसी और भी पारियां खेलेंगे।₹ गिल की पारी को सूर्यकुमार यादव ने 'चाबुक' करार दिया। युजवेंद्र चहल ने मजाकिया अंदाज में कहा, "मैंने उन्हें जैसा सिखाया था, उन्होंने वैसा ही किया। मैंने कहा था कि जब आप अच्छी बल्लेबाजी करते हैं तो 50 ओवर खेलकर आइए। उन्होंने ऐसा ही किया।

## भारतीय फैंस की सांसे अटकाने वाले ब्रेसवेल को विरासत में मिला क्रिकेट, पिता-चाचा और भाई भी क्रिकेटर



भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में कीवी टीम को हार का सामना करना पड़ा। भारत ने यह मैच 12 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। हालांकि, न्यूजीलैंड के लिए माइकल ब्रेसवेल ने शानदार शतक लगाया। उन्होंने 78 गेंद में 140 रन की पारी खेली, लेकिन आखिरी ओवर में वह आउट हो गए और अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। मैच के आखिरी ओवर में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 20 रन चाहिए थे। ब्रेसवेल ने पहली गेंद में छक्का लगाया, लेकिन अगली गेंद में वह आउट हो गए।

शुभमन गिल के शतक की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 350 रन का लक्ष्य रखा था और कीवी टीम ने 131 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में ब्रेसवेल ने शतकीय पारी खेलकर कीवी टीम को मैच में वापस ला दिया। उन्होंने सैंटनर के साथ शानदार साझेदारी की। वह महेंद्र सिंह धोनी के बाद दुनिया के दूसरे बल्लेबाज हैं, जिसने सातवें नंबर पर या उससे निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए वनडे में शतक लगाया है।

**ब्रेसवेल के अंकल और भाई भी क्रिकेटर**

पिछले साल मार्च में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 31 वर्षीय ब्रेसवेल ने इससे पहले आयरलैंड के खिलाफ भी एक मैच में नाबाद 127 रन बनाये थे, जब न्यूजीलैंड ने एक समय पर 153 रन पर छह विकेट गंवा दिये थे। उनके परिवार में अंकल जॉन ब्रेसवेल, ब्रेंडन ब्रेसवेल और कजिन डग ब्रेसवेल भी टेस्ट क्रिकेट खेल चुके हैं। उनके पिता मार्क न्यूजीलैंड के लिये प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेले हैं।

मैच के बाद ब्रेसवेल ने कहा ,''मुझे घरेलू क्रिकेट के अनुभव का काफी फायदा मिला है। मुझे पता है कि किस तरह से खेलना है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इस अनुभव का फायदा मिल रहा है।'' सौ प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड में काफी टी20 क्रिकेट खेला है और वह उसी अंदाज में बेखौफ खेलते नजर आये। उन्होंने कहा ,''टी20 का मुझ पर काफी प्रभाव रहा है। इससे वनडे क्रिकेट रोमांचक हो गया है। आप किसी भी स्थिति में हो, अपना स्वाभाविक खेल दिखा सकते हैं। टी20 क्रिकेट में सीखी चीजें वनडे में काफी काम आ रही हैं।''

## डोपिंग के फेर में फंसी भारतीय एथलीट दुती चंद, नाडा ने अस्थायी तौर पर निलंबित किया

भारत की स्टार एथलीट दुती चंद डोप टेस्ट में फेल हो गई हैं। इसके बाद उन्हें अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया गया है। धाविका दुती चंद का सैंपल पिछले साल पांच दिसंबर को लिया गया था, जिसमें प्रतिबंधित पदार्थ अनाबोलिक स्टेरॉयड की मात्रा पाई गई। 26 वर्षीय दुतीचंद ने 2018 एशियाई खेलों में 100 मीटर और 200 मीटर दोनों स्पर्धाओं में रजत पदक अपने नाम किया था। वहीं, राष्ट्रीय 100 मीटर रेस में वह स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।

नाडा के अनुसार दुतीचंद के सैंपल में 'एंडराइन', 'ओस्टारिन' और लिगांड्रोल की मात्रा पाई गई है। नाडा ने अपने नोटिफिकेशन में इस बात की जानकारी दी।

दुती को भेजे गए एक पत्र में कहा गया आपको सूचित किया जाता है कि आपके नमूने 'ए' का परीक्षण नेशनल डोप टेस्टिंग लेबोरेटरी में विश्व एंटी-डोपिंग एजेंसी में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया गया था।



प्रयोगशालाओं के मानक और नीचे दिए गए विवरण के रूप में प्रतिकूल विश्लेषणात्मक निष्कर्ष पाए गए थे।

भुवनेश्वर में प्रतियोगिता से अलग दुती का सैंपल लिया गया था। पत्र के जरिए दुती को डोपिंग के संभावित परिणामों के बारे में बताया गया है और चेतावनी दे दी गई है।

पत्र में कहा गया है, मैं आपको इस पत्र की सामग्री को ध्यान से पढ़ने के लिए आमंत्रित करता हूं जो एएएफ के संभावित परिणामों और परिणामी अनुशासनात्मक प्रक्रिया के रूप में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

इस बारे में जब दुती से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें 'ए' सैंपल टेस्ट पॉजिटिव होने की जानकारी नहीं है

**दुती पर लग सकता है बैन**

डोपिंग टेस्ट में फेल होने पर दुती पर बैन लग सकता है। अगर उन्हें दोषी पाया जाता है और यह साबित होता है कि उन्होंने जान बूझकर ऐसा किया था तो उन पर स्थायी बैन भी लगाया जा सकता है। इसके अलावा लंबे समय के लिए भी उन पर बैन लगाया जा सकता है। अगर उन पर पांच साल या इससे ज्यादा का बैन लगता है तो उनका करियर खत्म हो सकता है।

## रोहित शर्मा ने तोड़ा महेंद्र सिंह धोनी का रिकॉर्ड, न्यूजीलैंड के खिलाफ दो छक्के लगाकर चमके हिटमैन

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने अपनी 34 रन की पारी में दो छक्के लगाए। रोहित अच्छी शुरुआत करने के बाद बड़ी पारी नहीं खेल पाए, लेकिन पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड जरूर तोड़ दिया।

रोहित मैच में दो छक्के लगाने के साथ ही घरेलू मैदान पर वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में धोनी को पीछे छोड़ दिया। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान ने भारतीय जमीन पर वनडे मैचों में 123 छक्के लगाए थे। रोहित ने जब भारतीय पारी के तीसरे ओवर में हेनरी शिपली की गेंद पर छक्का लगाया तो वह धोनी से आगे निकल गए। उसके बाद उन्होंने एक और सिक्स जड़ा। भारतीय जमीन पर रोहित के छक्कों की संख्या अब 125 हो गई है।

**गिलक्रिस्ट से आगे निकले हिटमैन**

रोहित ने वनडे में रन के मामले में गिलक्रिस्ट को पीछे छोड़ दिया। हिटमैन के 9630 रन हो गए। गिलक्रिस्ट ने 9619 रन बनाए थे। रोहित ने 38 गेंदों की पारी में 34 रन बनाए थे। इस दौरान चार चौके और दो छक्के लगाए। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में 142 रन बनाए थे। वह जनवरी 2020 के बाद से वनडे में एक भी शतक नहीं लगा पाए हैं। रोहित ने पिछला शतक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जनवरी 2020 में बेंगलुरु में लगाया था। तब उन्होंने 119 रनों की पारी खेली थी।



## आखिरी ग्रैंड स्लैम में सानिया मिर्जा का विजयी आगाज



भारत की अनुभवी टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने अपने आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियन ओपन में जीत के साथ शुरुआत की है। सानिया ने महिला युगल के दूसरे दौर में अपना स्थान पक्का कर लिया है। उन्होंने कजाखस्तान की अपनी जोड़ीदार अन्ना डेनिलिना के साथ मिलकर हंगरी की डालमा गाल्फी और अमेरिका की बेर्नार्डा पेरा की जोड़ी को हराया।

सानिया और डेनिलिना ने सीधे सेटों में 6-2, 7-5 से जीत हासिल की। यह मुकाबला एक घंटे 15 मिनट तक चला। सानिया और डेनिलिना ने पहला सेट 25 मिनट में ही 6-2 से अपने नाम कर लिया था। दूसरे सेट में मुकाबला कड़ा हुआ, लेकिन अंत में सानिया और डेनिलिना ने 7-5 से जीत हासिल कर मैच को अपने नाम कर लिया।

छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन (डबल्स में तीन और मिक्स्ड डबल्स में तीन) 36 वर्षीय सानिया ने घोषणा की है कि ऑस्ट्रेलियन ओपन उनका आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है। वह 19 फरवरी से शुरू होने वाली डब्ल्यूटीए 1000 दुबई टेनिस चैंपियनशिप के बाद संन्यास लेंगी। पुरुष युगल में रामकुमार रामनाथन के अलावा युकी भांबरी और साकेत माइनेनी हार कर बाहर हो गए।

रामकुमार और उनके मैक्सिकन साथी मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला ने अपनी पहली सेट की बढ़त को गंवाते हुए सितसिपास भाइयों स्टेफानोस और पेट्रोस से 6-3 5-7 3-6 से हार गए। वहीं, वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाली भांबरी और माइनेनी दो घंटे 45 मिनट तक चले मुकाबले में एंड्रियास माइस और जॉन पीयर्स की ऑस्ट्रेलियाई-जर्मन जोड़ी से 6-7 7-6 6-3 से हार गए।



# रिन, लक्स, लाइफबॉय, फेयर एंड लवली, चायपत्ती और हॉर्लिक्स जैसी चीजों के बढ़ सकते हैं दाम



नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। महंगाई से जूझ रहे आम आदमी के लिए अच्छी खबर नहीं है। साबुन, टूथपेस्ट और शैंपू जैसी रोजाना इस्तेमाल की चीजों की कीमत में इजाफा हो सकता है। रिन, लक्स, लाइफबॉय, फेयर एंड लवली, हॉर्लिक्स जैसे कई कंज्यूमर गुड्स बनाने वाली दिग्गज कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड अपने प्रॉडक्ट्स की कीमत बढ़ा सकती है। कंपनी ने कहा कि उसकी पैरेंट कंपनी यूनिलीवर पीएलसी ने रॉयल्टी फीस में 80 बेसिस पॉइंट्स का इजाफा किया है। यह बढ़ोतरी तीन साल में चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी। यूनिलीवर में दस साल में पहली बार रॉयल्टी फीस बढ़ाई है। इससे पहले कंपनी ने साल 2013 में इसमें इजाफा किया था। एचयूएल ने कहा कि नए एग्रीमेंट के मुताबिक रॉयल्टी और सेंट्रल सर्विसेज फीस को बढ़ाकर 3.45 फीसदी कर दिया गया है। पिछले वित्त वर्ष में यह 2.65 फीसदी थी। पिछले फाइनेंशियल ईयर में एचयूएल का रेवेन्यू 51,193 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले की तुलना में 11.3 फीसदी अधिक है। इसमें से कंपनी ने अपनी पैरेंट कंपनी को 2.65 फीसदी की रॉयल्टी फीस चुकाई थी। रॉयल्टी फीस में 80 बीपीएस की बढ़ोतरी तीन चरणों में लागू की जाएगी।

# बजट तैयार कर रहे वित्त मंत्री की टीम के ये 8 दिग्गज



नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। साल 2023 का बजट इस बार 1 फरवरी को पेश होने वाला है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पांचवे बजट में कई सेक्टरों के लिए बजट का पिटारा खोल सकती हैं।आम नागरिकों को इस बजट से राहत मिलने की उम्मीद की जा रही है।साथ ही टैक्स छूट लिमिट बढ़ाने से लेकर नागरिकों को वित्तीय लाभ देने के लिए खांका तैयार हो सकता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस बार के बजट को तैयार करने में किन लोगों का रोल है या फिर वित्त मंत्री सीतारमण के बजट बनाने वाले टीम कौन-कौन है, अगर नहीं तो आइए जानते हैं उन 8 दिग्गजों के बारे में, जो इस बार के बजट की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं।ये आठ दिग्गज बड़े और नामी औदे पर विजराजमान हैं।

**टीवी सोमनाथन**

फाइनेशियल सेक्रेटरी टीवी सोमनाथन तमिलनाडु कैडर के 1987 बैच के आईएएस ऑफिसर हैं।सोमनाथन 2015 से 2017 तक पीएमओ कार्यालय के साथ थे।पहले ये कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव थे।सोमनाथन ने अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की डिग्री ली है और एक सीए रह चुके हैं।इसके अलावा, लागत लेखाकार और कंपनी सेक्रेटरी के पद पर भी कार्यरत रह चुके हैं।

**अजय सेठ, आर्थिक मामलों के सचिव**

आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ भी 1987 बैच के आईएएस ऑफिसर हैं और ये वित्त मंत्री के बजट टीम के एक महत्वपूर्ण सदस्य हैं।इनके अंडर में सभी बजट डाटा जुटाए जा रहे हैं।अजय सेठ के पास बजट के अलावा जी20 केंद्रीय बैंक की सह अध्यक्षता और वित्त मंत्री के बैठकों की भी जिम्मेदारी है।निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग में सचिव तुहिन कांता पांडेय की अहम भुमिका है।तुहिन कांता पांडे को उनकी निगरानी में एयर इंडिया की डील में भी भूमिका रही है।

**सीबीडीटी के अध्यक्ष नितिन गुप्ता**

नितिन गुप्ता 1986 बैच के इंडियन रेवेन्यू सर्विस अधिकारी हैं।ये केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के प्रमुख भी हैं।नितिन गुप्ता वर्तमान में सीबीडीटी में सदस्य (इंवेस्टिगेशन) के रूप में कार्य कर रहे हैं।

**संजय मल्होत्रा, राजस्व सचिव**

राजस्थान कैडर के 1990 बैच के आईएएस अधिकारी संजय मल्होत्रा को हाल ही में वित्तीय सेवा विभाग से राजस्व विभाग में ट्रांसफर किया गया है।

**सीबीआईसी अध्यक्ष विवेक जौहरी**

विवेक जौहरी केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के अध्यक्ष और भारत सरकार के विशेष सचिव हैं।1985 बैच के एक आईआरएस (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) अधिकारी भी हैं।विवेक जौहरी ने इंडारेक्ट टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन के लिए कई भूमिका निभाई है।जीएसटी को लागू करने के लिए भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**विवेक जोशी, सचिव, फाइनेंस सर्विसेज**

विवेक जोशी फाइनेंस मिनिस्ट्री में एक नया चेहरा हैं।ये बैंकिंग सेक्टर को नियंत्रित करते हैं।हरियाणा कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी विवेक जोशी पिछले साल अक्टूबर में संजय मल्होत्रा की जगह पर आए थे।

**मुख्य आर्थिक सलाहकार वी।अनंत नागेश्वरन**

वी।अनंत नागेश्वरन को अभी हाल ही में मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाया गया है।ये 2022-23 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण का मसौदा तैयार करेंगे।नागेश्वरन ने मैसाचुसेट्स एमहर्स्ट यूनिवर्सिटी से फाइनेंस में पीएचडी और भारतीय प्रबंधन संस्थान , अहमदाबाद से एमबीए की डिग्री ली है।

# क्रिप्टोकरेंसी पर सरकार और आरबीआई के मत अलग-अलग! भारतीय रिजर्व बैंक गर्वनर कर चुके हैं बैन करने की मांग



नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रसेखर ने गुरुवार को कहा कि अगर भारत में क्रिप्टोकरेंसी द्वारा नियमों का पालन किया जाता है तो क्रिप्टो से किसी को भी कोई समस्या नहीं होगी।केंद्रीय राज्य मंत्री का ये बयान ऐसे समय पर आया है जब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने इंवेस्टरों को इससे दूर रहने की सलाह दी है।भारतीय रिजर्व बैंक गर्वनर ने यहां तक कह दिया कि क्रिप्टो करेंसी एक जुआ के अलावा और कुछ भी नहीं है।बेंगलुरु के एक कार्यक्रम में बोलते हुए आईटी मिनिस्टर ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी जबतक कानूनी प्रक्रिया का पालन करती हैं, तबतक क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध जैसा कुछ भी नहीं होगा। वहीं दूसरी ओर आरबीआई गर्वनर शक्तिकांत दास क्रिप्टोकरेंसी को बैन करने को लेकर कई बार कह चुके हैं।उन्होंने यह भी कहा कि मार्केट में इसकी अंडरलाइंग वैल्यू नहीं है। शक्तिकांत दास ने बिजनेस टूडे के एक इवेंट में कहा था कि हर संपत्ति की तरह ही हर वित्तीय उत्पाद कुछ अंतर्निहित वैल्यू के साथ आते हैं।वहीं क्रिप्टोकरेंसी करेंसी बिना किसी अंडरलाइंग वैल्यू के सिर्फ विश्वास के फैक्टर पर टिका हुआ है।

# हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन लाल निशान पर बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 237 अंक टूटा

नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 236.66 अंक टूटकर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी भी 80.20 अंकों की गिरावट के साथ 18,027.65 अंकों के लेवल पर पहुंचकर बंद हुआ। बैंक निफ्टी 185 अंकों की मजबूती के साथ 42514 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। शुक्रवार के कारोबार में टीवीएस मोटर और हैवेल्स के शेयरों में चार-चार प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स के 30 शेयरों में 20 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। शुक्रवार के कारोबारी सेशन में पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी और आईटीसी के शेयर मजबूती के साथ हरे निशान पर बंद हुए। वहीं दूसरी ओर विप्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक बैंक और टीसीएस जैसी कंपनियों के शेयर कमजोरी के साथ बंद हुए। आज रिलायंस के शेयरों के तिमाही परिणाम आने हैं, ऐसे में कंपनी के शेयरों पर दबाव दिखा और ये 1.15 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर तिमाही परिणामों के बाद हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयरों में 3.75 फीसदी की गिरावट दर्ज की। डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 24 पैसे की मजबूती के साथ 81.12 रुपये पर बंद हुआ।

# अब एक और नए कारोबार में कदम रखने जा रहे हैं गौतम अडानी



नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अडानी का अडानी समूह अब नए कारोबार में कदम रखने जा रहा है।

अडानी समूह अब देश में अब पानी की सप्लाई देने की योजना पर काम कर रहा है।देश में इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में मजबूत पकड़ रखने वाला अडानी समूह पहले से घर-घर बिजली और रसोई गैस सप्लाई देने का काम कर रहा है।

गौतम अडानी अब वाटर प्यूरिफिकेशन के कारोबार में अपने कदम बढ़ा रहे है, इस खबर के आने के बाद पानी से जुड़े कारोबार जगत में चर्चा शुरू हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अडानी समूह देश में पानी की सप्लाई करने की योजना बना रहा है।

अडानी एंटरप्राइजेज अब वाटर प्यूरिफिकेशन से लेकर उसके डिसट्रिब्यूशन सेगमेंट में एंट्री करने जा रही है।अडानी ग्रुप की माने तो, इंफ्रास्ट्रक्वर सेक्टर के लिहाज से यह काफी अहम क्षेत्र है.अडानी ग्रुप के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर जुगशिन्दर सिंह ने मीडिया से बातचीत में कंपनी के वाटर सेगमेंट में एंट्री को कंपनी के लिए अहम बताया । अडानी समूह देश के इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की प्रमुख कंपनी है।हम पिछले 20 साल से इस सेक्टर में काम कर रहे हैं।इसलिए हम पानी को शुद्ध करने, शोधन करने और डिसट्रिब्यूट करने वाले सेक्टर में एंट्री करने को लेकर उत्साहित हैं।उनका कहना है कि कंपनी इस सेक्टर में संभावना और मौकों को तलाश रही है।

साथ ही कंपनी की नजर इस सेगमेंट में ज्वॉइंट वेंचर प्रोजेक्ट्स और अपना अधिग्रहण कायम करने की है। अडानी एंटरप्राइजेज अपना फॉलो ऑन पब्लिक ऑफर अगले हफ्ते 27 जनवरी 2023 को शुरू करने जा रही है।इसके जरिये से कंपनी की मंशा 20,000 करोड़ रुपये जुटाने पर है।इस एफपीओ के लिए प्राइस बैंड 3,112 रुपये से 3,276 रुपये प्रति शेयर रखा गया है।

यह देश में कोल इंडिया के 2015 में आए 22,558 करोड़ रुपये के एफपीटो के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा एफपीओ है।कंपनी का एफपीओ 27 जनवरी 2023 को खुलेगा और 31 जनवरी को बंद होगा।मालूम हो कि बड़े निवेशकों के लिये यह 1 दिन पहले खुल जाएगा।

# जबरदस्त खरीदारी के चलते रिकॉर्ड हाई पर पहुंचे सोने के दाम

## पहली बार सोना 56,700 रुपये के पार



नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। शुक्रवार के ट्रेडिंग सेशन में सोने का भाव रिकॉर्ड हाई पर खुला है।एमसीएक्स पर सोना 56,746 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला जो सोने का सबसे उच्चतम भाव है।फिलहाल सोना 154 रुपये के उछाल के साथ 56700 रुपये पर कारोबार कर रहा है।पिछले ट्रेडिंग सत्र में सोना 56,588 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।साल 2023 के केवल 20 दिनों में ही सोने के दामों में 2000 रुपये का उछाल आ चुका है।शादी का सीजन आ चुका है जाहिर है जाहिर इस दौरान सोने की मांग बढ़ जाती है।और जो लोग सोना खरीदारी की सोच रहे हैं उन्हें अब ज्यादा दाम देने होंगे।जानकारों की मानें तो सोने के दाम यही थमने वाला नहीं है।2023 में सोना 60,000 रुपये प्रति ग्राम को भी पार कर सकता है।सोने के दामों में तेजी से उन लोगों को फायदा होगा जो गोल्ड फाइनैंस या बैंकों सो गोल्ड लेते हैं।सोने के दामों में तेजी के चलते उन्हें अपने सोने पर ज्यादा लोन मिल सकेगा।इससे गोल्ड लोन देने वाली कंपनियों को भी फायदा होगा।उनके लोन आर्डर बुक में बढ़ोतरी होगी और मार्जिन में भी सुधार होगा।अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें मार्च 2022 में 2,070 डॉलर प्रति औंस के हाई को छूने के बाद नवंबर 2022 में घटकर 1,616 डॉलर प्रति औंस के निचले स्तर तक आ गयी लेकिन इन लेवल से सोने के भाव में सुधार हो रहा है।कई जानकार 2023 में अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव 2500 डॉलर प्रति औंस तक छूने की उम्मीद जाहिर कर रहे हैं।वैश्विक राजनीतिक स्थिति, मंदी की चिंता, महंगाई और क्रिप्टो एसेट्स की मांग में कमी के चलते से सोने की कीमतों में तेजी की वजह मानी जा रही है।

# अब अमेरिकी दवा कंपनी को खरीद रही है सन फार्मा

नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। सन फार्मा का नाम आपने जरूर सुना होगा। भारतीय दवा बाजार का यह बड़ा नाम है। घरेलू दवा बाजार में मार्केट हिस्सेदारी की बात करें तो सन फार्मा पहले नंबर पर है। अब खबर आई है कि इसने एक अमेरिकी दवा कंपनी कंसर्ट फार्मास्युटिकल्स इंक. को एक्वायर करने का करार किया है।

यह कंपनी स्किन केयर प्रोडक्ट बनाती है। यह कंपनी नैस्डैक में भी लिस्टेड है। सन फार्मा ने अमेरिकी कंपनी कंसर्ट फार्मास्युटिकल्स इंक. का 57.6 करोड़ डॉलर में सौदा किया है। भारतीय रुपये में इसे जोड़ें तो यह लगभग 4,688 करोड़ रुपये पड़ता है। सन फार्मा ने गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में यह जानकारी दी।

# अब स्विगी ने 380 कर्मचारियों को निकाला

नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। फुड डिलिवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने शुक्रवार को अपने 380 कर्मचारियों को बाहर निकालने की घोषणा की है। कंपनी ने इसकी जानकारी देते हुए कहा है कि यह बहुत कठिन फैसला है। उसने यह कदम अपने बदलाव की कोशिशों के तहत उठाया है। कंपनी ने 380 क्षमतावान कर्मचारियों को निकालने के बारे में बताया कि हम यह कठिन फैसला अपनी टीम को छोटा करने के लिए कर रहे हैं। कंपनी के सीईओ श्रीहर्ष मजेटी ने अपनी ओर से भेजे गए मेल में कर्मचारियों को कहा है कि सभी संभव उपायों पर विचार करने के बाद यह फैसला लिया गया है। उन्होंने अपने ईमेल में छंटनी का यह फैसला लेने के कई कारण बताने के साथ ही कर्मचारियों से इसके लिए माफी भी मांगी है।स्विगी ने छंटनी के लिए जिन प्रमुख कारणों का उल्लेख किया है, उनमें से एक चुनौतीपूर्ण मैक्रोइकॉनॉमिक स्थितियां हैं। कंपनी ने कहा है कि वह कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रही है।कंपनी ने खुलासा किया कि फूड डिलीवरी क्षेत्र में ग्रोथ रेट धीमा हो गया है, जिसके परिणामस्वरूप मुनाफा कम हुआ है और आय घटी है। हालांकि, स्विगी ने यह भी दावा किया है कि उसके पास खुद को बनाए रखने के लिए पर्याप्त नकदी भंडार है। स्विगी ने लोगों को निकालने के अपने फैसले के लिए 'ओवरहायरिंग' (आवश्यकता से अधिक बहाली) को भी दोषी ठहराया है। स्विगी सीईओ ने कहा, फूड डिलिवरी क्षेत्र का ग्रोथ रेट घटा है जो कंपनी के अनुमानों के पूरी तरह से खिलाफ है। इसलिए कंपनी को अपने लाभप्रदाता लक्ष्यों को हासिल करने के लिए छंटनी जैसा कठिन फैसला लेना पड़ा। उन्होंने कहा, हमने पहले ही बुनियादी ढांचे, कार्यालय/सुविधाओं आदि जैसी अन्य अप्रत्यक्ष लागतों पर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

# पीपीएफ में निवेश करने वालों के लिए होगी बड़ी घोषणा

## 'बजट 2023-24' में क्या खुशखबरी मिलेगी?




नई दिल्ली, 20 जनवरी (एजेंसियां)। कोरोना संकट से बहुत हद तक उबरने के बाद 2022 में देश की अर्थव्यवस्था लगभग स्थिर रही। ऐसे में 2023 के बजट से लोगों को बहुत अपेक्षाएं हैं। जैसे-जैसे बजट की तारीख नजदीक आ रही है लोगों में इस बात की उत्सुकता बढ़ रही है कि इस बार उनके लिए क्या खास होगा? आने वाले बजट पर आर्थिक जानकारों के बीच भी दो तरह के राय हैं। कुछ जानकारों का मानना है कि महंगाई और बाजार के मौजूदा हालात को देखते हुए बजट में बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है।

हालांकि आर्थिक विशेषज्ञों का एक वर्ग 2023 के बजट में बड़े सुधार की उम्मीद कर रहा है। उनका मानना है कि खासकर टैक्स के राहत से जुड़े मामलों में वित्त मंत्री इस बार बड़ी घोषणाएं कर सकती हैं। बजट तैयार होने की प्रक्रिया पर नजदीक से नजर रख रहे कुछ जानकारों का मानना है कि इस बार के बजट में बहुत बड़े सुधार या बदलाव के आसार कम ही हैं। हालांकि उनका मानना है कि अलग-अलग कैटेगरी के करदाताओं के लिए टैक्स एक्जेम्शन और छूट की घोषणा 2023 के बजट में की जा सकती है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट है। लोगों को उम्मीद है कि इस बार के बजट पर मोदी सरकार के 2024 के आम चुनावों की तैयारी की झलक दिखेगी। बजट पूर्व मंत्रणा बैठकों में कई दिग्गजों ने टैक्स स्लैब में बदलाव और करों में छूट का दायरा बढ़ाने की सरकार से अपील की है। बजट पूर्व मंत्रणा बैठकों में जिस मांग पर सबसे अधिक फोकस रहा वह था पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) के दायरे को डेढ़ लाख से बढ़ाकर तीन लाख करना। करदाता 80सी के तहत मिलने वाली छूट के दायरे को बढ़ाये जाने की उम्मीद कर रहे हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई का खर्च, एजुकेशन लोन, घर खरीदने पर किए गए खर्च और रिटायरमेंट के बाद के प्लान्स पर किए गए खर्च में राहत मिलेगी।

**क्या पीपीएफ पर छूट का होगा एलान?**

अधिकतर जानकारों का मानना है कि इस बार के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आम आदमी को राहत देने वाले कुछ बड़े फैसलों को अमलीजामा पहना सकती हैं। इंस्टीच्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की तरफ से सरकार को भेजी गई एक सिफारिश में कहा गया है कि पीपीएफ की सालाना लिमिट को 1.5 लाख से बढ़ाकर 3 लाख रुपये करने पर सरकार को विचार करना चाहिए। सिफारिश के अनुसार पीपीएफ में नौकरीपेशा, मध्यम वर्ग और व्यापारी ज्यादा पैसा लगाते हैं ऐसे में अगर इसकी लिमिट बढ़ायी जाती है तो समाज के एक बड़े वर्ग को फायदा होगा।

**बजट 2023-24 पर क्या है आर्थिक जानकारों का मत?**

एक्सिस सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओ बी. गोपकुमार ने 2023 के बजट से जुड़ी संभावनाओं पर कहा कि चूंकि यह वर्ष 2024 के आम चुनावों से पहले आखिरी पूर्ण बजट है ऐसे में इसके विकासोन्मुख होने की उम्मीद है। घर खरीदने पर मौजूदा आयकर लाभ का दायरा बढ़ाने की घोषणा होने से रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा मिल सकता है। बजट में ग्रामीण खर्च और बुनियादी ढांचे के विकास को प्रोत्साहित करने के उपाय मुख्य आकर्षण होंगे। उनके अनुसार, उद्यमिता संस्कृति को बनाने और मजबूत करने के लिए कोई भी रोडमैप आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे सकता है। इससे रोजगार सृजन के मामले में भी बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। कुल मिलाकर वृद्धि और विकास पर फोकस होने के साथ 2023-24 के बजट में समाज के सभी वर्ग के लिए कुछ न कुछ हो सकता है। एफएमसीजी, मैन्युफैक्चरिंग, एमएसएमई और बैंकिंग कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिनसे जुड़ी बड़ी घोषणाएं वित्त मंत्री कर सकती हैं।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-उत्तरायणे
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-शिशिर दिशाशूल- पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- अमावस्या- **02 -22** राततक उपरान्त प्रतिपदा
मास - माघ कृष्ण पक्ष , शनिवार **Jan 21**
नक्षत्र -पूर्वाषाढा-**09 -40** तक उपरान्त उ.षाढा
योग - हर्षण - **14 - 34** - तक उप वज्र
करण- चतुष्पाद **-16 - 21** - तक उप- नाग
विशेष:- व्रत -त्योहार - देवपितृकार्ये मौनी अमावस्या

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | मकर | में | मकर- | 06-27 | बजे |
| चंद्र- | धनु | में | कुंभ - | 08-17 | बजे |
| मंगल | वृष | में | मीन... | 09-56 | बजे |
| बुध- | धनु | में | मेष-- | 11-31 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | वृष-- | 13-16 | बजे |
| शुक्र- | मकर | में | मिथुन.. | 15-18 | बजे |
| शनि- | कुंभ | में | कर्क... | 17-29 | बजे |
| राहु- | मेष | में | सिंह... | 19-41 | बजे |
| केतु- | तुला | में | कन्या.. | 20-48 | बजे |
| | | | तुला | 23-53 | बजे |
| | | | वृश्चिक. | 02-04 | बजे |
| | | | धनु..... | 04-21 | बजे |

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 09:39 से 11:03 तक**

### श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल. | 06:53 - 08:15 | अशुभ | लाभ. | 18:04 - 19:40 | शुभ |
| शुभ. | 08:15 - 09:39 | शुभ | उत्पात | 19:40 - 21:16 | अशुभ |
| रोग | 09:39 - 11:03 | अशुभ | शुभ | 21:16 - 22:52 | शुभ |
| उत्पात | 11:03 - 12:27 | अशुभ | अमृत | 22:52 - 00:27 | शुभ |
| चंचल | 12:27 - 13:52 | शुभ | चंचल | 00:27 - 02:03 | शुभ |
| लाभ | 13:52 - 15:16 | शुभ | रोग | 02:03 - 03:39 | अशुभ |
| अमृत | 15:16 - 16:40 | शुभ | काल | 03:39 - 05:15 | अशुभ |
| काल | 16:40 - 18:01 | अशुभ | लाभ | 05:15 - 06:51 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (धू धे धो ला ली लू ले लो आ) आज के मनोरंजन में खेल गतिविधियां और बाहरी कार्यक्रम शामिल होने चाहिए। हमारी आपको सलाह है कि शराब और सिगरेट पर पैसा खर्च करने से बचें। ऐसा करने से न सिर्फ आपका स्वास्थ्य खराब होगा बल्कि आपकी आर्थिक स्थिति भी खराब होगी। आसपास के लोगों के बर्ताव से आज आप कुछ चिड़चिड़े रहेंगे।

**वृष** (ई उ ए जो वा वी वू वे वो) ब्लड प्रेशर के मरीज अपना ब्लड प्रेशर कम करने और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल में रखने के लिए रेड वाइन की मदद ले सकते हैं। इससे उन्हें और आराम मिलेगा। चंद्रमा की स्थिति के चलते आपका पैसा बेवजह की चीजों पर खर्च हो सकता है। अगर आप धन संचय करना चाहते हैं तो अपने जीवनसाथी या माता-पिता से इस बारे में बात करें।

**मिथुन** (का की कू घ ङ झ के को हा) गर्भवती माँ को फर्श पर चलते समय विशेष ध्यान रखना चाहिए और यदि संभव हो तो धूम्रपान करते समय किसी मित्र के साथ खड़े न हों क्योंकि यह अजन्मे बच्चे को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। सोच-समझकर किए गए निवेश से ही लाभ मिलेगा- इसलिए सुनिश्चित करें कि आपने अपनी मेहनत की कमाई कहां लगाई है।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) आपके विनम्र व्यवहार की सराहना होगी। बहुत से लोग मौखिक रूप से आपकी प्रशंसा करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार से आपको आवश्यक वस्तुओं की ख़रीदारी में आसानी होगी। अपने घर के माहौल में बदलाव करने से पहले सुनिश्चित करें कि आपके पास दूसरों की स्वीकृति है।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) अपने खान-पान पर नियंत्रण रखें और फिट रहने के लिए व्यायाम करें। लंबी अवधि के लाभ के लिए स्टॉक और म्यूचुअल फंड में निवेश की सलाह दी जाती है। गुस्सा भड़कना अपरिहार्य है- लेकिन अपनी जीभ की रक्षा करें ताकि उन्हें चोट न पहुंचे जो आपसे प्यार करते हैं।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ट पे पो) आपका रोग दुख का कारण हो सकता है। परिवार में ख़ुशियाँ बहाल करने के लिए आपको इसे जल्द से जल्द दूर करने की ज़रूरत है। सावधान रहें कि आप आर्थिक रूप से किसके साथ व्यवहार करते हैं। मित्रों के साथ गतिविधियाँ आनंददायक रहेंगी- लेकिन स्वेच्छा से ख़र्च न करें- अन्यथा आप ख़ाली जेब लेकर घर पहुँचेंगे।

**तुला** (स री रु रे से ता तू ते) अपना धैर्य बनाए रखें क्योंकि सामान्य ज्ञान और समझ के साथ आपका निरंतर प्रयास आपकी सफलता की गारंटी देगा। आपको आज पेश की जाने वाली निवेश योजनाओं पर दो बार गौर करना चाहिए। दोस्तों के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा लेकिन वाहन चलाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतें।

**वृश्चिक** (तो मा मी मू मे मो य यी यू) किसी संकट में पड़े व्यक्ति की मदद के लिए अपनी ऊर्जा का उपयोग करें। स्मरण रहे- इस नाशवान शरीर का क्या उपयोग यदि इसका उपयोग दूसरों के हित के लिए न हो। बैंक डीलिंग को बहुत सावधानी से संभालने की जरूरत है। सामाजिक कार्यक्रम प्रभावशाली और महत्वपूर्ण लोगों के साथ अपने संबंध सुधारने का उत्तम अवसर देंगे।

**धनु** (ये यो भा भी मू धा फा ढा भे) आपका ईर्ष्यालु व्यवहार आपको दुखी और उदास कर सकता है। लेकिन यह खुद की खुद की चोट है इसलिए इस पर अफसोस करने की जरूरत नहीं है। दूसरों के सुख-दुख को बांटकर इससे छुटकारा पाने के लिए खुद को प्रेरित करें। आज सिर्फ बैठने के बजाय-क्यों न किसी ऐसी चीज़ में शामिल हो जाएं- जिससे आपकी कमाने की शक्ति में सुधार हो।

**मकर** (भे जे जी खी खू खो मा मी) लंबी बीमारी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, इससे कुछ परेशानी हो सकती है। आज घर में कोई धार्मिक आयोजन होने की संभावना है। हालांकि इससे आपके मन को शांति मिलेगी, लेकिन इस पर आपका काफी धन खर्च हो सकता है। जिस व्यक्ति की आप परवाह करते हैं उसके साथ संचार की कमी आपको उदास कर देगी। अतीत की सुखद यादें आपको व्यस्त रखेंगी।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) जीवन के प्रति उदार रवैया अपनाएं। अपनी रहन-सहन की स्थिति के बारे में शिकायत करने और परेशान होने का कोई फायदा नहीं है। यह भिखारी सोच ही है जो जीवन की सुगंध को नष्ट कर देती है और संतोषी जीवन जीने की आशा को खत्म कर देती है। घर की जरूरी चीजों पर पैसा खर्च करने से आज आपको आर्थिक तंगी का सामना जरूर करना पड़ेगा

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो च ची) भीड़ भरी बस में यात्रा करते समय रक्तचाप के रोगियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। आज आपका किसी करीबी से झगड़ा हो सकता है और बात कोर्ट कचहरी तक जा सकती है। इस वजह से आपकी मेहनत की कमाई खर्च होगी। हो सकता है कि आप अपने परिवार वालों की हर बात से सहमत न हों- लेकिन आपको उनके अनुभव से सीखने की कोशिश करनी चाहिए।

पं. महेशचन्द्र शर्मा 9247132654, 8309517693

# संथारा: जहां सज-धज कर होता है मौत का इंतजार

## बैंड बाजे के साथ निकलती है अंतिम यात्रा, जैन धर्म में क्या है संथारा

जोधपुर 20 जनवरी (एक्सक्लूसिव डेस्क)। रंग-बिरंगी साड़ियां पहनी महिलाएं। उनके मेंहदी लगे हाथों में जैन धर्म की किताबें। गीत बज रहे। भजन-कीर्तन चल रहा। परिवार के लोग खुशी से झूम रहे। चारों तरफ उत्सव का माहौल है। दूर से देखने पर लगता है यहां किसी की शादी है, लेकिन करीब पहुंचने पर पता चला यहां मौत का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है।

ये जैन धर्म के लोग हैं। जैन धर्म में स्वेच्छा से अन्न-जल छोड़कर देह त्याग करने की परंपरा को संथारा या सल्लेखना कहा जाता है। सल्लेखना 'सत्' और 'लेखना' शब्दों से मिलकर बना है। इसका मतलब 'अच्छाई का लेखा-जोखा' होता है।

राजस्थान के जोधपुर से करीब 100 किलोमीटर दूर जसोल गांव रात 8 बजे का वक्त। एक छोटे से कमरे में गुलाबी देवी लेटी हैं। उनके गोरे रंग पर सुर्ख लाल रंग की साड़ी खूब जंच रही है। माथे पर चमकती बिंदी, हाथों में मेंहदी और लाल चूड़ियां। पूरे घर में चहल-पहल है। लोग आ-जा रहे हैं। महिलाएं ढोल-झाल बजा रही हैं। गीत गा रही हैं। गुलाबी देवी अपने बेटे से कहती हैं, 'जोधपुर में आज एक आदमी ने संथारा लिया था। उसकी मौत तो कुछ घंटों बाद हो गई। मेरी कब होगी?' बेटा कहता है जिस घड़ी आपकी मौत लिखी है, उसी घड़ी होगी। परेशान मत होइए। गुलाबी देवी अपनी पड़पोती को बुलाती हैं। फिर उनके दो जुड़वां बच्चों के साथ खेलने लगती हैं। उनका उत्साह देखकर यकीन ही नहीं होता कि मृत्यु का इंतजार कर रहा कोई शख्स इतना खुश हो सकता है। फिर वे दोनों बेटों को बुलाती हैं। अपने पास बैठाती हैं, उन्हें दुलारती हैं। कहती हैं, 'मैंने पूरी जिंदगी इस घर में निकाल दी। मेरी बैकुंठी (अर्थी) घर के अंदर से ही निकालना। अपने बच्चों के हाथ से केसर का तिलक करवाना और बैकुंठी को भी हाथ लगवाना।'बेटा कहता है, 'हां पक्का। तुम मरने के बाद भी देखोगी कि वैसा ही मैंने किया है।'

गुलाबी देवी के बेटे कहते हैं, 'हमारे यहां ब्याह-शादी में बैंड और डीजे नहीं आता है, लेकिन किसी ने संथारा ली है, तो उसकी मौत पर बैंड और डीजे बुलाया जाता है। सब लोग शादी की तरह तैयार होकर उसके जनाजे में शामिल होते हैं।'गुलाबी देवी पिछले 24 दिनों से संथारा पर हैं। उन्होंने अपने पति पुखराज के साथ संथारा लिया था। जैन इतिहास में यह पहला मौका था जब पति-पत्नी ने एक साथ संथारा लिया। 17वें दिन पुखराज की मौत हो गई।

अभी कुछ दिन पहले झारखंड में सम्मेद शिखरजी को पर्यटन केंद्र घोषित करने के विरोध जैन मुनि समर्थ सागर और जैन मुनि सुज्ञेय सागर ने संथारा लिया था। दोनों देह त्याग चुके हैं। जैन धर्म ग्रंथों के मुताबिक, जब किसी व्यक्ति या जैन मुनि को लगता है कि उनकी मृत्यु करीब है, तो वे अन्न-जल का त्याग कर देते हैं। एक कमरे में रहने लगते हैं।

जैन मुनि आचार्य समंतभद्र ने जैन ग्रंथ 'रत्नकरंड श्रावकाचार' में संथारा का जिक्र किया है। इसमें कहा गया है कि संथारा लेने से पहले गुरु की इजाजत लेनी पड़ती है। इसके लिए कोई उम्र तो तय नहीं है, लेकिन आमतौर पर मुश्किल हालातों में, बुढ़ापे में या लंबी बीमारी की स्थिति में संथारा ग्रहण करने की बात कही गई है। संथारा लेने से पहले जैन मुनि जैन ग्रंथों का मंत्रोच्चारण करवाते हैं। अपने हाथ से पानी पिलाते हैं और अन्न-जल का त्याग करवाते हैं। इसे संथारा पचकाना कहते हैं। इसके बाद जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों की स्तुति की जाती है।

जैन मुनि संथारा ग्रहण करने जा रहे शख्स से कहते हैं- 'जावजीव आपको सभी प्रकार के आहार का त्याग है।' संथारा लेने वाला भी त्याग बोलता है और वहीं से शुरू हो जाता है संथारा। एक बार अन्न त्याग करने का मतलब है मौत होने तक उसे त्यागे रखना। जैन साध्वी समणी मधुर प्रज्ञा बताती हैं, 'दो तरह के जैन समुदाय हैं- श्वेतांबर और दिंगबर। संथारा प्रथा सभी में है। हमारे धर्म में जीवन से ज्यादा मृत्यु कैसी होनी चाहिए, इस बात पर जोर दिया जाता है, क्योंकि हम पुनर्जन्म में विश्वास करते हैं। हमारी मान्यता है कि मरते वक्त जो आदमी जैसा सोचता है, उसका अगला जन्म वैसा ही होता है। इसी लिए हम मृत्यु का उत्सव मनाते हैं।'

वे कहती हैं, 'मृत्यु के वक्त समाधि मौत सबसे उत्तम मानी जाती है। जो संथारा के जरिए ली जाती है। इसमें किसी से मोह, लोभ, चिंता, प्रेम, नफरत, द्वेष खत्म करने की कोशिश की जाती है। यहां तक कि अपने शरीर से भी। इसलिए बिना खाए पिए सिर्फ साधना की जाती है।'संथारा के वक्त आनंद का भाव नीचे नहीं आने चाहिए। इसी वजह से संथारा लेने वाले शख्स के आसपास भक्ति का माहौल रखा जाता है। घर में आने वाला हर आदमी उसे गीत सुनाता है। उसका गुणगान करता है।

**10-12 साल पहले से संथारा की प्रैक्टिस कर सकते हैं- जैन साध्वी**




जैन साध्वी समणी मधुर प्रज्ञा बताती हैं, 'अगर कोई स्वस्थ है तो 10-12 साल पहले से संथारा की तैयारी शुरू कर सकता है। पहले साल वह दूध, दही, घी और तेल का त्याग करता है। इनमें से कोई एक खाना हो तो कड़ाही में बनने वाली चीजें त्याग देता है। इसी तरह वह दूसरे और तीसरे साल एक-एक चीज का त्याग करता है। चौथे साल दूध, दही, घी और तेल सभी का त्याग कर देता है। पांचवें साल से हर महीने उपवास रहने लगता है। 9वें साल एक दिन छोड़कर उपवास और 12वें साल में पूरी तरह अन्न का त्याग कर देता है।'जिसने संथारा ग्रहण किया होता है, उसके आस-पास भोजन नहीं बनता। परिवार वाले किसी दूसरे घर में या कहीं और खाने की व्यवस्था करते हैं। संथारा लेने के बाद स्नान नहीं किया जाता है। हर दिन नित्य क्रिया क्रम के बाद कपड़े बदले जाते हैं। संथारा वाले घर में परिवार के लोग सूर्यास्त से पहले खाना खा लेते हैं। इस दौरान घर में सादा खाना ही बनता है।

संथारा से मृत्यु होने के बाद व्यक्ति को नहलाया नहीं जाता है। उसके शरीर को गुलाब जल से पोंछकर सफेद कपड़े पहनाए जाते हैं। अर्थी बनाने के लिए कारपेंटर को बुलाया जाता है। अर्थी पर मृतक को समाधि की अवस्था में बैठाकर बांध दिया जाता है। हाथ में चांदी की माला दी जाती है। सिर और मुखवस्त्रिका (सफेद मास्क की तरह होता है, जिसे मुंह पर लगाया जाता है) पर केसर से स्वास्तिक बनाया जाता है। अर्थी में सूखे गुलाब की पत्तियां डाली जाती हैं। चंदन की अगरबत्ती लगाई जाती है। पांच चांदी के कलश लगाए जाते हैं। घर के सभी सदस्य श्मशान तक जाते हैं। सभी अरिहंत नाम सत्य है बोलते हैं। संथारा लेने वालों का अंतिम संस्कार चंदन की लकड़ी और घी से किया जाता है। उसमें कपूर और केसर भी डाला जाता है। संथारा ग्रहण करने वालों के लिए दाह संस्कार की जगह आम लोगों के दाह संस्कार वाली जगह से दूर होता है। संथारा ग्रहण करने वाले व्यक्ति की मौत होती है तो बैंड-बाजे के साथ अंतिम यात्रा निकाली जाती है। जैन धर्म में संथारा आस्था का विषय है। हालांकि कुछ लोग इसका विरोध भी करते हैं। 2006 में इस पर रोक के लिए राजस्थान हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी। 2015 में हाईकोर्ट ने संथारा को गैरकानूनी बताते हुए इस पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता 306 तथा 309 के तहत इसे दंडनीय बताया था, जिसका जैन धर्म के लोगों ने खूब विरोध किया।

उनका कहना था कि आत्महत्या हमेशा निराशा या तनाव जैसी स्थिति में की जाती है। इसमें आदमी की फौरन मृत्यु हो जाती है।

जबकि संथारा का फैसला करने वाला व्यक्ति शांति से और खुशनुमा माहौल में यह फैसला लेता है। संथारा की प्रक्रिया बेहद धीमी और लंबी होती है। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करते हुए संथारा पर लगी रोक हटा दी थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल 400 से ज्यादा लोग संथारा ग्रहण करते हैं।

# जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल जारी

## समर्थन में उतरा चिकित्सा शिक्षक संघ, हाथ में बांधी काली पट्टी

जगदलपुर, 20 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बस्तर में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल पर जारी है। मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में पिछले दो दिनों से हड़ताल पर बैठे डॉक्टरों की मांगों को जायज बताते हुए गुरुवार की शाम को चिकित्सा शिक्षक संघ ने अपना समर्थन दिया है। वहीं, बस्तर में सेवा देने वाले डॉक्टरों के साथ हो रहे भेदभाव को देखते हुए भाजयुमो ने भी हड़ताल कर रहे डॉक्टरों को समर्थन दिया है।

हड़ताल कर रहे डॉक्टर पुष्पराज प्रधान ने बताया कि पिछले चार वर्षों से जूनियर रेसीडेन्ट डॉक्टर्स के मानदेय में कोई वृद्धि नहीं की गई है, जबकि प्रदेश के हर श्रेणी के कर्मचारियों की शासन द्वारा विभिन्न रूप से वेतन वृद्धि करी जा चुकी हैं। गुरुवार से शुरू हुई हड़ताल के बाद शुक्रवार से इंटर्न डॉक्टरों द्वारा भी अपना पूरा समर्थन दिया है। शुक्रवार से इन डॉक्टरों के द्वारा आपातकाल सेवाएं बंद कर दिया गया है, वहीं इन डॉक्टरों की मांग को देखते हुए गुरुवार को डॉक्टरों की टीम बस्तर कलेक्टर चंदन कुमार से भी मुलाकात करते की और उन्हें अपनी समस्याओं के बारे में बताया, जहां बातों को सुनने के बाद अस्पताल की आपातकालीन सेवाओं में बाधा ना आने की बात कही। वहीं, चिकित्सा शिक्षक संघ के प्रोफेसर डॉक्टर प्रदीप पांडेय ने कहा कि विरोध कर रहे इन डॉक्टरों को हमारा भी पूरा समर्थन है। इनकी मांगो के साथ ही अपनी मांगों को भी रखते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में अगर सबसे कम वेतन में कोई काम कर रहा है तो वो मेकाज के डॉक्टर ही हैं। बस्तर में काम करने वाले डॉक्टरों को आधा वेतन दिया जा रहा है, जिसके चलते चिकित्सा शिक्षक संघ ने भी अपना समर्थन देने से पहले मेकाज डीन, अधीक्षक को पत्र सौंपा गया। उसके बाद समर्थन के दौरान हाथ में काली पट्टी भी बांधकर विरोध किया। इसके अलावा दैनिक वेतन भोगी से भी कम पैसे इंटर्न को दिया जा रहा है। वहीं 200 में 100 संविदा शिक्षक हैं, इस दौरान अगर इनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा नहीं करने पर चिकित्सा शिक्षक संघ भी आने वाले दिनों में हड़ताल पर चले जायेंगे। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने अपना समर्थन देने के साथ ही कहा कि जब से कांग्रेस की सरकार आई है, खासकर बस्तर संभाग में काम करने वाले डॉक्टरों के द्वारा पूरे सेवाभाव व निष्ठा के साथ काम कर रहे हैं। उसके बावजूद सरकार का इन डॉक्टरों के कार्य को देखने के बाद भी वेतन में वृद्धि ना करना सरकार की उदासीनता को दर्शाता है।

# पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को आबकारी मंत्री का चैलेंज

## बोले-राज्य में धर्मांतरण नहीं हो रहा, साबित किया तो राजनीति छोड़ दूंगा, वरना आप पंडिताई छोड़ें

रायपुर, 20 जनवरी (एजेंसियां)। बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को धर्मांतरण के मामले पर छत्तीसगढ़ के मंत्री ने चैलेंज दिया है। आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में धर्मांतरण के मामले नहीं बढ़े हैं। अगर वे इसे साबित कर दें तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा और अगर ऐसा नहीं हो रहा है तो उन्हें पंडिताई छोड़नी होगी।

दरअसल, पंडित धीरेंद्र शास्त्री अभी रायपुर में हैं। वे यहां रामकथा करने पहुंचे हैं। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा था, कि छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण के मामले बढ़े हैं। उन्होंने बस्तर का जिक्र किया था और कहा था कि वहां के सनातन हिंदुओं को दूसरे धर्म में जाने देने से रोकना होगा। इसके बाद बस्तर के नेता और राज्य सरकार में आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने उन्हें बस्तर चलने और इसे साबित करने कहा। लखमा ने तो यहां तक कह दिया कि बाबा को कैसे पता चला, क्या उन्हें सपना आया था।

धीरेंद्र शास्त्री ने अपने ऊपर लगे आरोपों पर सफाई दी है। बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा धर्मांतरण रोकने के लिए जगह-जगह पर हम कथा कर रहे हैं। सॉफ्ट कॉर्नर वाले लोग, जो बहुत ही भोले भाले लोग हैं, उन पर मिशनरी वाले लोग अटैक कर के लालच देकर धर्मांतरण करा



रहे हैं। इसलिए उनके बीच जाकर कथा करने का संकल्प लिया है। साथ ही बहुत सारे लोगों को हिंदू धर्म में वापसी करवाई गई है।

धीरेंद्र ने कहा, 'ये सब प्रायोजित लोग हैं। सनातनियों की एकता नहीं होने के कारण ऐसा हो रहा है। अभी हिंदू जागना प्रारंभ हुए हैं, इसका परिणाम ये है जो भी सनातन विरोधी कार्य कर रहे है, उनको मुंह की खानी पड़ रही है।' इसके अलावा उन्होंने अंधविश्वास उन्मूलन समिति के चुनौती के आरोप पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा है रायपुर में उनका स्वागत है, उनके किराए हम देंगे सारी चुनौती हमें स्वीकार है।

**रायपुर में बोले बाबा- नागपुर से कोई आया हो तो सामने आए**

पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने शुक्रवार को रायपुर के दहीहंडी मैदान में हजारों की भीड़ के साथ अपना दरबार लगाया। उन्होंने अपनी कथा की शुरुआत में फिर नागपुर के चैलेंज का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वैसे तो इन पर बात करना समय खराब करना है, लेकिन फिर भी कहता हूं कि यदि वहां से कोई आया हो तो सामने आए, ठठरी बांध देंगे। नागपुर महाराष्ट्र की कथा सात दिन की थी। वहां कुछ लोगों ने कहा कि चुनौती दी तो भाग गए, हमने उन लोगों को रायपुर की चुनौती दी, अगर कोई आया हो तो सामने आए, हमें अपने इष्ट पर पूरा भरोसा है, हम गीला करके भेजेंगे, गीला करके। उन्होंने कहा जो आरोप लगा रहे हैं कि यह सब पाखंड है तो उनसे कह रहे हैं, कि ना तो हम किसी को बुलाते हैं, ना दक्षिणा लेते हैं और जब दक्षिणा ही नहीं लेते तो अंधविश्वास कैसा।

**संतों को टारगेट करने फंडिंग हो रही है**

पंडित धीरेंद्र कृष्ण ने कहा था कि संतों को घेरने के लिए बड़ी-बड़ी मिश्नरियां लगी हैं। ये पोषित लोग हैं। संतों को टारगेट करना इनका काम है। देश में दो तरह के लोग हैं, एक- जो बागेश्वर के साथ हैं। दूसरे- जो खिलाफ लोग हैं। वर्तमान में रामचरित मानस को नफरत फैलाने वाला बताया जा रहा है, जहर फैलाने वाला बताया जा रहा है। हिंदू चुपचाप बैठा है। एक शिक्षा मंत्री महोदय ने ऐसा बयान दिया है, हमें तो हंसी आ रही है।

**23 जनवरी तक चलेगी कथा**

बीते 17 जनवरी से रायपुर में पंडित धीरेंद्र शास्त्री महाराज राम कथा करने पहुंचे हैं। ये कार्यक्रम 23 जनवरी तक शहर के गुढ़ियारी इलाके में चलेगा। इस बीच पंडित धीरेंद्र शास्त्री महाराज पर अंधविश्वास फैलाने के आरोप भी लग रहे हैं। इनका जवाब देने मीडिया के सामने आए, बाबा जी ने कहा- मैं कभी नहीं कहता कि मैं कोई संत हूं, मैं साधारण आदमी हूं।

# बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष साव के काफिले की गाड़ी पलटी

## हादसे में हेड कॉन्स्टेबल की मौत, 3 घायल, कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने आ रहे थे अंबिकापुर

सरगुजा, 20 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के काफिले में लगी पायलट गाड़ी गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात सरगुजा जिले में हादसे का शिकार हो गई। हादसा उदयपुर के खरफरी नाले का पास हुआ। जिसमें गाड़ी में सवार एक प्रधान आरक्षक की मौत हो गई, वहीं 3 लोग घायल हो गए, जिसमें एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। सभी घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है। घटना उदयपुर थाना क्षेत्र की है।

अरुण साव अंबिकापुर में होने वाली भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने के लिए बिलासपुर से सरगुजा के लिए रवाना हुए थे। हादसा देर रात करीब 1 बजे हुआ। वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। गाड़ी में ड्राइवर समेत 4 पुलिसकर्मी सवार थे। इसमें प्रधान आरक्षक रविशंकर प्रसाद (55 वर्ष) की मौत हो गई है। वहीं पुलिस आरक्षक रामदेव प्रसाद (44 वर्ष) के कंधे, आरक्षक प्रदीप (29 वर्ष) के हाथ, पैर और कमर और ड्राइवर अनिल पैकरा (32 वर्ष) को सीने, गले और कमर में चोट लगी है। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया।

अस्पताल में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एसडीपीओ अखिलेश कौशिक, थाना प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र नाथ दुबे पहुंचे। अरुण साव ने घायलों का हालचाल जाना और डॉक्टरों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधान आरक्षक रविशंकर प्रसाद की मौत पर दुख जताया। पुलिस ने घायलों का बयान दर्ज कर लिया है।

बता दें कि 20 जनवरी को भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की अहम बैठक अंबिकापुर में आयोजित की गई है। तमाम बड़े नेता सरगुजा पहुंचे हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव भी बिलासपुर से अंबिकापुर के लिए गुरुवार देर रात रवाना हुए थे, लेकिन उदयपुर की नर्सरी के पास रात 1 बजे वाहन अनियंत्रित हो कर पलट गई। मौके पर प्रशासन और स्थानीय लोगों ने घायलों को वाहन से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। दुर्घटना के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव मौके पर ही रुके रहे।

अंबिकापुर में बीजेपी कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक शुरू हो गई है। पहले दिन प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक के बाद कार्यसमिति में मुद्दों पर मंथन शुरू



हो जाएग।, यह दूसरे दिन 12 बजे तक चलेगा। इसके बाद जनजातीय सम्मेलन होगा। कार्यसमिति में शामिल होने राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और सहप्रभारी नितिन नवीन भी सीधे सरगुजा पहुंच चुके हैं। भाजपा इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी में लगी है। दो दिन पहले ही राष्ट्रीय कार्यसमिति में 9 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई है। भाजपा का फोकस इस चुनाव में भी बस्तर और सरगुजा है। ऐसे में जहां पिछले साल बस्तर में चिंतन शिविर किया गया, वहीं अब सरगुजा में कार्यसमिति की बैठक आयोजित हो रही है। इसमें प्रदेशभर के 300 से ज्यादा पदाधिकारी जुटेंगे।


बालोद शहर में भी गुरुवार रात हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। संजय गावड़े (45 वर्ष) नाम का शख्स सड़क किनारे अपने दोस्त का इंतजार कर रहा था। तभी दल्लीराजहरा की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया। हादसे में संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला बालोद थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, संजय पेट्रोल पंप के पास अपनी मोटरसाइकिल के पास खड़े होकर अपने साथी का इंतजार कर रहा था, लेकिन ट्रक उसे कुचलते हुए आगे बढ़ गया। नया बस स्टैंड और घटनास्थल के आसपास खड़े लोगों ने पुलिस को सूचना दी। बालोद थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल संजय को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृत व्यक्ति गंगा मैय्या किराया भंडार में काम करता था।

कोरबा जिले में 14 जनवरी को हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, वहीं 2 लोग घायल हुए। बताया गया कि यहां माजदा वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिसके चलते यह हादसा हुआ। हादसे के बाद माजदा वाहन का चालक केबिन में ही फंस गया था। हादसा मोरगा चौकी क्षेत्र में हुआ।

# 28 प्रतिशत ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के तहत पाइप से मिला पानी

## केंद्रीय मंत्री शेखावत ने की समीक्षा

रांची, 20 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड में कुल मिलाकर 28.73 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को केंद्र के जल जीवन मिशन के तहत पाइप से पानी के कनेक्शन मुहैया कराए गए हैं। गुरुवार को यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संयुक्त रूप से राज्य सचिवालय में योजना की प्रगति की समीक्षा की। सोरेन ने बताया कि दिसंबर 2019 में उनकी सरकार के सत्ता में आने से पहले योजना के तहत लगभग 3.45 लाख घरों में पाइप से पानी की उपलब्धता



कुल लक्ष्य का 5 प्रतिशत था। मुख्यमंत्री ने कहा, पिछले तीन वर्षों में 14.12 लाख घरों को पानी के कनेक्शन प्रदान किए गए थे। इस योजना के तहत अब तक कवर किए गए कुल परिवारों की संख्या 17.57 लाख है, जो कुल लक्ष्य का 28.73 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति योजना में सौर ऊर्जा को प्रमुखता दी गई है, जिससे प्रदेश को करीब 500-600 करोड़ रुपये की बचत होगी और इसी तरह ऊर्जा संरक्षण भी किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य में जलवायु अनुकूल जल ढांचे को विकसित करने का प्रयास कर रही है। सीएम ने केंद्रीय मंत्री को आश्वासन दिया कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजना का कार्य 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा।

# 20 किलो का टिफिन बम फोर्स ने किया बरामद

राजनांदगांव, 20 जनवरी (एजेंसियां)। नवीन जिला मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी के कोहका थाना क्षेत्र के ग्राम गट्टेगहन में 20 किलो का टिफिन बम सुरक्षा बल के जवानों ने बरामद किया है। नक्सलियों ने सुरक्षा बल के जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए यह बम प्लांट किया था।जिसे फोर्स ने बरामद कर लिया है। टीम ने सर्चिंग के दौरान इस टिफिन बम को बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिगत इसे निष्क्रिय कर दिया है नक्सलियों द्वारा पुलिस को नुकसान पहुंचाने की नियत से इसे लगाया गया था। नक्सलियों के नापाक मंसूबों पर पानी फेरते हुए सुरक्षा बल के जवानों ने 20 किलो का टिफिन बम बरामद किया है,जिससे एसपी वाय अक्षय कुमार की निगरानी में बीडीएस की टीम ने निष्क्रिय कर दिया है।लगातार बैकफुट पर चल रहे नक्सलियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अक्सर ऐसी घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। नक्सलियों के मूमेंट की सूचना पर डीआरजी और आईटीबीपी की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकली थी,तभी जवानों की नजर एक तार पर जा पड़ी।

# कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामते ही चढ़ गया मौत की भेंट!

## खूनी संघर्ष में बमबाजी, फायरिंग, पत्थरबाजी व तलवारबाजी

धनबाद, 20 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आने वाले निरंजन तांती की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि भाजपा व कांग्रेस समर्थकों के बीच हुए खूनी संघर्ष में उनकी जान गई। भाजपा नेत्री रागिनी सिंह और कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह समर्थकों में खूनी संघर्ष में बमबाजी, फायरिंग, पत्थरबाजी तलवारबाजी की घटना हुई। खास बात यह कि पुलिस ने पहले इस मामले से ही पल्ला झाड़ लिया।

बताया जा रहा है कि झरिया थाना क्षेत्र सिंह नगर गुलगुलिया पट्टी में भाजपा नेत्री रागिनी सिंह और कांग्रेस झरिया विधायक पूर्णिमा के समर्थक आपस मे भिड़ गए। दोनों पक्षों की तरफ से बमबाजी, फायरिंग, तलवार, पत्थरबाजी, लाठी डंडे जमकर चले। वहीं इस खूनी संग्राम के दौरान भाजपा समर्थक निरंजन तांती की इस घटना में मौत हो गई। इस घटना में 6 से ज्यादा लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि पूरा क्षेत्र रणक्षेत्र में तब्दील हो गया था। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची जहां पुलिस ने पांच जिंदा बम, 2 खोखा, एक तलवार बरामद किए है। जबकि लाठी, डंडे, ईंट पत्थर बिखरे मिले। तनाव को देखते हुए पूरे क्षेत्र में पुलिस की तैनाती कर दी गई है। वहीं, पुलिस के प्रति लोगों में आक्रोश है। जानकारी पाकर भाजपा नेत्री मौके पर पहुंची और झरिया पुलिस को घटना का जिम्मेदार ठहराया। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि कांग्रेस विधायक रघुकुल समर्थक रामबाबू धिक्कार और भाजपा नेत्री रागिनी सिंह समर्थक सिंह मेंशन और धनंजय यादव के गुट में झड़प हुई और दोनों ओर से आधा दर्जन लोग घायल हुए। जानकारी के मुताबिक, घटना का कारण यह बताया जा रहा है कि 17 जनवरी को गुलगुलिया पट्टी के दर्जनों लोग कांग्रेस पार्टी को छोड़ कर भाजपा में शामिल होने जा रहे थे।

# ग्लोबल आतंकी घोषित मक्की ने वीडियो जारी किया

## बोला- भारत ने मेरे बारे में अफवाहें फैलाई, मैं कभी लादेन और अलजवाहिरी से नहीं मिला



इस्लामाबाद, 20 जनवरी (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र संघ के ग्लोबल आतंकी घोषित किए जाने के बाद अब्दुल रहमान मक्की ने पाकिस्तान की कोट लखपत जेल से अपना एक वीडियो जारी किया है।

मक्की ने वीडियो में कहा है कि जिन आरोपों के आधार पर उसे ग्लोबल आतंकी घोषित किया है वो सब भारत सरकार की तरफ से फैलाई गई अफवाहे हैं। मक्की ने कहा कि मैं कभी ओसामा बिन लादेन या अलकायदा के सरगना अयमान अल-जवाहिरी से नहीं मिला।

**इस्लामिक स्टेट और अल कायदा से मिले होने की बात नकारी**

पाकिस्तान लश्कर ए तैयबा के लीडर अब्दुल रहमान मक्की ने आतंकी संगठन अलकायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े होने के आरोपों को खारिज किया। उसने कहा कि इन दोनों आतंकी संगठनों की विचारधारा उससे बिल्कुल अलग है। कई आतंकी हमलों के आरोपी मक्की ने यह भी कहा कि वो अलकायदा और आईएसआईएस की ओर से किए गए सभी हमलों की निंदा करता है।

**कश्मीर को भी घसीटा**

पाकिस्तान के सभी आतंकियों की तरह मक्की ने भी अपनी वीडियो में कश्मीर को घसीटा। उसने कहा कि वो पाकिस्तान के कश्मीर पर लिए गए स्टैंड से पूरी तरह सहमत है। खुद को ग्लोबल आतंकी घोषित किए जाने के फैसले पर मक्की ने यूएनएससी पर आरोप लगाया कि सही प्रोसेस को फॉलो नहीं किया गया था।

साल 2019 से जेल में है मक्की आतंकी अब्दुल रहमान मक्की ने अपने वीडियो में इस बात को भी नकारा है कि वो साल 1980 में इस्लामिक युनिवर्सिटी ऑफ इस्लामाबाद में फैकल्टी मेंबर रहते हुए अल कायदा और अफगान कमांडरों से मिला था। पाकिस्तान के पंजाब राज्य की जेल में साल 2019 से कैद है। साल 2020 में मक्की को दो आतंकी हमलों का भी दोषी ठहराया जा चुका है।

**यूएन में भारत के राजदूत बोले-अभी और आतंकियों को इस लिस्ट में शामिल कराएंगे**

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि और राजदूत सैयद अकबरुद्दीन ने अब्दुल रहमान मक्की के ग्लोबल आतंकी घोषित किए जाने के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा था की इससे दुनिया में ये समझ बन रही है कि चीन भारत को रोक नहीं सकता है। उन्होंने कहा था कि अभी कई और भी हैं जिन्हें ग्लोबल आतंकी घोषित करवाना है। अब्दुल रहमान को ग्लोबल आतंकी घोषित करने वाली कमेटी ने उसे भारत में कई हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया था। जिसमें 22 दिसंबर 2000 में लाल किले पर हुआ हमला भी शामिल किया गया। लश्कर ए तैयबा के 6 आतंकियों ने लाल किले में घुसकर सुरक्षाबलों पर फायरिंग की थी। इस अटैक में सेना के दो जवान समेत तीन लोगों की मौत हो गई थी।

# माफिया पर कार्रवाई करने गई वन विभाग की टीम पर लाठी-डंडों से हमला, कई कर्मी घायल

ग्वालियर, 20 जनवरी (एजेंसियां)। ग्वालियर में एक बार फिर पत्थर माफिया ने वन विभाग की टीम पर हमला किया और अवैध पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली छुड़ाकर भागने लगी। इसके बाद टीम ने पत्थर माफिया का पीछा किया और अचानक ट्रॉली पलटने से पत्थर माफिया ट्रॉली छोड़ भाग निकले। घटना का वीडियो भी सामने आया है। वहीं इस मामले में थाना आंतरी पुलिस ने पत्थर माफिया के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिले आंतरी थाना क्षेत्र के सांतऊ जंगल में टोडा गांव के पास टोड़ा चौकी प्रभारी डिप्टी रेंजर संजय सक्सेना को सूचना मिली थी कि पत्थर से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली वन क्षेत्र से निकाली जा रही है। जब वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दस्तावेज चेक किए तो अवैध पत्थर माफिया दस्तावेज नहीं दिखा सका तो वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर उसे ले जाने लगी।

# अमेरिका में ड्रग्स सप्लाई करने वाले भारतीय को सात साल की सजा

## भारत और सिंगापुर से करता था तस्करी

वाशिंगटन, 20 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में एक 34 वर्षीय भारतीय व्यक्ति को 280 करोड़ रुपये की ड्रग्स तस्करी का दोषी ठहराए जाने के बाद सात साल से अधिक की जेल की सजा सुनाई गई है। शख्स पर आरोप था कि वह भारत और सिंगापुर से अवैध तस्करी के जरिए अमेरिका में ओपिओइड (ड्रग्स) की सप्लाई करता था।

बोस्टन में संघीय अभियोजकों ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि दोषी मनीष कुमार ने अमेरिका में लाखों अवैध और अस्वीकृत गोलियां उन लोगों को भेजीं जिनके पास नुस्खे नहीं थे। बयान में कहा गया है कि कुमार को अमेरिकी जिला अदालत के न्यायाधीश मार्क एल वुल्फ ने 87 महीने की जेल और तीन महीने की निगरानी में रिहाई की सजा सुनाई है। उन्हें




100,000 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भरने का भी आदेश दिया गया था। दोषी मनीष कुमार ने भारत में कॉल सेंटरों से संभावित ग्राहकों को विज्ञापन और कॉल के माध्यम से अमेरिका में ड्रग्स की सप्लाई की। कुमार ने व्यक्तिगत रूप से सिंगापुर और भारत में मैसाचुसेट्स और अन्य राज्यों में ड्रग्स आपूर्तिकर्ताओं से पमेंट को निर्देशित और प्रबंधित किया।

अभियोजन पक्ष ने कहा कि कुल मिलाकर, कुमार के ड्रग कारोबार ने 280 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया और संयुक्त राज्य में लाखों अवैध और अस्वीकृत गोलियां उन लोगों को भेजीं, जिनके पास नुस्खे नहीं थे।

# गुपचुप कोई साजिश रच रहा चीन!

## सीमा विवाद के बीच जिनपिंग ने की सैनिकों से बात



बीजिंग, 20 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्वी लद्दाख के पैंगॉन्ग झील के पास साल 2020 की हिंसक झड़प के बाद से भारत और चीन के बीच एलएसी पर तनाव है। हाल ही में उसने अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भी घुसपैठ की कोशिश की लेकिन भारतीय सेना तत्काल हस्तक्षेप के बाद उसे मुंह की खानी पड़ी। ऐसे में इस बात की आशंका है कि चीन फिर से घुसपैठ की साजिश कर सकता है। इस बीच, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सीमा पर तैनात सैनिकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत की है और उनकी युद्ध की तैयारियों का जायजा लिया है। आधिकारिक मीडिया ने यहां शुक्रवार को यह जानकारी दी।

शी ने यहां पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी (पीएलए) मुख्यालय से शिनजियांग सैन्य कमान के तहत खंजराब में सीमा पर रक्षा स्थिति को लेकर सैनिकों को संबोधित किया। आधिकारिक मीडिया में दिखाए गए वीडियो के अनुसार, सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव और पीएलए के कमांडर-इन-चीफ शी ने सैनिकों को अपने संबोधन में बताया कि कैसे क्षेत्र लगातार बदल रहा है और इसका सेना पर प्रभाव कैसे पड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है, वीडियो कॉल के दौरान उन्होंने उनकी लड़ाकू तत्परता का निरीक्षण किया। सैनिकों में से एक ने जवाब दिया कि वे अब सीमा की 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं। शी ने उनकी स्थिति के बारे में पूछा। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या वे दुर्गम इलाके में ताजी सब्जियां प्राप्त करने में सक्षम हैं। आधिकारिक मीडिया ने बताया कि शी ने सीमा सैनिकों से उनकी सीमा पर गश्त और प्रबंधन कार्य के बारे में पूछा। उन्होंने सीमा पर रक्षा करने वाले कुछ सैनिकों को सम्मानित भी किया और उन्हें अपने प्रयासों को जारी रखने और योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

पूर्वी लद्दाख वह इलाका है, जहां 5 मई 2020 को पैंगोंग क्षेत्र में हिंसक भारतीय सेना से हिंसक झड़प हुई थी। इसके बाद से सीमा पर गतिरोध चल रहा है। दोनों पक्षों ने पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध को लेकर 17 दौर की उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता आयोजित की गईं, लेकिन कई मुद्दों के समाधान में कोई महत्वपूर्ण प्रगति नहीं हुई है। भारत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति आवश्यक है।

# महाराष्ट्र में दिल दहला देने वाली घटना

## क्लास में पेपर लिखते समय 9 साल की बच्ची की मौत

पंढरपुर, 20 जनवरी (एजेंसियां)। पंढरपुर के अरिहंत इंग्लिश स्कूल से एक चौंकाने वाली खबर आई है जब तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली एक बच्ची की परीक्षा का पेपर हल करने के दौरान अचानक मौत हो गई। 9 साल की अनन्या भादुले पंढरपुर के अरिहंत इंग्लिश स्कूल में पढ़ती थी। हालांकि, अभी छात्रों के कंपोनेंट टेस्ट चल रहे हैं तो यह देखा जा सकता है कि छात्र मन लगाकर पढ़ाई कर रहे हैं या फिर कुछ छात्रों में परीक्षा का तनाव बहुत होता है। चूंकि परीक्षा चल रही है इसलिए विद्यार्थियों को प्रतिदिन स्कूल आकर पेपर देना अनिवार्य है। हालांकि, कक्षा तीन में पढ़ने वाली अनन्या की तबीयत पिछले दो दिनों से ठीक नहीं थी। हालांकि, अनन्या हर दिन स्कूल आती थी क्योंकि परीक्षाएं चल रही थी। साथ ही राज्य के विभिन्न हिस्सों में तापमान कम दर्ज किया जा रहा है और पंढरपुर में कड़ाके की ठंड भी देखने को मिल रही है। लेटेस्टली में छपी एक खबर के मुताबिक, कल तीसरी कक्षा का मराठी का पेपर था।

# इराक के स्टेडियम में भगदड़, 4 की मौत

## 40 साल में पहली बार इंटरनेशनल मैच हो रहा था, 65 हजार से ज्यादा लोग जुटे

बगदाद, 20 जनवरी (एजेंसियां)। इराक के फुटबॉल स्टेडियम में गुरुवार को भगदड़ मचने से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 80 लोग घायल हो गए। घटना इराक में 4 दशक बाद हो रहे इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल के दौरान हुई। जब मैच देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग बसरा स्टेडियम और उसके आस-पास के इलाके में इकट्ठा हो गए थे।

इराक की फुटबॉल फडरेशन ने बताया कि फाइनल की 90% टिकट काफी पहले ही बिक गई थीं। जिससे हजारों किलोमीटर दूर से मैच देखने आए लोगों का गुस्सा फूट गया। फुटबॉल फैन नाराज होकर स्टेडियम के बाहर जुटना शुरू हो गए जिसके बाद इतनी भीड़ हो गई कि भगदड़ मचने लगी।

**65 हजार से ज्यादा लोग मैच देखने जुटे**

अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक बसरा इंटरनेशनल स्टेडियम की कैपिसिटी 65 हजार लोगों की है। हालांकि गुरुवार को अरेबियन गल्फ कप का फाइनल मैच देखने के लिए 65 हजार से कहीं ज्यादा



लोग जुट गए थे। इतनी तादाद में लोगों को जुटता हुआ देख स्टेडियम के सभी गेट बंद कर दिए गए थे।

**भगदड़ रोकने के लिए रास्ते बंद किए**

बसरा में हालात इतने खराब गए थे कि फुटबॉल फैन्स को रोकने के लिए स्टेडियम तक जाने वाले सभी रास्तों को 15 किलो मीटर तक बंद कर दिया था। लोग स्टेडियम तक न आएं इसके लिए बसरा शहर में जगह-जगह टीवी इंस्टॉल किए गए। भीड़ को वापस लौटने के लिए मंत्रियों से लेकर सेना तक ने अपील की लेकिन लोगों ने उनकी एक न सुनी और भीड़ जमा होती रही।

**फैन्स निराशा हुए**

17 साल की दिवानिया सज्जाद अहमद ने अलजजीरा को बताया कि वो मैच देखने के लिए 320 किलोमीटर की दूरी तय करके आई थी, लेकिन भगदड़ की वजह से सब कुछ खराब हो गया। उसने कहा कि अगर उसे पहले इन हालातों का पता होता को वो आती ही नहीं। गल्फ फाइनल का मैच देखने के लिए फैन्स कुवैत, ओमान, कतर, यूएई और सउदी अरेबिया से भी आए थे।

**सद्दाम जब सत्ता में आया उस साल भी इराक में गल्फ कप हुआ था**

इस साल यानी 2023 से पहले साल 1979 में ही इराक में गल्फ कप के मैच खेले गए थे। ये वही साल था जब सद्दाम हुसैन को इराक की सत्ता हासिल हुई थी। हालांकि जब 1990 में सद्दाम ने कुवैत पर हमला किया तो फीफा ने इराक पर किसी भी तरह का इंटरनेशनल मैच आयोजित करने पर बैन लगा दिया था। तब से 23 साल बाद इराक में कोई ऐसा मैच हुआ। साउथ कोरिया की राजधानी सियोल में शनिवार देर रात हैलोवीन फेस्टिवल के दौरान भगदड़ मच गई। इटावोन टाउन में हुए इस हादसे में 151 लोगों की मौत हो गई। 2 हजार से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि संकरी गली में लाखों लोगों के जमा होने के बाद भगदड़ मची।

# हवाओं का रुख बदलते ही उछाल भरने लगा पारा

भोपाल, 20 जनवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश में बीते दस दिनों से पड़ रही सर्दी से अब हल्की राहत मिली है। हवाओं का रुख बदलने से तापमान उछल रहा है। संभावना ये भी जताई जा रही है कि 24 जनवरी के बाद प्रदेश में कई इलाकों में बादल छाएंगे। 24 जनवरी को भोपाल, ग्वालियर, चंबल, सागर संभागों के जिलों में वर्षा होने की भी संभावना है। उसके बाद फिर कड़ाके की सर्दी पड़ सकती है। मौसम केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक बीते 24 घंटे के दौरान प्रदेश में मौसम शुष्क रहा। न्यूनतम तापमान शहडोल संभाग के जिलों में विशेष रूप से बढ़े। सागर, नर्मदापुरम, उज्जैन, इंदौर और भोपाल संभागों के जिलों में काफी बढ़े। नर्मदापुरम संभाग के जिलों में सामान्य से अधिक रहे। प्रदेश का सबसे ठंडा ग्वालियर रहा। अगले 24 घंटों में भी मौसम शुष्क रहेगा।

मौसम विभाग के आंकड़ों की बात करें तो तापमान एकबार फिर उछाल भरने लगा है। साढ़े चार डिग्री तक पारा ऊपर गया है। प्रदेश में सबसे ठंडा ग्वालियर रहा। ग्वालियर में 4.1, रीवा में 4.6, खजुराहो में 5.5, नौगांव में 5.9, रायसेन में 6.6, उमरिया में 8.1, गुना-सीधी में 8.4, राजगढ़-सतना में 9, दमोह-जबलपुर में 9.2, रतलाम में 9.4 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश में हवाओं का रुख बदल गया है। दक्षिणी रुख होने के कारण रात के तापमान में काफी बढ़ोतरी हो गई है। पिछले 10 दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत है। 24 जनवरी से बादल छाने की भी संभावना है। जानकारों की मानें तो वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान और उससे लगे पंजाब पर ट्रफ के रूप में बना हुआ है।

# टीचर के सपोर्ट में आए स्टूडेंट्स

## सूरत में एक स्कूल के शिक्षक को निकाला तो 50 से ज्यादा छात्र-छात्राएं धरने पर बैठ गए

सूरत, 20 जनवरी (एजेंसियां)। गुरु और शिष्य का रिश्ता बेहद खास होता है। गुरु अगर सही मार्ग बताता है तो शिष्य उसका नाम तो रोशन ही करते हैं, साथ ही देश का भी गौरव बढ़ाते हैं। यह नहीं शिष्य अपने गुरु के लिए किसी से भी लड़ सकते हैं। यही नजारा गुरुवार को एक स्कूल में देखने को मिला। महानगर पालिका संचालित पांडेसरा के नागसेन नगर स्थित सुमन स्कूल में एक शिक्षक को निकाल दिया गया, तो कक्षा 9वीं और 10वीं के 50 से अधिक छात्र-छात्राएं स्कूल के बाहर धरने पर बैठ गए। स्टूटेंड्स ने कहा- हमें विभूति सर ही चाहिए, नहीं तो हम भी स्कूल छोड़ देंगे। पांडेसरा के नागसेन नगर स्थित सुमन स्कूल उड़िया माध्यम का है। इसमें विभूति नामक शिक्षक पिछले 4 वर्षों से कार्यरत थे। छात्रों के मुताबिक प्रिंसिपल ने उन्हें बिना कोई नोटिस दिए निकाल दिया। विभूति सर को



निमोनिया हो गया था। इससे वह 10 दिनों से छुट्टी पर थे। उन्होंने इसकी जानकारी प्रिंसिपल को दे दी थी। विद्यार्थियों को भी इस बारे में पता था। स्कूल प्रशासन ने उनके खिलाफ राजनीति करके उन्हें निकाल दिया। इससे हमारी पढ़ाई खराब हो रही है। हमें वही शिक्षक चाहिए, क्योंकि वह अच्छा पढ़ाते हैं। जब तक विभूति सर क्लास में पढ़ाने नहीं आएंगे, तब तक हम इस स्कूल में नहीं पढ़ेंगे। उनकी जगह पर जिस शिक्षक को रखा है वह अच्छा नहीं पढ़ाते हैं।

छात्र-छात्राएं हाथ में पोस्टर-बैनर लेकर धरने पर बैठे थे। बच्चों ने कहा कि सत्र पूरा होने में 3 महीने बचे हैं। ऐसे में उस शिक्षक को निकाल दिया गया, जिन्होंने हमें पूरे साल पढ़ाया। हमें उन्हीं से पढ़ाई करनी है। उन्होंने बुलाया जाए। कई घंटे तक चले इस प्रदर्शन से परेशान होकर स्कूल प्रशासन को बच्चों के माता-पिता को बुलाना पड़ा है। अभिभावकों के सहारे बच्चों को समझा-बुझाकर विरोध प्रदर्शन खत्म कराया गया। शिक्षक बिना किसी कारण के हर बार छुट्टी पर चले जाते थे। उन्हें कई बार समझाया गया था, लेकिन वह नही माने। उन्हें 1 महीने पहले ही निकाल दिया गया था, लेकिन विद्यार्थियों ने अब जाकर हंगामा किया। शिक्षक की नियुक्ति एक एजेंसी के जरिए हुई थी। एजेंसी को इस बारे में जानकारी दे दी गई थी।

# श्रीलंका ने पीएम मोदी का जताया आभार

## जयशंकर बोले- कोलंबो आने का मकसद एकजुटता व्यक्त करना



कोलंबो, 20 जनवरी (एजेंसियां)। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर श्रीलंका दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोलंबो आने का मेरा प्राथमिक उद्देश्य इन कठिन क्षणों में श्रीलंका के साथ भारत की एकजुटता व्यक्त करना है। उन्होंने कहा कि भारत विशेष रूप से ऊर्जा, पर्यटन और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में श्रीलंका की अर्थव्यवस्था में अधिक से अधिक निवेश को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय पर्यटक यहां आकर श्रीलंका के प्रति सकारात्मक भाव व्यक्त कर रहे हैं। हम भारतीय पर्यटकों को रूपेई भुगतान करने और यूपीआई प्रणाली का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करके इसे बेहतर बना सकते हैं।

वहीं, श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा कि यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि आवश्यक वस्तुओं के आयात के लिए भारत से 4 बिलियन अमेरिकी डॉलर की क्रेडिट लाइन की भारी सहायता के कारण, हम वित्तीय स्थिरता के कुछ उपाय हासिल करने में सक्षम रहे। मैं प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करता हूं।

# हत्यारी पत्नी को आजीवन कारावास

## प्रेमी के लिए की थी पति की हत्या, सिर में 26 बार किया था लोहे की रॉड से वार

नाडियाद, 20 जनवरी (एजेंसियां)। नाडियाद जिले के कपडवंज तालुका में प्रेमी को पाने के लिए अपने ही पति की हत्या करने के मामले में कपडवंज कोर्ट ने हत्या करने वाली पत्नी को आजीवन कारावास व जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी पत्नी ने पति का कांटा निकालने के लिए योजना बनाई थी और साथ में दर्शन करने चली गई थी। इस दौरान रास्ते में वह पति को एक खेत में ले गई, जहां लोहे की रॉड से उसकी हत्या कर दी थी।

**लोहे की रॉड से 26 बार वार किया था**

पुलिस पूछताछ में आरोपी पत्नी कमुबेन ने कबूल किया था कि वह पूरी प्लानिंग के तहत पति खेंगारभाई को एक खेत में ले गई



थी। यहां उसने लोहे की रॉड से 26 बार वार कर पति को मौत के घांट उतार दिया था। कपडवंज तालुका के सालोड गांव के खेंगारभाई महीजीभाई भरवाड़ का विवाह समाज के अनुसार पारंपरिक तरीके से कमुबेन से हुआ था। जबकि खेंगारभाई की बहन की शादी कामुबेन के भाई से हुई थी। पति को आराम करने का कहकर कमुबेन बाइक से अपना बैग लेने के बहाने चली गई थी। अपना बैग लेकर वापस आई और पति को आंखें बंदकर बैठा देखा तो अपने बैग से लोहे की रॉड निकाली और 26 से अधिक घातक घावों के साथ पति खेंगारभाई की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद कमुबेन बाइक को खेत में ले गई और सबूत नष्ट करने के लिए उसमें आग लगा दी थी। हालांकि, पुलिस की जांच में एक के बाद एक सनसनीखेज खुलासा सामने आने के बाद पत्नी का षडयंत्र उजागर हो गया। पति को मारने के बाद पत्नी ने सोचा कि घर जाकर क्या कहेगी तो उसने एक नई कहानी यह बनाई कि मोटरसाइकिल पर दो अज्ञात व्यक्ति आए और दोनों को लूट लिया था। बाद में पति गांववालों की मदद लेने बाइक से चला गया था, लेकिन फिर नहीं लौटा। पुलिस में कमूबेन ने डकैती की झूठी शिकायत दर्ज कराई और यह भी बताया कि उसका पति खेंगारभाई लापता है। बाद में पुलिस की जांच में कमुबेन का भंडाफोड़ हो गया।

कापड़वंज गांव पुलिस ने आईपीसी की धारा 302, 201 के तहत जांच शुरू की और अपराध से संबंधित आवश्यक दस्तावेजी साक्ष्य एकत्र किए और कपडवंज अदालत में आरोप पत्र दायर किया। हालांकि शादी से पहले कमुबेन का राजदीप बहादुर मकवाना नाम के युवक से अफेयर था।


# एएमसी के पेपर कप के उपयोग पर प्रतिबंध के फैसले को सरकार ने नहीं दिखाई हरी झंडी

अहमदाबाद, 20 जनवरी (एजेंसियां)। सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा हरी झंडी देने से इनकार करने के बाद अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) द्वारा चाय के पेपर कप पर प्रतिबंध लगाने पर विवाद खड़ा हो गया है। एएमसी कार्यकारी विंग ने शुक्रवार से शहर में चाय के पेपर कप के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी, लेकिन सत्तारूढ़ बीजेपी ने इस फैसले को लागू करने के लिए हरी झंडी नहीं दी है, उसे डर है कि प्रतिबंध से पेपर कप निर्माण इकाइयां बंद हो सकती हैं और हजारों लोग बेरोजगार हो सकते हैं।

**मेयर किरीट परमार ने कही ये बात?**



एएमसी के मेयर किरीट परमार ने विवाद पर टिप्पणी करते हुए कहा, चाय के पेपर कप के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने वाला कोई सकरुलर नहीं है। यह कार्यकारी विंग के नगर आयुक्त का मौखिक आदेश है, जो स्टेशन से बाहर है। एक बार वह लौटते हैं, तो सभी पहलुओं पर चर्चा कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। दूसरी ओर उपायुक्त (ठोस अपशिष्ट) हर्षद सोलंकी ने दावा किया कि अंतिम उपयोगकर्ताओं द्वारा जिस तरह से इन पेपर कपों का निपटान किया जा रहा है, उसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। नाले चोक हो रहे हैं, इसलिए चाय के पेपर कप के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। एएमसी की टीम एक सप्ताह से चाय के पेपर कप का उपयोग बंद करने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है। चाय के कागज के कप बनाने वाले अभय मेहता का आरोप है, "निगम के पास इसके कारण हो सकते हैं, लेकिन क्रियान्वयन अव्यवस्थित है और जल्दबाजी में किया जा रहा है।" उन्होंने सवाल किया, अगर अंतिम उपयोगकर्ता नाले में इसे फेंक रहे हैं, तो निर्माताओं को इसके लिए दंडित क्यों किया जा रहा है। उन्हें डर है कि अगर प्रतिबंध लागू होता है तो यह शहर में 1,200 इकाइयों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से नियोजित कम से कम 10 हजार व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग एक लाख लोग प्रभावित होंगे। मेहता ने कहा, चाय के कप बनाने में इस्तेमाल होने वाली सभी सामग्रियां स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा मानकों को पूरा कर रही हैं और कचरा खतरनाक नहीं है। वे उद्योग को क्यों मार रहे हैं? यह समझना मुश्किल है।



# पेपरलीक मास्टरमाइंड के पास वाली बिल्डिंग पर चला बुलडोजर

## 5 मंजिला बिल्डिंग को तोड़ने की कार्रवाई शुरू, डेढ़ घंटे में ढहाया आधा हिस्सा

जयपुर, 20 जनवरी (एजेंसियां)। जयपुर में अधिगम कोचिंग इंस्टीट्यूट की बिल्डिंग तोड़ने के बाद उसके पास बनी एक दूसरी चार मंजिला बिल्डिंग को शुक्रवार को जेडीए ने तोड़ना शुरू कर दिया। सुबह 7 बजे शुरू हुई इस कार्यवाही में डेढ़ घंटे के अंदर ही बिल्डिंग का एक हिस्सा तोड़ दिया। इस बिल्डिंग को तोड़ने के बाद पूर गोपालपुरा बाइपास पर संचालित दूसरे कोचिंग इंस्टीट्यूशन में खौफ बढ़ गया है। क्योंकि इस रोड पर बनी अधिकांश बिल्डिंग अवैध हैं। जेडीए से बिना अनुमति के बनाई है।



जेडीए के एन्फोर्समेंट विंग के चीफ रघुवीर सैनी ने बताया- मुख्य गोपालपुरा बायपास, गुर्जर की थड़ी पर सुखविहार योजना के भूखण्ड संख्या 34 पर ये बिल्डिंग बनी है। 296 गज के आवासीय भूखंड पर बनी इस बिल्डिंग में व्यवसायिक उपयोग के हिसाब से कंस्ट्रक्शन कर लिया था। जेडीए की बिना अनुमति के और बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन करके बनाई इस बिल्डिंग में बेसमेंट के अलावा 5 मंजिल का निर्माण है, जो कुछ समय पहले कोर्ट स्टे था। कोर्ट स्टे हटने और सील खुलने के बाद आज इसे तोड़ा जा रहा है।

**इतने हिस्से को तोड़ा जाएगा**

सैनी ने बताया- हमारी टेक्निकल टीम ने बिल्डिंग की जांच की थी। उसमें मिला कि बिना बिल्डिंग प्लान का नक्शा अप्रूड करवाए ये बिल्डिंग बनाई गई। इसमें बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन करते हुए पूर्व दिशा में 15 फीट, पश्चिम दिशा में 10 फीट और उत्तर दिशा में गोपालपुरा बायपास मुख्य सड़क की ओर 20 फीट का सेट बैक कवर करके निर्माण किया गया।

फरवरी 2020 में दिया था नोटिस रघुवीर सैनी ने बताया- जब इस बिल्डिंग का निर्माण चल रहा था तब हमारी टीम के सामने मामला आने पर करीब तीन साल पहले 24 फरवरी 2020 को अवैध निर्माण पर धारा 32-33 का नोटिस जारी किया गया। साथ ही बिल्डिंग मालिक को कंस्ट्रक्शन बंद करने के लिए कहा गया। नोटिस के बाद भी भूखण्ड स्वामी ने निर्माण जारी रखते हुए नोटिस का जवाब भिजवाया।

**जनवरी 2021 में भवन किया था सील**

भूखण्ड के मालिक का जवाब मिलने और टेक्निकल टीम से जांच करवाने पर जवाब संतोषजनक नहीं मिला। इसके बाद जेडीए ने इस बिल्डिंग को 13 जनवरी 2021 को सील कर दिया था। इस सीलिंग की कार्रवाई के विरोध में भूखण्ड मालिक ने जेडीए की ट्रिब्यूनल कोर्ट में याचिका लगाई। इसके बाद कोर्ट ने स्टे दे दिया। इस मामले पर चली लम्बी सुनवाई के बाद कोर्ट ने पिछले साल 17 अक्टूबर 2022 को भूखण्ड को सात दिन में सील मुक्त करने के जेडीए के आदेश दे दिए। कोर्ट के आदेश मिलते ही भूखण्ड मालिक ने जेडीए को बिना इन्फोर्मेशन दिए खुद के स्तर पर जेडीए की ओर से की गई सीलिंग को हटा दिया।

## पेपर लीक की सीबीआई जांच हो : उपेन

अलवर, 20 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के अध्यक्ष उपेन यादव ने कहा कि राजस्थान में एक नहीं 10 परीक्षाओं के पेपर लीक हो गए। माफिया थाइलैंड भाग गए। अब एक भी पेपर लीक हो गया तो आने वाले समय में नेताओं को युवा लीक कर देंगे। नेताओं व माफिया का गठजोड़ है। वरना सीबीआई जांच करा दीजिए। पता चल जाएगा कितने नेता मिलते हैं। उनको जेल भी जाना पड़ सकता है। तभी तो जहां पेपर लीक होते हैं उन स्कूलों को भी बचाया जाता है। अब युवाओं में आक्रोश है। सरकार के पास समय है विधानसभा व संसद में पेपर लीक करने वालों को उम्र कैद की सजा का कानून बनाया जाए।

उपेन ने यह बात अलवर में भास्कर से खास बातचीत में कुछ सवालों के दिए जवाब। नेताओं को भर्तियों का पता ही नहीं रहता है। मुझे तो सब पता है कि कब कौनसी भर्ती हुई और किन भर्तियों के पेपर लीक हो गए। सरकार को समझ आता तो पेपर लीक नहीं होते। सड़कों पर मैं रहता हैं। लाइब्रेरियन, एसआई, कांस्टेबल, वन रक्षक, होई कोर्ट एलडीसी, एमओ, पुलिस सहित 10 भर्तियों के पेपर लीक हो चुके हैं।

# राजस्थान में ठंड के कारण रोज 10 से ज्यादा मौतें

## हार्ट फेल हो रहे, दिमाग की नसें भी जम रहीं; डॉक्टर बोले-और जानें जाएंगी

जयपुर, 20 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में कड़ाके की सर्दी से सिर्फ बर्फ ही नहीं जम रही, लोगों के दिल की धड़कनें भी थम रही हैं। वहीं, ब्रेन स्ट्रोक के बढ़ते केस भी डराने वाले हैं। एक ओर जहां हार्ट अटैक से रोज 10 से ज्यादा मौतें हो रही है। वहीं, दिमाग की नसें जमने से एक हफ्ते में 13 लोगों की जान जा चुकी है। भास्कर ने प्रदेश के सबसे बड़े अस्पतालों की पड़ताल की तो सामने आया कि मौत का ये आंकड़ा 10% तक बढ़ गया है। वहीं, प्रदेश में रोज ब्रेन स्ट्रोक के लगभग 350 केस सामने आ रहे हैं। जयपुर में पिछले एक हफ्ते में 430 ब्रेन स्ट्रोक के केस आ चुके हैं। डॉक्टर्स के अनुसार यदि सर्दी में कमी नहीं आई तो आने वाले दिनों में मरीज और मौतों की संख्या और भी तेजी से बढ़ सकती है।




**जयपुर में हार्ट अटैक से रोज 2 मौतें**

आमतौर पर जिन अस्पतालों में होने वाली 100 मौतों में से 20 मामले हार्ट अटैक के होते थे, वहां अब ये आंकड़ा 37 मौतों तक चला गया है। राजस्थान के सबसे बड़े हॉस्पिटल एसएमएस की कार्डियोलॉजी यूनिट में हर रोज औसत 2 मौतें हार्ट अटैक से हो रही हैं। इसी तरह उदयपुर के आरएनटी मेडिकल कॉलेज की रिपोर्ट देखें तो यहां भी 3 दिन में 2 मरीज अपनी जान गंवा रहा है। ये तो केवल हॉस्पिटल में दर्ज होने वाले रिकॉर्ड है। कुछ मरीज तो अस्पताल तक पहुंच ही नहीं पा रहे। एक्सपर्ट ने बताया कि हाई ब्लड प्रेशर, अस्थमा, डायबिटीज और हाई कॉलेस्ट्रोल वाले मरीजों को ऐसी ठंड में खास सावधानी बरतने की जरूरत है।

**40 की जगह 50 आ रहे डेली मामले**

एसएमएस मेडिकल कॉलेज के सीनियर प्रोफेसर डॉ. दीपक माहेश्वरी के मुताबिक वर्तमान में कैथलैब में हर रोज 50 से ज्यादा मरीजों की एंजियोग्राफी या एंजियोप्लास्टी हो रही है, जबकि गर्मियों के मौसम में ये संख्या 40 के आसपास रहती थी। पहले हर रोज करीब 40 मामले कार्डियक अरेस्ट के आते थे, जो सर्दियों में बढ़कर 50 से ऊपर चले गए हैं। एसएमएस हॉस्पिटल के प्रिंसीपल और कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के सीनियर प्रोफेसर डॉ. राजीव बगरहट्टा ने बताया किस सर्दियों में हार्ट अटैक के केस 20 फीसदी तक बढ़ जाते हैं।

# पहलवानों को मिला अभिनव बिंद्रा का समर्थन

## बोले-महिला कुश्ती खिलाड़ियों को मिलना चाहिए एक्टिव सेफगार्ड

जयपुर, 20 जनवरी (एजेंसियां)। रायफल स्पर्धा में भारत के प्रमुख निशानेबाज़ और ओलंपिक गोल्ड विनर अभिनव बिंद्रा ने कहा कि महिला कुश्ती खिलाड़ियों के शोषण की जो खबर आई है, वह बेहद डिस्टर्बिंग (विचलित करने वाली) है। मुझे यकीन है कि इसकी पूरी जांच की जाएगी, क्योंकि इसकी गहराई तक जाना बहुत जरूरी है।



हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे खिलाड़ियों को एक सुरक्षित वातावरण मिले और मुझे लगता है कि इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ियों को एक्टिव सेफगार्ड मिलना चाहिए। मानसिक और शारीरिक तौर पर सुरक्षित माहौल में वो प्रैक्टिस कर सकें और खेल सकें यह सुनिश्चित होना चाहिए। एसएमएस मेडिकल कॉलेज में व्याख्यान देने के सिलसिले में जयपुर आए अभिनव बिंद्रा ने यह बात कही। भारतीय कुश्ती महासंघ और उसके अध्यक्ष के खिलाफ महिला पहलवानों ने जहां एक ओर मोर्चा खोलते हुए दिल्ली में धरना और आंदोलन छेड़ दिया है। कई बड़े खिलाड़ियों समेत राज नेताओं ने भी मामले पर अपने बयान दिए हैं। भारतीय रेसलर विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने जंतर-मंतर पर रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मीडिया से बातचीत में महिला पहलवान विनेश फोगाट कई बार भावुक हुईं और उनकी आंखों से आंसू भी छलक चुके हैं। पहलवान और कुश्ती खिलाड़ी बृजभूषण शरण सिंह के सिर्फ इस्तीफे ही नहीं से कुश्ती महासंघ को ही खत्म करने की मांग उठा रहे हैं।

**कुश्ती महासंघ अध्यक्ष के इस्तीफे की मांग पर अड़े**

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बीती रात दिल्ली में पहलवानों और खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनकी बात को गंभीरता से सुनकर कहा कि खिलाड़ियों को बृजभूषण सिंह के जवाब का इंतज़ार करना चाहिए। उन्होंने कार्रवाई का भी आश्वासन दिया है, लेकिन पहलवान बृजभूषण के तुरंत इस्तीफे की मांग पर अड़े हुए हैं। शुक्रवार को फिर खेल मंत्री और पहलवानों के बीच वार्ता प्रस्तावित बताई जा रही है।

## मां-बेटे ने आग में घिरे स्टूडेंट्स के कपड़े फाड़कर बचाया

कोटा, 20 जनवरी (एजेंसियां)। कोटा में एनईईटी की तैयारी कर रहे एक स्टूडेंट ने खुद को आग लगा थी। कारण था...पिता ने पढ़ाई पर फोकस करने के लिए कह दिया था। इसके बाद मयंक (20) अपने रूम पर आया और खुद को आग लगा दी। गनीमत थी कि इसी बिल्डिंग में रहने वाले मां-बेटे ने मयंक के आग से जलते कपड़े उतार उसे बचा लिया। हालांकि अब उसकी हालात में सुधार है। भास्कर ने मयंक को बचाने वाले मां-बेटे से बात की।

उर्मिला ने बताया- मैं भी जवाहर नगर थाने के तलवंडी में रहती हूं। ग्राउंड फ्लोर में मैं, मेरे पति और बेटा रहते हैं। मयंक का फर्स्ट फ्लोर पर कमरा है। हादसे से एक दिन पहले भी वह हमसे मिलकर गया था।

# जोशीमठ जैसे दरक रहा टोंक का डिग्गी गांव

## दहशत में लोगों ने खाली किए घर, मकानों में आई दरार

उपखंड, 20 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड के जोशीमठ में मकानों में आई दरारों जैसा नजारा उपखंड के ग्राम डिग्गी में भी देखने को मिल रहा है। यहां मकानों में रहस्यमयी तरीके से आई दरार लोगों में डर और चर्चा का कारण बनी हुई हैं। दरारों से चिंतित होकर लोगों ने मकानों को खाली करना शुरू कर दिया है। उधर, इस संबंध में उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा ने बताया कि टेक्निकल अधिकारियों की रिपोर्ट कल तक प्राप्त होगी। उसके बाद समाधान के प्रयास किए जाएंगे।



प्रसिद्ध श्री कल्याण जी महाराज के ग्राम डिग्गी के वार्ड नंबर 12 में आधा दर्जन से ज्यादा मकानों में दरारें आने से लोगों के दहशत का माहौल है। दरारों के मामले में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपने के बाद एसडीएम ने मौका मुआयना किया था, जिसमें उपखंड अधिकारी के साथ जलदाय विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग व पंचायत समिति के अधिकारी व टेक्निकल ऑफिसर ने मुआयना करने के बाद मिट्टी की टेस्टिंग कराने की बात कही थी।

**रिश्तेदारों के यहां ली शरण**

वहीं, दूसरी ओर मकानों में बढ़ती दरारों के कारण से बुद्धि प्रकाश माली ने अपना मकान खाली कर अपने रिश्तेदारों के यहां पहुंच गए हैं। बुद्धि प्रकाश माली का कहना है कि मकानों में दरारें बढ़ने से कभी भी बड़ा हादसा होने की संभावना है इसलिए हम मकान खाली कर रहे हैं, कभी भी मकान गिर सकते हैं, परिवार में कोई घटना न हो इसलिए हम मकान खाली कर रहे हैं। अन्य लोगों के भी मकानों में भी दरारें बढ़ती जा रही हैं।

**आधा दर्जन मकानों में दरारें**

लोगों का कहना कि प्रशासन को तुरंत इस समस्या का समाधान करना चाहिए, ताकि मकानों में आई दरारों को रोका जा सके। वर्तमान में आधा दर्जन ही मकानों में दरारें आई हुई हैं। इन मकानों में रहना खतरे से खाली नहीं है। यहां कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। अगर इस समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो अन्य मकानों में भी दरारे आने का अंदेशा है।

**पहले भी आई थी दरारें**

गौरतलब है कि दो माह पूर्व भी डिग्गी में कल्याण मंदिर के पीछे के क्षेत्र में मकानों में पेयजल पाइपलाइन के रिसाव हो जाने से यहां के मकानों दरारें आ गई थीं। इसके बाद जिला कलेक्टर ने मौका मुआयना कर मकानों की स्थिति को देखते हुए तत्काल प्रभाव से यहां रह रहे लोगों का शिफ्ट कराया था।

## एटीएस-एसओजी ने सुधारी भूल

# 27 जनवरी को सम्मानित होने वालों की लिस्ट से हटाया दिव्या मित्तल का नाम

जयपुर, 20 जनवरी (एजेंसियां)। दवा कारोबारी से दो करोड़ की रिश्वत मांगने के मामले फंसी एसओजी की एएसपी दिव्या मित्तल के केस में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। रिश्वत के आरोप और आय से अधिक धन कमाने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ कि एक और चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। जानकारी के अनुसार गंभीर आरोपों में घिरी महिला अफसर पर एसओजी इतना मेहरबान थी कि मित्तल को 27 जनवरी को सम्मानित करने की तैयारी चल रही थी। डिपार्टमेंट के एडीजी ने 18 जनवरी को एक लिस्ट जारी की, जिसमें इस बात का खुलासा हुआ है।

बता दें कि दिव्या मित्तल को गृह विभाग सस्पेंड कर चुका है। सस्पेंशन ऑर्डर में कहा है कि दिव्या मित्तल के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर में एसीबी अभियोग संख्या 13/2023 धारा 7 और 7A भ्रष्टाचार निवारण संशोधित अधिनियम 2018 और धारा 120 बी, आईपीसी में मामला दर्ज किया गया है। दिव्या मित्तल को 16 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। वह वर्तमान में पुलिस कस्टडी में हैं।



**लिस्ट से हटाया गया नाम**

एसओजी की लिस्ट में सम्मानित होने वाले अफसरों के नामों में दिव्या मित्तल का भी नाम शामिल था। इसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया। गुरुवार देर शाम एटीएस-एसओजी ने गलती सुधारते हुए संशोधित लिस्ट जारी की। इस लिस्ट से दिव्या का नाम हटा दिया गया है।

**18 जनवरी को यह आदेश हुआ था जारी**

सम्मानित होने वाला यह आदेश एडीजी कार्यालय, एटीएस एवं एसओजी जयपुर की ओर से 308-18 क्रमांक से जारी हुआ था। इस आदेश में लिखा है कि निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय से प्राप्त स्मृति चिह्न, डीजीपी डिस्क, गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा घोषित अति उत्कृष्ट सेवा पदक एवं उत्कृष्ट सेवा पदक एटीएस और एसओजी में पदस्थापित अधिकारियों को 27 जनवरी को एटीएस और एसओजी कार्यालय में दिया जाएगा। इस आदेश में कुल 29 अधिकारियों के नाम हैं, जिसमें 20 नंबर पर दिव्या मित्तल का नाम है।

**भूल सुधार के बाद जारी हआ आदेश**

आदेश वायरल होने के बाद एक संशोधन जारी कर दिया गया है। इसमें बताया गया कि दिव्या मित्तल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसओजी, चौकी अजमेर के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में जांच चल रही है। दिव्या मित्तल को सस्पेंड कर दिया गया है। ऐसे में उनका नाम इस सूची से हटाया जाता है।

## जानलेवा कारोबार पर पर्दा डाल रही थी एएसपी दिव्या

जयपुर, 20 जनवरी (एजेंसियां)। 2 करोड़ रुपए की रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार एसओजी की एएसपी दिव्या मित्तल के केस में एक और नाम सामने आया हैनशीली दवाओं का माफिया कमलजीत मौर्य। कमलजीत नागौर के गोटन का रहने वाला है। दरअसल, अजमेर में 11 करोड़ की नशीली दवाओं की खेप को लेकर 2 थानों में 3 एफआईआर दर्ज की गई थी।

जयपुर में पुलिस ने कमलजीत की 5.50 करोड़ रुपए की नशीली दवाओं की खेप पकड़ी थी, जिसे मानसरोवर से अजमेर भेजा जा रहा था। अलवर गेट थाने में दर्ज हुई एफआईआर में कमलजीत भी आरोपी था।

इसके अलावा भरतपुर में हुए एक मर्डर में भी कमलजीत शामिल था। कमलजीत ने 2021 में अपने नशीली दवाओं के कारोबार को छिपाने के लिए एक युवक की 2.50 लाख रुपए की सुपारी देकर हत्या तक करा दी थी। भरतपुर की कुम्हेर पुलिस ने तीन महीने पहले ही उसे गिरफ्तार किया था। अभी वह जेल में है। दिव्या नशीली दवाओं के जिस कारोबार पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही थी, वो कितना खतरनाक और जानलेवा है

**किसी और के नाम से फर्म बनाकर कारोबार**

कमलजीत और धीरज खंडेलवाल ने हरिमोहन के साथ मिलकर एक युवक बंटी चौधरी के नाम पर मैसर्स राजस्थान ट्रेडर्स नाम से एक थोक दवाई विक्रेता की फर्म खोली थी। मैसर्स राजस्थान ट्रेडर्स के पूरे पेपर बंटी चौधरी के नाम से ही थे। फर्म में इनके साथ कई पार्टनर जुड़े हुए थे। इसके बाद इन्होंने पूरे राजस्थान में नेटवर्क बनाना शुरू कर दिया था। दिल्ली की दवा मैन्युफैक्चर्स कंपनी में मैसर्स न्यूटेक हेल्थ केयर नारेला से नशीली दवाइयां मंगवाने लगे।

## पुलिस को डराने के लिए बदमाशों ने की फायरिंग

जयपुर, 20 जनवरी (एजेंसियां)। जयपुर के कानोता थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक देशी कट्टा के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। कानोता थाना इंचार्ज मुकेश कुमार खारडिया ने बताया- बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो लड़के पुरानी चुंगी के पास हाईपर मार्ट मॉल के पास मोटरसाइकिल लेकर खड़े हैं। जिनके पास अवैध हथियार है। और वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। जानकारी मिलने पर हेड कॉन्स्टेबल अशोक कुमार, कॉन्स्टेबल दिलीप, प्रकाश, धीरज, अजय सिंह की टीम को मौके पर भेजा गया।

## प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या

**मुंह व गला दबाकर मारा, प्रेमी-प्रेमिका गिरफ्तार-एक साल पहले हुई इंस्टाग्राम पर दोस्ती**

अजमेर, 20 जनवरी (एजेंसियां)। अजमेर जिले के भिनाय थाना पुलिस ने खेत की रखवाली कर रहे देवेंद्र सिंह उर्फ चांदू पुत्र बाबू सिंह के हत्याकांड का 24 घंटे में खुलासा कर दिया। मृतक की पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी मृतक की पत्नी किरण उर्फ सेठा व उसके प्रेमी शैतान गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। योजना एक माह पहले से बना ली।

थाना अधिकारी विनोद कुमार मीणा ने बताया कि 17 जनवरी की देर रात खेत की रखवाली करते समय देवेंद्र सिंह उर्फ चंदू की गला घोंटकर जघन्य हत्याकांड के खुलासे व अज्ञात हत्यारों को गिरफ्तार करने के लिए टीमों का गठन किया था। पुलिस द्वारा गठित टीमों की जांच में शैतान गुर्जर पुत्र नारायण गुर्जर उम्र 22 वर्ष निवासी सरगांव को दस्तयाब कर पूछताछ की तो उसने बताया कि उसके एवं मृतक की पत्नी किरण उर्फ सेठा से करीब 1 साल पहले इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। फिर दोनों आपस में बातचीत करने लगे। किरण से दोस्ती होने से वह मृतक के घर आने लगा। वहीं आरोपी शैतान सिंह किरण के पति देवेंद्र उर्फ चांदू को विश्वास में लेने के लिए उसके साथ शराब पार्टी करने लगा।

### जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में पहुंचे सचिन पायलट

## बोले-जब हम सरकार में नहीं थे, बीजेपी पर कई आरोप लगाए, लेकिन 4 साल में कार्रवाई नहीं हुई

जयपुर, 20 जनवरी (एजेंसियां)। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल की शुरुआत हो चुकी है। शुक्रवार सुबह सचिन पायलट भी लिटरेचर फेस्टिवल में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान सचिन पायलट ने कहा- जब हम सरकार में नहीं थे, तब बीजेपी की भ्रष्ट सरकार को लेकर हमने तथ्यों के साथ कई बड़े आरोप लगाए थे। खान घोटाला, 90-B, कालीन घोटाला और ललित मोदी जैसे प्रकरण को लेकर हम दिल्ली तक गए थे। हमने उसको एक्सपोज किया था। हमने कहा था जब हम सरकार में आएंगे। हम इस पर कार्रवाई करेंगे, लेकिन 4 साल का वक्त बीत जाने के बाद भी अब तक हमने इन पर कोई कार्रवाई नहीं की। जबकि हम ने सामूहिक रूप से आरोप लगाए थे। अभी भी एक साल का वक्त है। ऐसे में भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। पायलट ने कहा- कुछ मुद्दे कभी-कभी कंट्रोवर्शियल हो जाते हैं। जरूरत है, संवाद की एक दूसरे के विचारों को समझने की। कुछ मुद्दों पर असहमति हो सकती है।

लेकिन उसे शालीनता से प्रकट करना चाहिए। बातों को सुनना चाहिए, विरोध भी करना चाहिए। लेकिन वह खुले मन और खुले मंच से होनी चाहिए। जेएलएफ के 'कंपेनियम वॉलियम ऑफ नज्म बाय कैफी आजमी एंड जां निसार अख्तर' सेशन में जावेद अख्तर के साथ शबाना आजमी शामिल हुई। शबाना ने जहां जां निसार अख्तर और जावेद अख्तर ने कैफी आजमी पर बुक लिखी है। इनकी शायरी और रचनाओं को लेकर इस पुस्तक का निर्माण किया गया है।

# बेसिक पुलिसिंग पर फोकस किया जाए : स्टीफन रवींद्र

## बालानगर अंचल के पुलिस पदाधिकारियों को सीपी का निर्देश



हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस आयुक्त स्टीफन रवींद्र ने आज बालानगर डीसीपी कार्यालय में साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय के तहत बालानगर जोन के सभी पुलिस थानों के अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की और वर्ष 2023 के लक्ष्यों को प्राप्त करने का निर्देश दिया। इस बैठक में सीपी ने कहा कि साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत आने वाले बालानगर जोन के सभी थानों में अपराधों की संख्या को कम करने के लिए पुलिस कर्मियों को कड़ी मेहनत करनी चाहिए। खासकर सीपी ने दो बातें साफ कीं। एक दृढ़ विश्वास लाना है और दूसरा क्षेत्र के प्रदर्शन में सुधार करना है। क्षेत्रीय स्तर पर सेक्टर एसआई की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सेक्टर एसएसआई को अपने क्षेत्रों में जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। अपराध कम करने के लिए सेक्टर एजेंसियों को नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना चाहिए। समय-समय पर सेक्टर निबंधों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए प्रदर्शन संकेतक शीट का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि सेक्टर एसआई को अंक दिए जाते हैं और अदालती कार्य, प्रवर्तन बिंदु पुस्तिका, पुलिसिंग से संबंधित विभिन्न कौशल, कानूनी ज्ञान, आपराधिक जांच में गुणवत्ता, तकनीकी कौशल आदि जैसे पहलुओं पर विचार करके उनके प्रदर्शन की जांच की जाती है। उन्होंने चेतावनी दी कि कर्तव्य की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना राज्य के डीजीपी अंजनी कुमार ने कहा है कि जांच की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए 5एच, 5डब्ल्यू और टीआईपी जैसे तरीकों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि निरीक्षकों को अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहिए। निरीक्षकों को हर सप्ताह भूमि आदेश की समीक्षा करनी चाहिए। सबूतों को इकट्ठा करके, संबंधित न्यायाधीशों को मजिस्ट्रेटों से परामर्श करना चाहिए और पीड़ितों को शीघ्र कानूनी सेवाएं प्रदान करनी चाहिए। खासकर पुलिस को अपने मूल कर्तव्यों पर ध्यान देना चाहिए। संबंधित डीसीपी, एसीपी इंस्पेक्टरों को एसआई के प्रदर्शन की निगरानी करनी चाहिए। डीसीपी एक पखवाड़े में एक बार, एसीपी सप्ताह में एक बार, इंस्पेक्टर और डीआई को लगातार समीक्षा करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अपराधियों को सजा मिले। समस्याओं की पहचान करें और निवारक उपाय करें। सीपी ने कहा कि वह सेक्टर एसआई के प्रदर्शन पर ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में साइबराबाद कमिश्नरेट के तहत बालानगर जोन में छोटे और बड़े पैमाने के उद्योगों और एमएसएमई में निवेश के लिए विशेष आकर्षण है, इसलिए यदि अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था नियंत्रण में है, तो युवाओं के लिए रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 के लिए सभी थानों के कर्मचारियों को अपराध नियंत्रण में लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सीपी ने पुलिस सहकारी समिति कैलेंडर 2023 का विमोचन किया

हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा पुलिस सहकारी समिति के विवरण के साथ पुलिस सहकारी समिति कैलेंडर 2023 का प्रस्तुतिकरण रचाकोंडा पुलिस आयुक्त डीएस चौहान ने समाज के प्रवर्तकों की उपस्थिति में किया। उन्होंने सोसायटी की ऋण सीमा और उनके विवरण को कैलेंडर में शामिल करके प्रसन्नता व्यक्त की। राचकोंडा सीपी ने कहा कि पूरा विवरण देखा जाना चाहिए ताकि हर कोई पुलिस कर्मियों तक पहुंच सके और समाज का उपयोग इस तरह से कर सके जो सभी के लिए उपयोगी हो। इस कार्यक्रम में एडिशनल डीसीपी एडमिन/सोसाइटी उपाध्यक्ष नर्मदा, एसीपी विशेष शाखा/सोसायटी सचिव जावेद, सोसायटी के मुख्य प्रमोटर सीएच भद्रा रेड्डी, प्रमोटर कृष्णा रेड्डी, रामकृष्ण गौड़, वरलक्ष्मी, राजेश्वर रेड्डी आदि ने भाग लिया।

# रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला की टीम ने एकीकृत कमांड सेंटर का दौरा किया



हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बंजारा हिल्स में एचसीपी आयुक्तालय और एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र का दौरा किया। इस दौरान डीसीपी आईसीसीसी ने प्रतिनिधिमंडल का साथ दिया। डीआरडीएल के अधिकारियों को समझाया गया कि अत्याधुनिक सुविधा राज्य भर में तैनात कई अनुप्रयोगों, सीसीटीवी, ट्रैफिक सेंसरों की जानकारी कैसे एकत्र करती है। भीड़ इकट्ठा होने, जियो-फेंस अलर्ट, लावारिस सामान, ट्रैफिक कंजेशन आदि पर चर्चा की गई। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल को परिसर के दौरे पर ले जाया गया, जिसमें हेलीपैड, ऑडिटोरियम शामिल था। उन्होंने बिल्डिंग स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशनल सेंटर (डायल 100), मल्टी-एजेंसी ऑपरेशन सेंटर और टेक्नोलॉजी फ्यूजन सेंटर में अन्य प्रमुख वर्गों का की जानकारी सी। भवन का दौरा करते हुए, प्रतिनिधियों को तेलंगाना के गठन के बाद शहर पुलिस के कामकाज के विकास और पुलिस संगठन के आधुनिकीकरण के बारे में जानकारी दी गई। बाद में उन्होंने शहर के पुलिस प्रमुख सीवी आनंद से मुलाकात की और एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए सीपी आनंद ने कहा कि उन्हें उनका स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। इस अवसर पर सीएच श्रीनिवास, डीसीपी एसएमआईटी, श्रीमती डी सुनीता रेड्डी डीसीपी आईसीसीसी उपस्थित थे।

## केंद्रीय मंत्री ने नए कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रोजगार मेला योजना के तहत केंद्र सरकार में शामिल किए गए नए कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। उन्होंने शहर में आयोजित एक कार्यक्रम में पत्र सौंपा। इस अवसर पर बोलते हुए, किशन रेड्डी ने नवनियुक्त युवाओं को केंद्र सरकार के साथ एक अवसर प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद के रूप में विचार करने और देश के विकास का हिस्सा बनने के लिए कहा। उन्होंने उनसे यह भी कहा कि वे सरकारी नौकरी हासिल करने में अपने माता-पिता के समर्थन और सहयोग को न भूलें। उन्होंने कहा कि वे सफल अभ्यर्थियों के माता-पिता को धन्यवाद देते हैं। ऐतिहासिक लाल किले से प्रधानमंत्री की उस टिप्पणी को याद दिलाते हुए कि देश 2047 में अपनी आजादी के 100 साल पूरे कर रहा है, उन्होंने कहा कि देश का भविष्य उन लोगों पर निर्भर करेगा जो अब उनके द्वारा नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने दोहराया कि केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों को देश के विकास का हिस्सा बनना चाहिए। किशन रेड्डी ने यह भी कहा कि देश ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कई क्षेत्रों में प्रगति की है और कहा कि केंद्र सरकार मुद्रा योजना, स्टार्ट-अप इंडिया, अटल लैब्स और कौशल योजना जैसी योजनाओं को लागू करके बहुत प्रयास कर रही है। देश के युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएं। यह कहते हुए कि देश विदेशों से 98 प्रतिशत मोबाइल फोन आयात करता था, उन्होंने कहा कि देश अब मेक-इन-इंडिया कार्यक्रम के तहत मोबाइल फोन का उत्पादन करके विदेशों को 50,000 करोड़ रुपये के मोबाइल फोन निर्यात कर रहा है। यह दावा करते हुए कि देश विदेशी टीकों के आयात का इंतजार करता था, उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर निर्मित कोरोना वायरस वैक्सीन ने न केवल घरेलू जरूरतों को पूरा किया है।

# अग्र महिला समिति का वसंतोत्सव कार्यक्रम आज, हुई बैठक



हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अग्र महिला समिति, दोमलगुड़ा शाखा द्वारा आज वसंतोत्सव मनाया जाएगा। प्रेस विज्ञप्ति में उक्ताशय की जानकारी देते हुए संयोजिका सरला अग्रवाल ने बताया कि लुंबिनी पार्क स्थित आर्य तारा बोट में, कल 21 जनवरी, शनिवार को मध्यान्ह 12 से 3 तक वसंतोत्सव मनाया जायेगा।

इस कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका पूजा गुप्ता के संयोजकत्व में मनोरंजक गेम्स, ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी, आकर्षक तंबोला का समावेश रहेगा, विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे। समिति की संयोजिकाएं रश्मि अग्रवाल, एवम सीमा अग्रवाल ने महिलाओं से निवेदन किया है कि वे समय पर उपस्थित रहे।

# सरकारी जमीनों पर कब्जा नहीं होना चाहिए : राहुल राज



आसिफाबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कुमरम भीम आसिफाबाद जिला कलेक्टर राहुल राज ने सरकारी जमीनों को अतिक्रमण से बचाने के लिए अधिकारियों को पूरे उपाय करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को अधिकारियों के साथ जिला केंद्र के जनकापुर में सरकारी जमीनों का निरीक्षण किया गया।इस मौके पर जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं होना चाहिए और अधिकारियों को सलाह दी कि सरकारी जमीन होने के संकेत बोर्ड लगाने के साथ ही बाड़ भी लगवाएं। उन्होंने कहा कि जमीनों से संबंधित अभिलेखों की जांच की जाए और सुरक्षा के लिए सशस्त्र उपाय किए जाएं। राजस्व अधिकारियों को सलाह दी गई है कि अगर कोई सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस कार्यक्रम में तहसीलदार राममोहन राव, सर्वेयर भरत, पंचायत राज ईई राममोहन राव सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व अन्य शामिल हुए।

## श्री देवनारायण भगवान का जन्मोत्सव जागरण 27 को



हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अब्दुल्लापुरमेट स्थित श्री देवधाम कवाड़पल्ली नवनिर्माणाधीन मंदिर प्लॉट पर श्री देवनारायण वीर गुर्जर समाज ट्रस्ट तेलंगाना के तत्वावधान में 968 के अंश वीर गुर्जर के वंश साडु के वचनों द्वारा कमलङ्गल देव माघ सुदी छठ शनिवार को लिया अवतार जन्मोत्सव कार्यक्रम पर शुक्रवार 27 जनवरी रात्रि 9.15 बजे से एक शाम श्री देवनारायण भगवान के नाम विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष देवीदत्त कोली ने बताया कि श्री देवनारायण वीर गुर्जर समाज ट्रस्ट तेलंगाना के तत्वावधान मे हर वर्ष की भांति श्री देवनारायण भगवान के 1111वें जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। इसमें सोनम गुर्जरी एंड पार्टी श्री देवनारायण भगवान के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित करेंगी। शानदार नृत्य का कार्यक्रम रेणु रंगीली प्रस्तुत करेगी। शनिवार 28 जनवरी प्रात: वेला में पूजा-अर्चनाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम, समाज बन्धुओं के लिए अल्पहार व मध्यान् 12.15 बजे से भोजन-प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। मंत्री चेनाराम नरषण व कोषाध्यक्ष नाथुराम गीड़ ने समाज बन्धुओं से कार्यक्रम का लाभ लेने का निवेदन किया है।

## गवर्नमेंट हाईस्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में, अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष (आईवाईएम) 2023 के भाग के रूप में राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान, हैदराबाद द्वारा सरकारी हाईस्कूल, वनस्थलीपुरम में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. वी. श्रीदेवी प्रभारी अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद) के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान, हैदराबाद की एक टीम के. श्रीनिवास राव, पुस्तकालयध्यक्ष, डॉ. एम. शिव कृष्ण, डॉ. एल.वी. श्रीवाणी, श्री रवि बाबू ,छायाचित्रकार और प्रभारी प्राचार्य श्री दुर्गा लता, अध्यापक रामेश्वर रेड्डी ने कार्यक्रम में भाग लिया।



शिवरामपल्ली बाबा रामदेव दरबार में पूजा-अर्चना करते हुए अजमेर डिस्कॉम के पूर्व एमडी बीएम भामू, समाजसेवी राजेश जांगीड़ का सम्मान करते हुए मंदिर कमेटी के श्याम सुंदर गिलडा, धर्माराम ढाका, सुरेश महाराज, बनवारी महाराज, शिवरतन दादिच, शिवप्रशाद प्रजापत, राकेश महाराज व अन्य।

## कलेक्टर ने कंटी वेलुगु शिविर का औचक निरीक्षण किया



सिद्दीपेट, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कलेक्टर प्रशांत जीवन पाटिल ने निर्वाचित प्रतिनिधियों से आह्वान किया है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने वार्ड में कांटी वेलुगुकैंपका दौरा करे। पाटिल ने ग्राम पंचायतों में वार्ड सदस्यों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने-अपने वार्डों में लाउडस्पीकरों के माध्यम से शिविर के बारे में जागरूकता फैलाने का सुझाव दिया है गजवेल मंडल के अहमदीपुर गांव में कांटी वेलुगु शिविर के दूसरे चरण के औचक दौरे के दौरान निर्वाचित प्रतिनिधियों से बात करते हुए, कलेक्टर ने एमपीडीओ, एमपीओ और अन्य मंडल स्तर के अधिकारियों को

# बस्ती दावाखाना से लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी : कलेक्टर

आसिफाबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कुमरम भीम आसिफाबाद जिलाधिकारी राहुल राज ने कहा कि बस्ती दवाखाना से लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिला केंद्र के राजीव नगर में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में स्थापित बस्ती अस्पताल का अपर कलेक्टर चाहत बाजपेई, जिला पंचायत अध्यक्ष कोवलक्ष्मी व विधायक अत्राम सक्कू ने उद्घाटन किया। इस मौके पर जिला कलेक्टर ने कहा कि बस्ती अस्पताल चिकित्सा सुविधा को और सुगम बनाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने शहरी लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से इन्हें शुरू किया है। उन्होंने कहा कि जिले के लोगों को चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाना चाहिए। बाद में उन्होंने टीआर नगर में बन चुके स्वास्थ्य उपकेंद्र का निरीक्षण किया।

इस कार्यक्रम में जिला चिकित्सा अधिकारी प्रभाकर रेड्डी, जेडपीटीसी अरिगेला नागेश्वर राव, एमपीपी मल्लिकार्जुन, सिंगल विंडो के अध्यक्ष अली बिन अहमद, उप चिकित्सा अधिकारी सुधाकर नाइक, डॉक्टर सत्यनारायण, संबंधित विभागों के अधिकारियों और अन्य लोगों ने भाग लिया।

# नराकास (उपक्रम) की ओर से संयुक्त हिन्दी कार्यशाला आयोजित



हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद-सिकंदराबाद की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) की ओर से समिति के "अति लघु' सदस्य कार्यालयों के अधिकारी और कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय संयुक्त हिन्दी कार्यशाला बीडी एल में आयोजित की गयी। कार्यशाला का उद्घाटन शरद कुमार त्रिपाठी, आँचलिक महाप्रबंधक, गेल (इंडिया) लिमिटेड ने किया। उद्घाटन सत्र में समिति के सदस्य सचिव होमनिधि शर्मा ने इस कार्यशाला के उद्देश्य व विषयों की जानकारी देते हुए उपस्थित अतिथियों का परिचय दिया। राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी अद्यतन जानकारी देने और इसमें आने वाली कठिनाइयों को कंप्यूटर पर उपलब्ध विभिन्न माध्यमों से दूर करते हुए अधिकाधिक हिन्दी के प्रयोग के प्रति सभी को प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यशाला में शरद कुमार त्रिपाठी ने "राजभाषा कार्यान्वयन और इसके महत्व' विषय पर प्रस्तुतिपरक व्याख्यान देते दिया और केंद्र सरकार के कार्यालयों में भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन संबंधी प्रमुख मुद्दों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के चौथे सत्र में उप महाप्रबंधक (राजभाषा), बीडीएल एवं समिति के सदस्य सचिव होमनिधि शर्मा ने प्रशासनिक शब्दावली की निर्माण-प्रक्रिया, इनकी शाब्दिक संरचना पर प्रकाश डालते हुए दैनिक कार्यालयीन कामकाज में प्रयुक्त प्रशासनिक शब्दावली के प्रयोग पर विस्तार से चर्चा की और प्रतिभागियों से इसका अभ्यास कराया। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में डॉ. नरसिंहम शिवकोटी, सहायक प्रबंधक (राजभाषा), बीडीएल ने कंप्यूटर पर हिंदी के भाषिक प्रयोगों पर विचार करते हुए हिन्दी टाइपिंग फार्मेट सहित पीडीएफ के विभिन्न अनुप्रयोग और कार्यालयों में विभिन्न अवसर पर उपयोगी फोटो प्रॉसेसिंग की जानकारी दी।



आईपीएस अधिकारी महेशचंद्र लड्डा की पदोन्नति कर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक किये जाने पर उनका सम्मान करते हुए महेश बैंक के चेयरमैन रमेश कुमाार बंग।



मदनूर मंडल सलबपूर गांव का पुरातन व प्राचीन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर की हुंडी 3 लाख 14 हजार रूपये मिले। हुंडी की गिनती के दौरान उपस्थित धर्मस्व शाखा की कमिश्नर सुप्रिया, नरसिम्हलू, अरविंद महाराज, शैलेंद्र महाराज गिरीश देसाई, अशोक व अन्य।

## कंटी वेलुगु जीवन में रोशनी लाएगी : विधायक शिंदे



मदनूर, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जुक्कल विधायक हनमत शिंदे ने कंटी वेलुगु के दूसरे चरण अंतर्गत नूतन डोंगली मंडल में कटी वेलुगु अभियान का शुभारंभ किया। इस समय चिकित्सा अधिकारी पाटील ने विधायक को फूल का गुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक ने इस समय आपने आखों की जांच कराई। उन्होंने जनता को बताया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने स्थानीय गरीब जनता के सेवा करने में कोई कसूर नहीं छोड़े। गरीब परिवार में प्रत्येक को 6 किलो चावल, वृद्ध, विकलांग, विधवा को आसरा पेंशन, किसानों को रैतु बंधु, रैतू बीमा, 24 घंटे उचित मुफ्त विद्युत वितरण के साथ गरीब परिवार के बेटी के विवाह के लिए कल्याण लक्ष्मी व शादी मुबारक, मिशन भागीरथ योजना द्वारा घर घर पानी वितरण किया जा रहा है।



शांतिनिकेतन आश्रम, वनस्थलीपुरम में आयोजित अन्नदान कार्यक्रम में भाग लेते हुए उत्तर भारती नागरिक संघ के अध्यक्ष एनके सिंह, नंदकिशोर सिंह, अमरजीत सिंह, राजेंद्र तिवारी, पवन, निखिल व अन्य।



अग्रणी महिला मंच द्वारा लोअर टैंकबंड स्थित गौशाला के सामने आयोजित अन्नदान कार्यक्रम में भाग लेती हुईं मंच की अध्यक्ष सुमन भुवानिया, बबिता गर्ग, रितु गर्ग, सुनयना नरसरिया, टीना खंडेलवाल, श्वेता खंडेलवाल, कोमल अग्रवाल, रितु गोयल, प्रीति गोयल, संगीता जाजोदिया, पायल गोयल व अन्य।

# 12 करोड़ लेकर ऑक्शन में उतरेंगी महिला आईपीएल की टीमें

## मुंबई के 2 स्टेडियम में 5 टीमों के 22 मैच होंगे ; चैंपियन को मिलेंगे 6 करोड़




खेल डेस्क, 20 जनवरी (एजेंसियां)। महिला आईपीएल की ज्यादातर चीजें लगभग तय हो चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक महिला आईपीएल टीम को ऑक्शन में खिलाड़ी खरीदने के लिए 12 करोड़ रुपए का पर्स मिलेगा। हर साल पर्स में 1.5 करोड़ रुपए का इजाफा होगा। 25 जनवरी को 5 टीमों के नाम सामने के बाद ऑक्शन होगा। 5 टीमों के बीच कुल 22 मैच मुंबई के डीवाय पाटील और ब्रेबोर्न स्टेडियम में ही होंगे। वानखेड़े स्टेडियम को पुरुष आईपीएल के लिए तैयार किया जाएगा। वहीं, पहली बार होने वाले महिला आईपीएल के चैंपियन को 6 करोड़ रुपए मिलेंगे।

**एक टीम में खेलेंगी 5 विदेशी प्लेयर**

महिला आईपीएल की एक टीम में 5 विदेशी खिलाड़ी खेल सकेंगी। टेस्ट प्लेइंग देशों से 4 और एक खिलाड़ी असोसिएट देश से रखना होगा। अगर असोसिएट देश की खिलाड़ी टीम में नहीं रहीं तो एक टीम में 4 ही विदेशी खिलाड़ी खेलेंगी। पुरुष आईपीएल की एक टीम में 4 विदेश खिलाड़ी खेल सकते हैं। इनमें असोसिएट देश के खिलाड़ियों का होना जरूरी नहीं है।

**10 करोड़ की प्राइज मनी मिलेगी**

महिला आईपीएल जीतने वाली टीम को 6 करोड़ रुपए, रनर-अप को 3 करोड़ और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 1 करोड़ रुपए मिलेंगे। इस तरह प्राइज मनी के रूप में कुल 10 करोड़ रुपए बांटे जाएंगे। 5 टीमों के टूर्नामेंट में 20 लीग मैच होंगे। हर टीम बाकी टीमों से 2-2 मैच खेलेगी। पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी।

पॉइंट्स टेबल में दूसरे और तीसरे नंबर की टीम एलिमिनेटर खेलेगी। एलिमिनेटर जीतने वाली टीम फाइनल में जाएगी और हारने वाली टीम तीसरे स्थान पर फिनिश करेगी।

**पुरुष आईपीएल की प्राइज मनी 4.6 गुना ज्यादा**

महिला आईपीएल की टोटल प्राइज मनी के मुकाबले पुरुष आईपीएल की प्राइज मनी 4.6 गुना तक कम है। पुरुष आईपीएल जीतने वाली टीम को 20 करोड़ और रनर-अप टीम को 13 करोड़ रुपए मिलते हैं। तीसरे और चौथे स्थान की टीमों की प्राइज मनी मिलाकर कुल रकम 46.5 करोड़ रुपए हो जाती है। महिला आईपीएल की टोटल प्राइज मनी 10 करोड़ रुपए है।

**शुरुआती 3 सीजन में होंगे 22 मैच**

2023 से 2025 तक के विमेन आईपीएल का फॉर्मेट तय किया जा चुका है। 2026 के सीजन से विमेंस आईपीएल में 33-34 मैच होंगे। 2023 में टीमों को 13.5 करोड़ रुपए का पर्स मिलेगा। इस तरह 2026 तक हर साल टीमों के पर्स में 1.5 करोड़ रुपए बढ़ाए जाएंगे। 2026 में 6 टीमों का आईपीएल होगा, तब टीमों का पर्स 18 करोड़ रुपए होगा।

**दुनिया की तीसरी महिला फ्रेंचाइजी लीग**

भारत में दुनिया की तीसरी महिला फ्रेंचाइजी लीग 4 मार्च से शुरू होने की संभावना है। लीग का फाइनल मुकाबला 26 मार्च को खेला जा सकता है। महिला आईपीएल के बाद पुरुष आईपीएल शुरू होगा। भारत से पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में महिला फ्रेंचाइजी लीग शुरू हो चुकी हैं। 2015 में ऑस्ट्रेलिया के विमेंस बिग-बैश लीग शुरू हुई। वहीं, 2022 में इंग्लैंड की विमेंस द हंड्रेड लीग शुरू हुई थी।

**टी-20 चैलेंजर्स ट्रॉफी होती थी भारत में**

भारत में विमेन आईपीएल से पहले टी-20 चैलेंजर्स ट्रॉफी के नाम से 3 टीमों की फ्रेंचाइजी ट्राई सीरीज खेली जा रही थी। 2018 से खेली जा रही इस ट्रॉफी को 2022 तक खेला गया। इसमें 4 ही मैच होते थे। लेकिन, नए विमेन आईपीएल में 22 मैच होंगे।

# हॉकी वर्ल्ड कप...भारत ने वेल्स को 4-2 से हराया

## डायरेक्ट क्वार्टर फाइनल में पहुंचने से चूकी टीम इंडिया, अब न्यूजीलैंड को हराना होगा



**ग्रुप डी का पॉइंट्स टेबल**

| टीम | मैच | जीत | ड्रॉ | हार | GD | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इंग्लैंड | 3 | 2 | 1 | 0 | 9 | 7 |
| भारत | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 7 |
| स्पेन | 3 | 1 | 0 | 2 | -2 | 3 |
| वेल्स | 3 | 0 | 0 | 3 | -11 | 0 |

भुवनेश्वर, 20 जनवरी (एजेंसियां)। भारत ने हॉकी वर्ल्ड कप के अपने आखिरी पूल मैच में वेल्स को 4-2 से हरा दिया। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में गभारत की ओर से आकाशदीप सिंह ने 2 गोल किए। जबकि शमशेर सिंह और हरमनप्रीत सिंह की स्टिक से एक-एक गोल आया। इस जीत के बावजूद भारतीय टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंच सकी। अब भारत को क्रॉसओवर मुकाबला खेलना होगा। उसमें जीत मिलने की स्थिति में टीम क्वार्टर फाइनल में जाएगी। भारत को डायरेक्ट क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए वेल्स के खिलाफ 8-0 से जीत की जरूरत थी।

**22 जनवरी को न्यूजीलैंड से होगा क्रॉसओवर मैच**

भारतीय टीम पूल-डी में इंग्लैंड के बाद दूसरे स्थान पर रही। भारत का क्रॉसओवर मैच 22 जनवरी को पूल-सी में तीसरे स्थान पर रहने वाली न्यूजीलैंड की टीम से होगा। उस मैच में जीत हासिल करने की स्थिति में भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल में पूल-बी टेबल टॉपर टीम से भिड़ेगी। पूल-डी से इंग्लैंड की टीम डायरेक्ट क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी है।

भारत और इंग्लैंड दोनों के 7-7 पॉइंट्स रहे, लेकिन बेहतर गोल डिफरेंस के आधार पर इंग्लिश टीम सीधे अंतिम 8 में पहुंच गई। इंग्लैंड का गोल डिफरेंस 9 का रहा, वहीं भारत का गोल डिफरेंस 4 का रहा। भारत ने अपने पहले मुकाबले में स्पेन को 2-0 से हराया था। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ भारत का मुकाबला 0-0 से ड्रॉ रहा था।

आखिरी मैच में टीम इंडिया ने वेल्स को मात दी है। दूसरी ओर इंग्लैंड ने पहले मैच में वेल्स को 5-0 से हराया था। भारत के साथ ड्रॉ खेलने के बाद तीसरे मैच में इंग्लिश टीम ने स्पेन को 4-0 से हराया। टूर्नामेंट के फॉर्मेट के अनुसार चारों पूल में नंबर-1 पर रहने वाली टीम डायरेक्ट क्वार्टर फाइनल में पहुंचती है। वहीं, दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाली टीमें क्रॉस ओवर मैच खेलती हैं।

# रोहन बोपन्ना ऑस्ट्रेलिया ओपन मेंस डबल्स से बाहर

## मिर्जा और बोपन्ना की जोड़ी मिक्स्ड डबल्स खेलेगी



मेलबर्न, 20 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के स्टार टेनिस प्लेयर रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एबडेन मेंस डबल के पहले दौर में सीधे सेटों में हारने के बाद शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो गए। वे अब मिक्स्ड डबल्स खेलेंगे। भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी को ऑस्ट्रिया के लुकास मिडलर और एलेक्जेंडर एर्लर से 3-6, 5-7 से हराया। बोपन्ना और एबडेन ने मैच के दौरान कई गलतियां की और उन्हें इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ा।

**सानिया मिर्जा ऑस्ट्रेलिया ओपन के सेकंड राउंड में पहुंची**

अपने आखिरी ग्रैंड स्लैम में खेलते हुए, भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने गुरुवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेकंड राउंड में पहुंची।

सानिया और उनकी पार्टनर कजाकिस्तान की एना डेनिलिना विमेंस डबल्स में हंगरी की डालमा गल्फी और अमेरिका की बर्नार्डा पेरा को 6-2, 7-5 से एक तरफा मुकाबले में हराया। दूसरे राउंड में सानिया-एना की जोड़ी का सामने वान यू और कालिनिना से होगा। वान यू और कालिनिना ने जिदानसेक और होजुमी को 7-6, 6-3 से हराया था। सानिया और एना के लिए यह मुकाबला मुश्किल होगा।

**मिर्जा और बोपन्ना की जोड़ी मिक्स्ड डबल्स खेलेगी**

बोपन्ना का ऑस्ट्रेलिया ओपन में सफर अभी ख़तम नहीं हुआ है। वे सानिया मिर्जा के साथ मिक्स्ड डबल्स केटेगरी में खेलेंगे। इससे पहले मिर्जा-बोपन्ना की जोड़ी 2021 में विंबलडन में उतरी थी। इस जोड़ी को तीसरे राउंड में जेजे रोजर और आंद्रेजा क्लेपिक की 14वीं सीड जोड़ी ने 3-6, 6-3, 9-11 से हराया था। दोनों रियो ओलिंपिक 2016 में भी उतर चुके हैं। हालांकि, भारतीय जोड़ी थोड़े अंतर से ब्रॉन्ज मेडल चूक गई थी। उसे ब्रॉन्ज मैच में चेक रिपब्लिक की लूसी हरडेका और राडेक स्टेपानेक ने हराया था।

**मेंस डबल्स में भारत के रामनाथन, भांबरी , माइनेनी बाहर**

गुरूवार को मेंस डबल्स में भारत के रामकुमार रामनाथन, युकी भांबरी और साकेत माइनेनी पहले दौर में ही बाहर हो गए। रामकुमार रामनाथन अपने मैक्सिकन जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला के साथ उतरे थे। तीन सेट के मैच में रामनाथन 6-3 5-7 और 3-6 से हार गए। वाइल्ड कार्ड से एंट्री लेने वाली भांबरी और मायनेनी की जोड़ी एंड्रियास माइस और जॉन पीयर्स की ऑस्ट्रेलियाई-जर्मन पेयर से 6-7, 7-6 और 6-3 से हार गए।

# गावस्कर का सवाल-300 रन मारने वाला अनफिट कैसे

## सरफराज को ना चुनने पर सिलेक्टर्स से कहा- स्लिम क्रिकेटर चाहिए तो फैशन शो में जाइए




खेल डेस्क, 20 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने मुंबई के क्रिकेटर सरफराज खान के टीम इंडिया में सेलेक्ट नहीं होने पर गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने चेतन शर्मा की सेलेक्शन कमेटी को लताड़ लगाते हुए कहा कि आपको टीम में स्लिम-ट्रिम क्रिकेटर चाहिए तो फैशन शो जाइए और वहां से लेकर आइए। उनके लिए तो सरफराज पूरी तरह फिट हैं। अगर वे अनफिट होते तो तिहरा शतक नहीं मार पाते।

**शरीर देखकर सेलेक्शन क्यों?**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टेस्ट टीम में सरफराज का सेलेक्शन नहीं हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स में बातें सामनें आईं कि फिटनेस के कारण सरफराज को साइडलाइन किया गया। वहीं, ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन जैसे अटैकिंग बैटर को टीम में चुना गया। इस पर गावस्कर बोले, किसी खिलाड़ी का सेलेक्शन शरीर या कद-काठी देखकर नहीं होना चाहिए। अगर कोई खिलाड़ी लगातार 3 रणजी सीजन में 100 से ज्यादा की औसत से 900 रन बना रहा हो तो वो अनफिट नहीं हो सकता है।

मेरे लिए सरफराज पूरी तरह फिट हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया के स्क्वॉड में होना ही चाहिए।

**अनफिट क्रिकेटर तिहरा शतक कैसे मार सकेगा?**

एक इंटरव्यू में गावस्कर ने कहा, 'अगर खिलाड़ी अनफिट हैं तो वह दिन के आखिरी में शतक ही पूरा नहीं कर पाएगा। सरफराज ने तो तिहरा शतक मार रखा है। बीसीसीआई ने यो-यो टेस्ट को फिटनेस का पैमाना बना रखा है। शतक लगाने के बाद भी सरफराज फील्डिंग करने आता है। वो साबित करता है कि क्रिकेट के लिए वह कितना फिट है।'


**'मॉडल को थमा दीजिए बैट और बॉल'**

गावस्कर यहीं नहीं रुके, उन्होंने आगे कहा कि बीसीसीआई सेलेक्शन कमेटी को अगर स्लिम और ट्रिम लड़के ही चाहिए। तो फिर उन्हें फैशन शो में जाकर कुछ मॉडल सेलेक्ट करने चाहिए और उन्हें बैट-बॉल थमाकर क्रिकेट खिलाना चाहिए।

उन्हें ही टीम में भी शामिल करना चाहिए। आपके पास सभी शेप और साइज के क्रिकेटर हैं, उस पर मत जाइए। रन बनाने और विकेट लेने की क्षमता पर टीम सेलेक्शन कीजिए। सरफराज ने 3 दिन पहले दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रॉफी में अपना 13वां शतक जड़ा था।

# हॉकी का हब बना ओडिशा: भारत में होने वाले तमाम टूर्नामेंट इसी राज्य में क्यों?

## हॉकी इंडिया के प्रेसिडेंट ने बताई वजह



भुवनेश्वर, 20 जनवरी (एजेंसियां)। ओडिशा दुनिया भर में हॉकी का हब बन रहा है। अभी भुवनेश्वर और राउरकेला में 15वां वर्ल्ड कप हो रहा है। 2018 में 14वां वर्ल्ड कप भुवनेश्वर में ही हुआ था। इससे पहले चैंपियंस लीग, वर्ल्ड लीग, ओलिंपिक क्वालिफायर, प्रो लीग जैसे टूर्नामेंट ओडिशा में आयोजित हुए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ के लगभग तमाम बड़े इंटरनेशनल टूर्नामेंट ओडिशा में ही क्यों हो रहे हैं? यह जानने के लिए भास्कर ने हॉकी इंडिया के प्रेसिडेंट दिलीप तिर्की और खेल के कुछ एक्सपर्ट से बात की। इन लोगों ने जो कारण बताए हैं वह इस स्टोरी में जानेंगे। साथ ही राज्य में इस खेल से जुड़ी सुविधाओं के लगातार विस्तार को भी समझने की कोशिश करेंगे।

सबसे बड़ा कारण- ओडिशा के पास है कम्प्लीट इन्फ्रास्ट्रक्चर

हॉकी का कोई बड़ा टूर्नामेंट आम तौर पर एक ही शहर में आयोजित होता है। इस बार वर्ल्ड कप के मुकाबले जरूर दो शहरों में हुए हैं, लेकिन एफआईएच की अक्सर कोशिश होती है कि एक टूर्नामेंट के सारे मैच एक ही शहर में कराए जाएं। इससे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों को मूव कराने में होने वाला खर्च कम होता है। अलग-अलग शहरों में आयोजन से लॉजिस्टिक्स की समस्या आती है।

जब टूर्नामेंट एक ही शहर में होगा तो इसके लिए जरूरी है कि वहां बहुत सारी टीमों के खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को ठहराने का इंतजाम हो। यानी अच्छे होटल मौजूद हों। इसके अलावा यह भी देखा जाता है कि जिस शहर में इवेंट हो रहा है वहां के दर्शक खेल से लगाव रखते हों, ताकि वे स्टेडियम में जाकर मैच देखें। सबसे बड़ी जरूरत यह होती है कि स्थानीय सरकार और प्रशासन का रुख टूर्नामेंट फ्रेंडली हो। भुवनेश्वर एफआईएच की इन तमाम जरूरतों को पूरा करता है। खिलाड़ियों को ठहराने के लिए कई होटल और हॉस्टल हैं। स्थानीय लोग खेल में खूब रुचि रखते हैं और बड़ी संख्या में टिकट खरीदकर मैच देखने जाते हैं। शहर में रिहैब सेंटर भी है। अगर कोई खिलाड़ी टूर्नामेंट के दौरान चोटिल होता है तो उसके ट्रीटमेंट का अच्छा इंतजाम है।

स्थानीय सरकार खुद हॉकी को प्रोमोट करती है। यह भारतीय टीम की स्पॉन्सर तो है ही, 2018 में इसने वर्ल्ड कप को भी स्पॉन्सर किया था। यहां का कलिंगा स्टेडियम विश्व के सर्वश्रेष्ठ हॉकी फैसिलिटीज में एक है।

**अब जानिए कलिंगा स्टेडियम की खासियतें**

भुवनेश्वर का मल्टिपर्पस कलिंगा इंटरनेशनल स्टेडियम 2010 में बनकर तैयार हुआ था। हॉकी के अलावा यहां एथलेटिक्स ट्रैक, फुटबॉल अरिना, टेनिस कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, टेबल-टेनिस, स्विमिंग और रग्बी फील्ड भी हैं। यहां के हॉकी एस्ट्रोटर्फ की गिनती दुनिया के सर्वश्रेष्ठ सिंथैटिक टर्फ में से एक के तौर पर होती है।

विशेषज्ञ यहां तक दावा करते हैं कि भविष्य में कभी भारत में ओलिंपिक गेम्स आयोजित हुए तो मुमकिन है कि हॉकी के मुकाबले भुवनेश्वर में खेले जाएं।

**अब राज्य में एक और शानदार स्टेडियम तैयार**

जैसा कि आप ऊपर पढ़ चुके हैं कि इस बार वर्ल्ड कप के मुकाबले भुवनेश्वर के साथ-साथ ओडिशा के ही राउरकेला में मौजूद बिरसा मुंडा स्टेडियम में भी हुए हैं। भविष्य में कुछ टूर्नामेंट ऐसे भी होंगे जिसके सारे मैच राउरकेला में खेले जाएं। 46 एकड़ में फैले इस स्टेडियम में 20 हजार दर्श

# काव्या मारन का 'साउथ अफ्रीका वाला आशिक'

## सुंदरता पर हुआ फिदा, कहा- शादी कर लो



खेल डेस्क, 20 जनवरी (एजेंसियां)। एसए20 लीग में आईपीएल की कुल 6 फ्रेंचाइजियों ने टीम खरीदें हैं, जिसमें एक सनराइजर्स है. इस टीम की मालकिन काव्या मारन 19 जनवरी को मुकाबला देखने के लिए साउथ अफ्रीका में थीं.

काव्या मारन का 'साउथ अफ्रीका वाला आशिक', सुंदरता पर हुआ फिदा, कहा- शादी कर लोकाव्या मारन को साउथ अफ्रीका में मिला शादी का प्रपोजल. भारत में तो काव्या मारन के फैन की कोई कमी नहीं है. लेकिन, हम यहां बात उनके साउथ अफ्रीका वाले फैन की कर रहे हैं. वो फैन जो उन्हें देखते ही ना सिर्फ दिल हार बैठा बल्कि सीधे शादी का ऑफर कर डाला. भारत से साउथ अफ्रीका तक में काव्या मारन की खूबसूरती के चर्चे ठीक वैसे ही फैल रहे हैं, जैसे उन्होंने अपनी टीम सनराइजर्स के पांव पसारे हैं.

आईपीएल फ्रेंचाइजी की मालकिन काव्या मारन ने साउथ अफ्रीका में शुरू हुई नई टी20 लीग में भी टीम खरीदी है. इस लीग में आईपीएल की कुल 6 फ्रेंचाइजियों ने टीम खरीदें हैं, जिसमें एक सनराइजर्स है. एसए20 लीग में सनराइजर्स ईस्टर्न कैप का मुकाबला 19 जनवरी की शाम पार्ल रॉयल्स के साथ था, जिसे देखने काव्या वहां पहुंची थीं.

**काव्या मारन का 'साउथ अफ्रीका वाला आशिक'**

पार्ल रॉयल्स के खिलाफ सनराइजर्स ईस्टर्न कैप का मुकाबला देखने काव्या मारन भी स्टेडियम पहुंची थी. पार्ल रॉयल्स ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी की. और, अभी उनकी इनिंग का 8वां ओवर ही पूरा हुआ था कि अचानक ही कैमरे पर वो नजर आया, जिसने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया.

**देखते ही दिल फिसला, कहा- शादी कर लो**

कैमरे ने काव्या मारन के एक साउथ अफ्रीकी फैन को उनकी सुंदरता पर मोहित हुए देखा. उस पर सनराइजर्स टीम की मालकिन की सुंदरता का असर ऐसा था कि देखते ही दिल दे बैठा. और, लगे हाथ शादी के लिए प्रपोज भी कर दिया. काव्या मारन के साउथ अफ्रीका वाले उस आशिक का वीडियो अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है.

**मालकिन की राह पर खूब चली टीम**

काव्या मारन ने अपनी खूबसूरती से एक साउथ अफ्रीकी फैन का तो दिल जीत ही लिया. उनकी टीम भी अपनी मालकिन की राह पर चलते हुए मुकाबला जीतने में कामयाब रही. पार्ल रॉयल्स के खिलाफ सनराइजर्स ईस्टर्न कैप ने मुकाबला 10 गेंद शेष रहते ही 5 विकेट से जीत लिया.

मुकाबले में पार्ल रॉयल्स ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 127 रन बनाए थे. जवाब में सनराइजर्स ईस्टन कैप ने 5 विकेट खोकर लक्ष्य को 18.2 ओवर में हासिल कर लिया.

# गृहयुद्ध के बाद फुटबॉल के जरिए छवि बदल रहा द.सुडान

## साउथ सूडान टीम ने अंडर-20 अफ्रीका कप के लिए क्वालिफाई किया, लक्ष्य अंडर-20 वर्ल्ड कप में जाना



जुबा, 20 जनवरी (एजेंसियां)। नवंबर में पूर्वी अफ्रीकी क्षेत्रीय सीईसीएएफए अंडर-20 चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में जब साउथ सूडान की फुटबॉल टीम ने इथोपिया को हरा दिया, तो पूरे देश में खुशी का माहौल छा गया। इस जीत का मतलब उनके पहले कॉन्टिनेंटल टूर्नामेंट (सीएएफ अंडर-20 अफ्रीका कप ऑफ नेशंस) के लिए क्वालिफिकेशन था। यह देश के दशक भर के गृहयुद्ध के बाद वर्षों की कड़ी मेहनत का नतीजा था। जीत के ठीक बाद टीम के सभी खिलाड़ी मैदान में बैठकर रोने लगे। वे अपनी जीत से भावुक हो गए थे।

साउथ सूडान ने एक साल में फुटबॉल में दो बड़ी छलांग लगाई थी। एक महीने से भी कम समय पहले, देश की अंडर-17 टीम ने क्षेत्रीय क्वालिफायर के माध्यम से कॉन्टिनेंटल चैम्पियनशिप के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया था। अंडर-20 टीम के कप्तान लोरो ने कहा कि हमने अंडर-17 टीम से प्रेरित होकर जीत हासिल की। लोरो और उनकी टीम एक ऐसी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो फुटबॉल के जरिए देश की कहानी को बदलना चाहते हैं, जो लाखों नागरिकों को विस्थापित करने वाले संघर्षों के लिए जाना जाता है। साउथ सूडान में गृहयुद्ध और फिर सूडान से स्वतंत्रता की जंग में 4 लाख से ज्यादा लोगों की जान चली गई क्योंकि कई राजनीतिक गुट सत्ता की लड़ाई में एक-दूसरे के खिलाफ हो गए थे। साउथ सूडानी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष ऑगस्टिनो मडुओट ने कहा कि फुटबॉल लोगों को जातीय भेदभाव भुलाकर एक साथ लाता है। पिच पर खेलने वाले लोग कभी एक-दूसरे से नहीं पूछते कि वो कौन से राज्य से हैं। वे सिर्फ टीम के साथी हैं।

# दो जले हुए शव मिले, भेजे गये ड्रोन ने शवों का पता लगाया

## मिनिस्टर्स रोड अग्नि दुर्घटना



हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को सिकंदराबाद के मिनिस्टर रोड में आग से प्रभावित व्यावसायिक परिसर में ड्रोन तलाशी अभियान के दौरान दो शव मिले। जले हुए शव पहचान से परे हैं। यह तब पता चला जब अधिकारियों द्वारा आग से प्रभावित वाणिज्यिक परिसर में ड्रोन तैनात किए गये। इस संदेह के साथ इमारत में ड्रोन लगाये गये ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्षतिग्रस्त इमारत के अंदर कोई शव तो नहीं है।

इमारत में ड्रोन भेजने का निर्णय अधिकारियों द्वारा इस संदेह के बीच लिया गया कि आग लगने के समय लोग अंदर फंसे हुए हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, तीन श्रमिक जुनैद, वसीम और ज़हीर लापता हैं और आग लगने के बाद से उनका पता नहीं लगाया जा सका है। गुरुवार की सुबह परिसर के एक स्टोर में लगी भीषण आग दिन भर भड़कती रही और आखिरकार देर शाम तक उस पर काबू पा लिया गया। हालांकि, दमकलकर्मी कल रात या आज तड़के इमारत में नहीं पहुंच पाए क्योंकि मामूली आग लगातार फैलती जा रही थी।

फिलहाल लापता तीन लोगों की तलाश के लिए तलाशी अभियान जारी है। अधिकारी इस बात की पुष्टि करते हैं कि उनके सेलफोन की लोकेशन बिल्डिंग के अंदर ट्रैक की गई है।

अग्निशमन विभाग और जीएचएमसी के अधिकारियों के साथ एक संयुक्त अभियान में पुलिस अधिकारियों ने अब जली हुई इमारत की दूसरी मंजिल पर ड्रोन भेजने का फैसला किया, जहां पहले हलचल देखी गई थी। इसके अलावा, जीएचएमसी के अधिकारी जवाहरलाल नेहरू वास्तुकला और ललित कला विश्वविद्यालय के वास्तुकारों के साथ, संरचना को सुरक्षित रूप से ध्वस्त करने की योजना पर काम कर रहे हैं। गांधी अस्पताल के डॉक्टरों ने आस-पास के निवासियों का इलाज करने के लिए एक चिकित्सा शिविर स्थापित किया है, जो आग के कारण धुएं में सांस लेते हैं। आसपास के घरों के निवासियों को सुरक्षित सामुदायिक भवन में स्थानांतरित कर दिया गया।

उधर, रामगोपालपेट पुलिस ने इमारत के मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इस बीच, केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने घटनास्थल का दौरा किया और बचाव अभियान के उपायों का निरीक्षण किया।

### शशिधर ने अग्नि दुर्घटना पर सीएस को लिखा पत्र, स्थायी समाधान की मांग

हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता मर्री शशिधर रेड्डी ने मुख्य सचिव शांति कुमारी को एक पत्र लिखा है। अपने पत्र में, शशिधर रेड्डी ने कहा कि सनतनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सिकंदराबाद के मंत्री रोड पर एक पांच मंजिला इमारत में आग लगने की यह घटना इस निर्वाचन क्षेत्र में पिछले 10 महीनों में तीसरी आग दुर्घटना है, जिसका प्रतिनिधित्व पशुपालन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आग सुबह लगी। मैंने साइट पर कई घंटे बिताए और मेरा प्रारंभिक अवलोकन यह था कि आग पर काबू पाने में अत्यधिक देरी हुई थी। मुझे अधिकारियों से पता चला कि उन्हें दमकल की खाली गाड़ियों को भरने के लिए पानी के टैंकर लाने में मुश्किल हो रही थी।

उन्होंने कहा कि एक साल से भी कम समय में यह तीसरी आग दुर्घटना थी, उन्होंने कहा कि 23 मार्च, 2022 को भोईगुड़ा में एक रिहायशी इलाके में स्थित एक गोदाम में आग लगने से बिहार के 11 प्रवासी श्रमिकों की जान चली गई थी। मंत्रियों और अधिकारियों द्वारा कई बयान दिए गए लेकिन जल्द ही फोटो-ऑप्स के साथ भुला दिए गए। फोटो सेशन पटना तक किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा नहीं किया गया था, जब वे मुआवजे के रूप में मृतक के परिवारों को चेक वितरित करने के लिए वहां गए थे। इसके बाद बाजार थाना क्षेत्र के रूबी मोटर्स व रूबी प्राइड होटल में आग लगने से दम घुटने से आठ और लोगों की मौत हो गई। उस समय भी सभी संबंधितों द्वारा बयान दिए गए थे। इन दोनों घटनाओं के बाद विस्तृत जांच, कमियों की पहचान और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए की जाने वाली कार्रवाई की सिफारिशों और ऐसी स्थितियों से अधिक कुशल तरीके से निपटने की किसी भी रिपोर्ट की जानकारी किसी को नहीं है।

## अनाधिकृत भवनों को गिराने को लेकर उच्चस्तरीय बैठक 25 को : मंत्री




हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने कहा कि राज्य सरकार 25 जनवरी को एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित करेगी और रामगोपालपेट आग दुर्घटना के बाद जुड़वां शहरों में अनधिकृत इमारतों के विध्वंस पर कार्रवाई की योजना के बारे में चर्चा करेगी।

शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव के साथ सांसद लिंगैया यादव और विधायक एम. गोपाल ने कहा कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, जुड़वां शहरों में 25,000 से अधिक अनधिकृत इमारतें हैं, जो दशकों से अग्नि सुरक्षा मानदंड के बिना चल रही हैं।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों के साथ चर्चा के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाएगी। मंत्री तलसानी ने कहा कि हम एक बार में सभी अनधिकृत इमारतों को ध्वस्त नहीं कर सकते हैं क्योंकि इसमें बड़े पैमाने पर रोजगार और अन्य मामलों की भागीदारी है। हम चरणबद्ध तरीके से अवैध वाणिज्यिक संचालन को रोकने और जितना संभव हो उतना कम करने के लिए कदम उठाएंगे। मंत्री ने रामगोपालपेट आग दुर्घटना के बाद राज्य सरकार के खिलाफ निराधार टिप्पणी करने के लिए केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी की भी आलोचना की और कहा कि आग दुर्घटनाओं के मामले का भी राजनीतिकरण करना उचित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी, जो सिकंदराबाद लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, राज्य के विकास के लिए केंद्र से धन लाने में विफल रहे हैं और वह अपने स्वयं के संसद क्षेत्र को विकसित करने के बजाय एक राजनीतिक पर्यटक की तरह काम कर रहे हैं। तलसानी ने कहा कि राज्य सरकार अनधिकृत भवनों और अन्य अवैध व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की योजना बनाने के लिए एक सर्वदलीय बैठक आयोजित करने की भी योजना बना रही है।

## हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का प्रयास : शांति कुमारी

### मुख्य सचिव ने संसदीय समिति को स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी जानकारी दी



हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पर संसदीय स्थायी समिति ने आज राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बातचीत की। भुवनेश्वर कलिता की अध्यक्षता वाली समिति में लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सदस्य शामिल हैं। संसदीय समिति हैदराबाद के अध्ययन दौरे पर है। समिति ने मुख्य सचिव शांति कुमारी और अन्य अधिकारियों के साथ मानसिक स्वास्थ्य देखभाल और समकालीन समय में इसके प्रबंधन और प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के कार्यान्वयन पर चर्चा की। मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य क्षेत्र में राज्य सरकार की विभिन्न पहलों की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित कर प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचा तैयार कर रही है। सरकार ने हाल ही में बड़े पैमाने पर भर्ती अभियान भी चलाया है। सरकार ने केसीआर किट योजना शुरू की जिसमें गर्भवती महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि कंटी वेलुगु कार्यक्रम परिहार्य अंधापन मुक्त तेलंगाना के लिए काम करने के मिशन के साथ शुरू किया गया है। समिति के सदस्यों ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की सराहना की और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए किए गए उपायों की भी सराहना की। सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण रिजवी, सचिव शिक्षा वकाती करुणा, आयुक्त स्वास्थ्य श्वेता मोहंती, निदेशक स्कूल शिक्षा देवसेना, निदेशक लोक स्वास्थ्य श्रीनिवास राव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## माह के अंत में हैदराबाद में बेमौसम बारिश की संभावना

हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भीषण ठंड की स्थिति से जूझने के बाद, हैदराबाद में महीने के अंत में बेमौसम बारिश हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ अगले सप्ताह से शहर में बारिश शुरू कर सकता है। इस दौरान ओलावृष्टि की भी आशंका है। 26 जनवरी से, धुंध के साथ आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और लगभग तीन दिनों तक मध्यम से भारी बारिश होगी। बारिश के मौसम के आने तक, ठंड की स्थिति शहर पर स्थिर पकड़ बनाए रखेगी क्योंकि औसत न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिर सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, हैदराबाद में 157.1 मिमी के सामान्य निशान के मुकाबले 148.5 मिमी वर्षा के साथ 'सामान्य' पूर्वोत्तर मानसून का मौसम (अक्टूबर से दिसंबर) देखा गया। आमतौर पर सर्दियों की बारिश शहर में नगण्य होती है। हालांकि, 2020 में, 36.8 मिमी की रिकॉर्ड बारिश देखी गई।

## तेलंगाना में ईको-टूरिज्म को प्रोत्साहित करें : इन्द्रकरण

### अमराबाद टाइगर रिजर्व में ईको-टूरिज्म कार्यक्रम का शुभारंभ




हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वन एवं पर्यावरण मंत्री ए. इंद्रकरन रेड्डी ने कहा कि राज्य में रिस्पॉन्सिबल ईको टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके हिस्से के रूप में, वन क्षेत्रों और बाघ अभयारण्यों के पास अधिक ईको-पर्यटन क्षेत्रों को विकसित किया जाएगा। मंत्री निरंजन रेड्डी के साथ, उन्होंने अमराबाद टाइगर रिजर्व के भीतर पूरी की गई विभिन्न इको-टूरिज्म परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मंत्री ने कहा कि तेलंगाना राज्य में एक-एक करके अद्भुत और सुंदर प्राकृतिक क्षेत्र सामने आ रहे हैं। उनकी विशिष्टता को बनाए रखते हुए उन्हें लोगों के करीब लाने का प्रयास किया जाएगा। मंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और पर्यटकों की उपस्थिति में अमराबाद टाइगर रिजर्व के भीतर मन्नानुर में एक इको-टूरिज्म रिसॉर्ट, छह कॉटेज और आठ नए सफारी वाहनों का उद्घाटन किया। एक पोर्टल शुरू किया गया है ताकि पर्यटक अब अमराबाद में एक दिन के लिए टाइगर स्टे पैकेज की ऑनलाइन बुकिंग कर सकें। वन विभाग ने घोषणा की है कि अमराबाद में आगंतुकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए नए प्रशिक्षित गाइड उपलब्ध होंगे। जंगल की सीधी निगरानी के लिए आज से 10 नए लाइव सर्विलांस कैमरों ने काम करना शुरू कर दिया है। मंत्री ने जूट बैग निर्माण, स्वास्थ्य क्लिनिक, प्लास्टिक रीसाइक्लिंग केंद्र और बायो लैब का दौरा किया, जो स्थानीय आदिवासी और चेंचू महिलाओं को रोजगार प्रदान करता है, और वहां काम करने वालों से विवरण मांगा। मंत्री ने अनुरोध किया कि अमराबाद के साथ-साथ वन क्षेत्रों में यात्रा करने वाले और यात्रा करने वाले सभी जिम्मेदार हों। उन्होंने कहा कि सभी वनों को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया है और वन्य जीवों को नुकसान पहुंचाने वाले प्लास्टिक को वनों से दूर रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वन जो कि राष्ट्रीय धरोहर हैं, में आग से बचाव करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इन कार्यक्रमों में सांसद पी. रामुलू, स्थानीय विधायक सचेतक गुवाला बलराजू, वन निगम अध्यक्ष प्रताप रेड्डी, पीसीसीएफ एवं एचओएफएफ ने भाग लिया। आर.एम. डोबरियाल, पीसीसीएफ (कंपा) लोकेश जायसवाल, एफडीसी वीसी और एमडी चंद्र शेखर रेड्डी, अमराबाद फील्ड डायरेक्टर क्षितिजा, डीएफओ नगर कुरनूल रोहित, एफडीओ नवीन रेड्डी, बी. विशाल, वाई. श्रीनिवास, सर्वेश्वर, स्थानीय जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाएगा : सीईओ

### थीम गीत "मेरा भरत हूं" रहेगा, आधार-वोटर लिंकेज को जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है



हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज ने राज्य के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) को ईसीआई के निर्देशानुसार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस (एनवीडी) मनाने का निर्देश दिया। उन्होंने आगे सभी को एनवीडी प्रतिज्ञा दिलाने और जिलों में एनवीडी समारोह में और अपने-अपने जिलों में प्रत्येक बूथ पर "मैं भारत हूं" गीत बजाने के लिए कहा है। इसके अलावा, चुनाव से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अच्छा काम करने वाले अधिकारियों को पुरस्कार दिए जाएंगे। विकास राज ने कहा कि ईसीआई ने स्पीड पोस्ट के माध्यम से सभी नए नामांकित मतदाताओं के दरवाजे पर नए रंगीन पीवीसी ईपीआईसी कार्ड की डिलीवरी के लिए निर्देश जारी किए हैं। 15.6 लाख ईपीआईसी कार्डों में से लगभग 14 लाख एपिक कार्ड मुद्रित किए गए हैं और उन सभी मतदाताओं को स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजे गए हैं, जिन्हें दिसंबर 2019 से सितंबर, 2022 तक ईपीआईसी कार्ड नहीं दिए गए थे। जिन लोगों ने ड्राफ्ट रोल के प्रकाशन के बाद आवेदन किया है, सीईओ ने कहा और शीघ्र ही वितरित किया जाएगा। उन्होंने डीईओ से अगले कुछ दिनों में आधार को ईपीआईसी से जोड़ने का काम पूरा करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने आगे डीईओएस को अगले 2-3 सप्ताह में फोटो समान प्रविष्टियों (पीएसई) के दूसरे चरण के क्षेत्र सत्यापन और निपटान पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा। कुल लगभग 12.55 लाख फोटो समान प्रविष्टियां हैं, जिन्हें हाल ही में ईसीआई द्वारा पहचाना गया था, जो विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में समान तस्वीरों वाले मतदाताओं की प्रविष्टियां हैं। बीएलओ इनमें से प्रत्येक प्रविष्टि का फील्ड वेरिफिकेशन करेंगे और चेकलिस्ट के साथ अपनी फील्ड वेरिफिकेशन रिपोर्ट जमा करेंगे, जिसके आधार पर ईआरओ आगे आवश्यक कार्रवाई करेगा।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com




## कांस्टेबल के परिवार को चेक सौंपा




हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शमीरपेटे थाने में कार्यरत 2020 बैच के पुलिस कांस्टेबल शरीफ की हाल ही में ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में मौत हो गई थी। पेट बशीराबाद एसीपी रामलिंगराजू और शमीरपेट इंस्पेक्टर सुधीर की उपस्थिति में शरीफ की पत्नी और उनके परिवार के सदस्यों को सीपी द्वारा 25 लाख रुपये का चेक सौंपा गया। सीपी ने कहा कि वे पुलिस विभाग के लिहाज से वे अपने परिवार के सदस्यों का समर्थन करेंगे। बैठक में साइबराबाद सीपी के साथ साइबराबाद ट्रैफिक ज्वाइंट सीपी नारायण नाइक, क्राइम डीसीपी कलमेश्वर सिंघंवर, बालानगर डीसीपी संदीप, एडमिन डीसीपी इंदिरा, सीसीएस एडीसीपी नरसिम्हा रेड्डी, एडीसीपी, एसीपी, इंस्पेक्टर, डीआई और अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट ने अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों के आवंटन पर सुनवाई को 27 तक टाला

हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। उच्च न्यायालय ने आज अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के आवंटन से संबंधित एक मामले पर सुनवाई को 27 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दिया। यह मामला केंद्र सरकार के आदेशों के कार्यान्वयन के निलंबन के आवंटन से संबंधित है। सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेशन ट्रिब्यूनल (कैट) ने नौ आईएएस अधिकारियों और दो आईपीएस अधिकारियों को तेलंगाना से पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश भेजने का आदेश दिया है।

इनमें से कुछ आईएएस अधिकारी हैं-वाणी प्रसाद, वी. करुणा, रोनाल्ड रोज, आम्रपाली और आईपीएस अधिकारी डीजीपी अंजनी कुमार। केंद्र सरकार ने कैट के आदेशों को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और कैट के आदेशों को रद्द करने का आग्रह किया। केंद्र सरकार ने प्रत्यूष सिन्हा समिति की सिफारिशों के अनुसार एपी राज्य के विभाजन के समय तेलंगाना राज्य में कार्यरत 11 अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों को पड़ोसी एपी को आवंटित किया था। अखिल भारतीय सेवा के 11 अधिकारियों ने केंद्र सरकार द्वारा एपी राज्य को उनके आवंटन को चुनौती देते हुए कैट से संपर्क किया। कैट ने अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के पक्ष में आदेश पारित किया और उन्हें तेलंगाना राज्य में काम करने के लिए कहा। मामला 2017 से उच्च न्यायालय में लंबित था। अधिकारी उत्साह के साथ उच्च न्यायालय के आदेशों की प्रतीक्षा कर रहे थे क्योंकि यह उनके कैडर आवंटन पर उनके भाग्य का फैसला करेगा।

## आंप्र में वापस जाएं रज्य कैडर के सभी आईएएस व आईपीएस अधिकारी : रघुनंदन राव



हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दुब्बका भाजपा विधायक एम. रघुनंदन राव ने कहा है कि उन्होंने तेलंगाना में कार्यरत आंध्र प्रदेश कैडर के आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में शिकायत दर्ज कराई थी। रघुनंदन राव ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस मामले पर स्पष्टीकरण दिए जाने के बावजूद अभी भी एपी कैडर के 15 अधिकारी नियम के खिलाफ तेलंगाना में काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि जैसे पूर्व मुख्य सचिव सोमेश कुमार को उनके आवंटित राज्य आंध्र प्रदेश वापस भेज दिया गया था, वैसे ही तेलंगाना में काम करने वाले अन्य सभी को भी उनके आवंटित राज्य में वापस भेज दिया जाना चाहिए। भाजपा विधायक ने कहा कि डीजीपी अंजनी कुमार को भी उनके आवंटित राज्य आंध्र प्रदेश वापस भेज दिया जाना चाहिए।

इस बीच, रघुनंदन राव ने मुख्य सचिव ए. शांति कुमारी को एक खुला पत्र लिखकर मियांपुर भूमि घोटाले में रंगा रेड्डी जिला कलेक्टर अमॉय कुमार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि अमॉय कुमार ने सर्वे संख्या 78 से संबंधित जमीन के आवंटन में पक्षपात किया है।

कलेक्टर ने एक व्यवसायी को आवंटित 8 एकड़ जमीन के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका दायर की, जबकि आंध्र प्रदेश के एक व्यक्ति को 40 एकड़ सरकारी जमीन की बिक्री की अनुमति दी। उन्होंने मुख्य सचिव से आग्रह किया कि 40 एकड़ जमीन की बिक्री के खिलाफ जिला कलेक्टर को एसएलपी दायर करने का निर्देश दिया जाए क्योंकि इससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान होगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने सड़क किनारे सार्वजनिक सभाओं पर प्रतिबंध मामले को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के पास भेजा

नई दिल्ली/हैदराबाद, 20 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश में सड़क के किनारे सार्वजनिक सभाओं पर प्रतिबंध के मामले को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के पास भेज दिया है। चीफ जस्टिस (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा कि फिलहाल वो मेरिट पर कुछ नहीं कह रहे हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट को बताया गया था कि हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई 23 जनवरी को तय है. इससे पहले सुप्रीम कोर्ट आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई को तैयार हो गया था। दरअसल हाईकोर्ट ने सड़क के किनारे सार्वजनिक सभाओं को प्रतिबंधित करने वाले सरकारी आदेश पर 23 जनवरी तक रोक लगा दी थी। आंध्रप्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने 23 जनवरी तक सार्वजनिक सड़कों और राजमार्गों पर रैलियों और सभाओं पर प्रतिबंध लगाने वाले राज्य सरकार के आदेश के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी है। तेदेपा प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू द्वारा संबोधित कार्यक्रमों के दौरान दो भगदड़ में 11 लोगों के मारे जाने के बाद सार्वजनिक सभाओं को प्रतिबंधित करने के लिए राज्य सरकार ने यह आदेश जारी किया था।

**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**सं. सी/सी/ई-आक्शन्स कैटलाग/एससी/2022-23 दि.20.01.2023**

PUB/0071

**मंडलीय रेल प्रबंधक का कार्यालय, वाणिज्यिक शाखा, पहला तल, संचालन भवन, सिकंदराबाद डिवीजन**

कृते भारत के राष्ट्रपति, संघीय गणराज्य की ओर से, वरिष्ठ मंडलीय वाणिज्यिक प्रबंधक, सिकंदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे व्दारा वाणिज्यिक आय अनुबंध या कमर्शियल एर्निंग्स कांट्राक्ट्स तथा एनएफआर कांट्राक्ट्स के लिए ई-नीलामी आमंत्रित है। तदनुसार, एससी डिवीजन ने निम्न श्रेणियों के लिए ई-नीलामी संसाधित की है, जिसे https://www.ireps.gov.in/website पर अधिसूचित किया गया है।

| श्रेणी | केटलाग नं. | नीलामी शुरु तिथि | नीलामी बंद तिथि | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| विविध स्थिर | एससी - कोचरेस्ट-01 | 25-01-23 12:00 | 25-01-23 12:50 | 5 वर्ष की अवधि के लिए सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन, सेवाएं नेकलेस रोड रेलवे स्टेशन तथा हायटेक सिटी रेलवे स्टेशनों पर रेल कोच रेस्टारंट के संचालनार्थ अनुबंध देने हेतु नीलामी (आक्शन फार एवार्ड आफ कांट्राक्ट) |

इच्छुक पार्टीज तथा ठेकेदारगण इस पर ध्यान दें एवं ई-नीलामी सूचना की अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन करें। पूछताछ/ स्पष्टीकरणों के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पर संपर्क करें।

A0110 **वरिष्ठ मंडलीय वाणिज्यिक प्रबंधक, सिकंदराबाद**

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.